हिन्दी दैनिक

रोजनामा इन्डो गल्फ

www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना, शुक्रवार | 20 सितम्बर 2024 | वर्ष : 02 | अंक : 127 | पृष्ठ -14 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण

ब्रीफ न्यूज

स्वच्छता से ही भारत स्वस्थ और विकसित बनेगा: राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी

नई दिल्ली: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को लोगों को स्वच्छता की दिशा में आगे आने और कदम उठाने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता से ही भारत स्वस्थ और विकसित बनेगा।उज्जैन में सफाई मित्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुर्मू ने स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार सातवीं बार शीर्ष पर रहने के लिए मध्यप्रदेश के इंदौर शहर और देश में सबसे स्वच्छ राज्य की राजधानी होने के लिए भोपाल की भी प्रशंसा की।उन्होंने कहा, ह्यह्यसफाई मित्रों को सम्मानित करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। स्वच्छता से ही देश स्वस्थ और विकसित बनेगा। सफाई मित्रों को सम्मानित करके हम खुद को सम्मानित कर रहे हैं।मुर्मू ने लोगों से देश को ह्यस्वच्छ, स्वस्थ और विकसितह्ल बनाने के लिए एक कदम आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) पिछले 10 वर्षों में एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन गया है और इसके परिणामस्वरूप देश में व्यापक बदलाव हुए हैं।

नवादा आगजनी कांड को लेकर एक्शन में सीएम,

उच्च स्तरीय जांच के दिए आदेश, कहा- दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

घटना की जांच के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक तथ्यान्वेषी दल भी मौके पर भेजा गया था। सत्तारूढ़ जद (यू) के प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि दलितों को डरना नहीं चाहिए, जबकि विपक्ष ने बिहार सरकार पर उनकी रक्षा करने

एजेंसी

पटना: बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा में कथित आगजनी की जांच के आदेश दिए हैं। बताया जा रहा है कि इसमें दलित समुदाय के लोगों को निशाना बनाया गया था। जमीन विवाद को लेकर बुधवार शाम कथित तौर पर करीब 80 घरों में आग लगा दी गई। नीतीश कुमार ने बिहार के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर को नवादा जाकर घटनास्थल का निरीक्षण करने का आदेश दिया है। घटना पर सीएम नीतीश कुमार ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक भी की। बैठक में उन्होंने कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी, किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। घटना की जांच के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक तथ्यान्वेषी दल भी मौके पर भेजा गया था। सत्तारूढ़ जद (यू) के प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि दलितों को डरना नहीं चाहिए, जबकि विपक्ष ने बिहार सरकार पर उनकी रक्षा करने में सक्षम नहीं होने का आरोप लगाया।एक वीडियो संदेश में, रंजन ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भी आश्वासन दिया। घटना पर टिप्पणी करते हुए, नवादा के जिला मजिस्ट्रेट आशुतोष कुमार वर्मा ने बताया,

ह्लजिला पुलिस ने घरों में आग लगाने के आरोप में 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। आगे की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है, और शेष संदिग्धों को पकड़ने के लिए तलाशी जारी है। बिहार के नवादा जिले में बुधवार शाम जमीन विवाद को लेकर लोगों के एक समूह ने करीब 21 घरों में आग लगा दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना मुफस्सिल थाना अंतर्गत मांझी टोला इलाके में हुई। नवादा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिनव धीमान ने संवाददाताओं को बताया, ह्लशाम करीब साढ़े सात बजे सूचना मिली कि नवादा के मांझी टोला इलाके में कुछ घरों में आग लगा दी गई है। पुलिस अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ियों को भी लगाया गया। आग बुझाने में कुछ समय लगा।ह्व वहीं ग्रामीणों ने बताया कि शाम करीब सात बजे पुलिस का एक दल आया और घरों में आग लगाना शुरू कर दिया।

एक देश एक चुनाव पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। खास बात है कि केंद्र सरकार के इस फैसले का चुनाव बिहार में ठऊअ यानी नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथी दलों ने भी किया है। कहा जा रहा है कि यह पहला मौका है जब बिहार के साथी दल और भारतीय जनता पार्टी के सुर किसी मुद्दे पर एक हुए हैं। दरअसल, इससे पहले जनता दल (यूनाइटेड) और लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) की लेटरल एंट्री और वक्फ बोर्ड बिल के मामले में राय अलग थी।

बिहार में बड़ा भाई कौन है इस मुद्दे पर बिहार में सियासत तेज है. इस पर विवाद तब गरमाया जब पटना में खउव्र के बड़े नेता और बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी ने कह दिया कि, बिहार ठऊअ में नीतीश कुमार और खउव्र की भूमिका बड़े भाई वाली है. अशोक चौधरी का बयान सुनते ही भाजपा ने भी पलटवार किया बीजेपी की तरफ से कहा गया कि ठऊअ एक परिवार की तरह है जिसमें कोई छोटा या बड़ा नहीं है. बिहार ठऊअ का एकमात्र लक्ष्य बिहार में 2025 में फिर से ठऊअ की सरकार बनाना है.वन नेशन वन इलेक्शन के मुद्दे पर जेडीयू, लोजपा (र) और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) कैबनेट के प्रस्ताव का समर्थन करते नजर आ रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर को लेकर क्या मोदी का वादा और इरादा, अब तीन खानदानों के शिकंजे में नहीं रहेंगे लोग

एजेंसी

जम्मू-कश्मीर: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में है। उन्होंने वहां सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने उनका अभिनंदन किया। आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर में 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए तीन चरणों में मतदान होगा। पहले चरण का मतदान 18 सितंबर को हुआ था, अन्य दो चरण 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को होंगे। मतगणना 8 अक्टूबर को होगी। अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में आप आए हैं। नौजवानों का ये उत्साह, बुजुर्गों की आंखों में शांति का संदेश और इतनी बड़ी मात्रा में माताएं-बहनें... ये नया कश्मीर है। मोदी ने कहा कि हम सबका मकसद जम्मू-कश्मीर की तेज तरक्की है। जम्मू-कश्मीर की तेज तरक्की का जज्बा और बुलंद करने के पैगाम के साथ

नरेंद्र मोदी ने कहा कि किश्तवाड़ में 80% से ज्यादा वोटिंग, डोडा में 71% से ज्यादा वोटिंग, रामबन में 70% से ज्यादा और कुलगाम में 62% से ज्यादा वोटिंग हुई है।

आज मैं आपके बीच आया हूं। मैं देख रहा हूं कि आज मेरे कश्मीर के भाई-बहन खुशामदीद पीएम कह रहे हैं। मैं तहेदिल से उनका शुक्रिया अदा करता हूं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में इस वक्त जम्हूरियत का त्योहार चल रहा है। कल ही यहां 7 जिलों में पहले दौर की वोटिंग हुई। पहली बार दहशतगर्दी के साए के बिना ये वोटिंग हुई। हम सभी के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है।

'कांग्रेस इतनी व्यस्त है कि दे रही तारीख पर तारीख...' महाराष्ट्र में सीट बंटवारे में देरी पर भड़के संजय राउत

एजेंसी

महाराष्ट्र :महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति और महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में एक बार फिर से दटराव देखने को मिल रही है। दोनों पक्षों ने अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू कर दी है। हालाँकि एमवीए में तनाव बढ़ता जा रहा है। बातचीत शुरू तो हो गई थी लेकिन वह बढ़ नहीं सकी है। यही कारण है कि शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने इसको लेकर निराशा जताया है। संजय राउत ने विधानसभा चुनावों के लिए सीट-बंटवारे की बातचीत में देरी के लिए महाराष्ट्र में कांग्रेस नेताओं को

जिम्मेदार ठहराया है।राउत ने कहा कि विपक्षी गठबंधन जिसमें उद्धव ठाकरे की शिवसेना, कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) शामिल हैं, कुछ क्षेत्रीय खिलाड़ियों के साथ, सीट-बंटवारे से संबंधित मुद्दों को सुलझाने के लिए मुंबई में एक साथ बैठेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन दिनों बहुत व्यस्त है, लेकिन फिर भी हमने इसे (बातचीत) खत्म करने के लिए उन्हें बुलाया है। हमने कांग्रेस नेताओं को आमंत्रित किया है। वे इतने व्यस्त हैं कि हर दिन 'तारीख पे तारीख' होती है। इसलिए हमने फैसला किया कि हम अगले तीन दिनों तक एक साथ बैठेंगे। मंगलवार को, सेना सांसद ने कहा कि तीनों दलों के नेता बुधवार से शुक्रवार तक सीट बंटवारे पर बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि मुंबई पर बातचीत लगभग तय हो चुकी है लेकिन क्षेत्रवार चर्चा करने की जरूरत है क्योंकि महाराष्ट्र एक विशाल राज्य है।

रूस और यूक्रेन दोनों से भारत कर रहा बात, विदेश सचिव बोले- प्रस्ताव को लार्ज लेबल पर रखा जाएगा

एजेंसी

नई दिल्ली: रूस और यूक्रेन के बीच 900 से भी अधिक दिनों से जंग जारी है। भारत रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित करने में जुटा है और हर पक्ष से बातचीत कर रहा है। 23 अगस्त को ही यूक्रेन के राष्ट्रपति ये कहते हैं कि इस जंग को केवल भारत ही रुकवा सकता है। क्योंकि पुतिन पर भारत का काफी प्रभाव है। इस बयान के करीब 15 दिनों के भीतर पुतिन ने भारत को लेकर बड़ा बयान दे दिया। जिससे रूस और यूक्रेन के बीच शांति की कोशिशें शुरू हो सकती हैं। रूस के राष्ट्रपति ने कहा कि वो जंग के बीच

यूक्रेन से बातचीत को तैयार हैं।विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री ने रूस और यूक्रेन का दौरा किया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति बाइडेन और राष्ट्रपति पुतिन से बात की और जब हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी रूस गए।

शिवराज सिंह चौहान ने कृषि मंत्रालय का पेश किया रिपोर्ट कार्ड, बोले-

किसानों का कल्याण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

एजेंसी

नई दिल्ली: कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए सरकार के 100 दिन पूरे होने पर कृषि मंत्रालय का रिपोर्ट कार्ड पेश किया है।इस दौरान शिवराज ने साफ तौर पर कहा कि कृषि और किसान कल्याण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कृषि में तकनीक का उपयोग बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने डिजिटल कृषि मिशन को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के लिए कृषि और किसान कल्याण



सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 100 दिनों में किसान कल्याण और कृषि के विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य हुआ है।शिवराज ने कहा कि फसल का उत्पादन बढ़ाने के लिए 65 फसलों की 109 नई किस्में जारी की गईं, जो जलवायु अनुकूल, कीट प्रतिरोधी और अधिक उपज वाली हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभालते ही लगभग साढ़े 9 करोड़ किसानों के खाते में 'पीएम किसान सम्मान निधि' की 17वीं किस्त जारी की।साथ ही हमने छूटे हुए 25 लाख किसानों के नए नाम भी जोड़े।

केंद्र सरकार की गैरजिम्मेदाराना गतिविधियों के कारण बंगाल में आ रही बाढ़, ममता का नया आरोप

एजेंसी

पश्चिम बंगाल: पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि मुझे नहीं पता कि केंद्र सरकार डीवीसी (दामोदर घाटी निगम) के साथ इस मुद्दे को क्यों नहीं उठा रही है। उन्होंने बंगाल में सारा पानी छोड़ दिया है। केंद्र सरकार की गैरजिम्मेदाराना गतिविधियों के कारण बंगाल में बाढ़ क्यों आएगी? मुझे खेद है लेकिन यह बंगाल का पानी नहीं है। यह झारखंड का पंचेत का पानी है जो केंद्र सरकार के संगठन डीवीसी से आ रहा है।इससे पहले बीते दिनों ममता ने

कहा था कि 2009 के बाद से इस मात्रा में अब तक कभी पानी नहीं छोड़ा गया। मैंने उनसे अनुरोध किया था कि अधिक मात्रा में पानी न छोड़ा जाए।इसके बावजूद 3.5 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। हम डीवीसी के इस रवैये से नाराज हैं। यह मानव निर्मित बाढ़ की स्थिति बनाई गई। घाटाल को लेकर केंद्र सरकार के पास मास्टर प्लान की अर्जी दी गई लेकिन उन्होंने भी कुछ नहीं किया। राज्य सरकार की ओर से डीपीआर की व्यवस्था की जा रही है। यह डेढ़ हजार करोड़ का प्लान है।पश्चिम बंगाल और झारखंड में भारी बारिश के बाद बांधों से पानी छोड़े जाने के बाद पश्चिम बंगाल के हावड़ा, हुगली, बीरभूम, पश्चिम मिदनापुर, पूर्वी मिदनापुर, झारग्राम, बांकुरा, पुरुलिया, पश्चिम बर्दवान और पूर्वी बर्दवान जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है।

आतिशी के साथ ये पांच नेता लेंगे मंत्री पद की शपथ, एक नए नाम को भी मिल सकता है मौका

एजेंसी

नई दिल्ली: दिल्ली की मनोनीत मुख्यमंत्री आतिशी और उनका मंत्रिमंडल 21 सितंबर को पद की शपथ लेगा। आतिशी शनिवार को 5 कैबिनेट मंत्रियों के साथ शपथ लेंगी। सत्तारूढ़ दल ने शुरू में तय किया था कि केवल आतिशी ही शपथ लेंगी, हालांकि बाद में यह तय हुआ कि उनकी मंत्रिपरिषद भी शपथ लेगी। आतिशी के साथ शपथ लेने वाले नेताओं के भी नाम सामने आ गए है। सूत्र बता रहे हैं कि दिल्ली के चार अन्य मंत्री कैलाश गहलोत, सौरभ

भारद्वाज, गोपाल राय और इमरान हुसैन कैबिनेट पद बरकरार रखने के लिए तैयार हैं।इसके अलावा नए नाम के तहत मुकेश अहलावत की भी चर्चा जोरो पर है। कहा जा रहा है कि वह भी नई एंट्री के तहत आतिशी मंत्रिमंडल में शपथ ले सकते हैं। इससे पहले आतिशी वित्त, शिक्षा और राजस्व जैसे 14 विभागों का प्रबंधन कर रही थीं और अरविंद केजरीवाल के कारावास के दौरान उनकी भूमिका भी महत्वपूर्ण थी। कांग्रेस की शीला दीक्षित और बीजेपी की सुषमा स्वराज के बाद आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनेंगी। हालाँकि आतिशी को व्यापक रूप से इस भूमिका के लिए सबसे आगे देखा जा रहा था।

आर्टिकल 370 पर पाकिस्तान को उमर अब्दुल्ला की दो टूक

हमसे क्या वेना-देना, पहले अपना मुल्क संभालों

एजेंसी

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कथित तौर पर अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस-एनसी गठबंधन के रुख का समर्थन किया। उनका बयान ऐसे समय में आया है जब जम्मू-कश्मीर में 10 साल के बाद विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री को लेकर भाजपा कांग्रेस-एनसी गठबंधन पर हमलावर हो गई है। वहीं, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और उम्मीदवार उमर अब्दुल्ला का भी बयान सामने आया है। उमर अब्दुल्ला ने पाकिस्तान को नसीहत दी है। अब्दुल्ला ने साफ तौर पर कहा कि पाकिस्तान को पहले अपने भीतर देखने की जरूरत है। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान का हमसे क्या लेना-देना? हम पाकिस्तान का हिस्सा भी नहीं हैं, उन्हें अपने देश का ख्याल रखने दीजिए। उन्होंने आगे कहा कि मुझे नहीं लगता कि उन्हें हमारे चुनावों में हस्तक्षेप करना चाहिए या हमारे चुनावों पर टिप्पणी करनी चाहिए। उन्हें अपना लोकतंत्र बचाना चाहिए, हम अपने लोकतंत्र में भाग ले रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों में बीजेपी के पास दिखाने के लिए कुछ नहीं है। मुझे नहीं पता कि पीएम मोदी ने आज श्रीनगर में क्या कहा, लेकिन मैं गारंटी के साथ कह सकता हूं कि उन्होंने तीन परिवारों पर बात की होगी।

'बीजेपी रही तो चुनाव धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा',

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर बोले तेजस्वी यादव

एजेंसी

पटना: केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकार के 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हालांकि, कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं। इन सब के बीच वन नेशन वन इलेक्शन पर राजद नेता तेजस्वी यादव का भी बयान सामने आया है। तेजस्वी ने मीडिया से कहा कि मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि बिल आने पर हम संसद में अपना रुख तय करेंगे।' उन्होंने कहा कि हम चुनाव के दौरान हमेशा कहते रहे हैं कि असंवैधानिक काम किया जा रहा है और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। राजद नेता ने आगे कहा कि आज वे एक राष्ट्र एक चुनाव ला रहे हैं, कल वे एक राष्ट्र एक पार्टी और फिर एक राष्ट्र एक नेता कहेंगे। उन्होंने कहा कि हम कहते रहे हैं कि बीजेपी आएगी तो चुनाव

धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा। झारखंड, दिल्ली और महाराष्ट्र के चुनाव अभी क्यों नहीं कराए गए? जाहिर है कि बीजेपी आएगी तो लोगों का वोट देने का अधिकार छिन जाएगा। इससे पहले राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि मेरी पार्टी हमेशा कहती है कि इस देश में एक देश एक चुनाव था, 1962 के बाद यह व्यवस्था टूट गई क्योंकि एक दल का प्रभुत्व समाप्त हो गया और कई क्षेत्रीय दलों ने राज्यों में सरकार बना ली।उन्होंने कहा कि अब अगर कोई सरकार गिर जाए तो आप क्या करेंगे? क्या आप राष्ट्रपति शासन लाएंगे? क्या आप अगले चुनाव तक राज्यपाल के माध्यम से सरकार चलाएंगे? लोगों का ध्यान बुनियादी मुद्दों से भटकाने के लिए ये लोग सजावटी चीजों में माहिर हैं। वे संघीय ढांचे की आत्मा को कुचलने की कोशिश कर रहे हैं, वे खत्म हो जाएंगे लेकिन यह विविधता बनी रहेगी।' झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह देश संघीय ढांचे से चलता है।

पिछले 10 वर्षों में हमने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बदलने के लिए व्यापक सुधारों की शुरूआत की है: प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

पटना: वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में कई देशों की भागीदारी यह दशार्ती है कि यह वैश्विक खाद्य उद्योग के सबसे प्रतिभाशाली लोगों के लिए एक जीवंत मंच है: प्रधानमंत्री

वाणिज्य मंत्री श्री पीयूष गोयल ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में निवेश को बढ़ावा देने और व्यापार करने में आसानी को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सीईओ राउंडटेबल की अध्यक्षता की।

वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के तीसरे संस्करण का उद्घाटन आज उपभोक्ता मामलों, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान और खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह बिट्टू ने किया।

कार्यक्रम में 50 से अधिक टङ्क्रक्क समर्थित खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का उद्घाटन, पीएमएफएमई के 25,000 लाभार्थियों को क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी का वितरण और 70,000 एसएचजी सदस्यों को बीज पूंजी की मंजूरी दी गई।

कार्यक्रम में स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के लिए दिए अपने संदेश में आयोजन के बारे में प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने दुनिया भर से आए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में कई देशों की भागीदारी यह दशार्ती है कि यह वैश्विक खाद्य उद्योग, अकादमिक और अनुसंधान के सबसे प्रतिभाशाली लोगों के लिए एक जीवंत मंच है, जहाँ वे एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का खाद्य तंत्र किसानों पर आधारित है। किसानों ने पोषण और स्वाद से भरपूर परंपराओं का निर्माण किया है। हम उनकी कड़ी मेहनत को नवोन्मेषी नीतियों और योजनाओं के माध्यम से समर्थन दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आधुनिक युग में, प्रगतिशील कृषि प्रथाओं, मजबूत प्रशासनिक ढांचों और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के माध्यम से हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि भारत खाद्य क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के लिए वैश्विक मानदंड

स्थापित करे। पिछले 10 वर्षों में हमने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बदलने के लिए व्यापक सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि 100% एफडीआई, प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकरण और उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन जैसे बहुआयामी प्रयासों के माध्यम से हम आधुनिक बुनियादी ढांचे, मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं और रोजगार सृजन का एक मजबूत तंत्र बना रहे हैं। श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे विजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा छोटे उद्यमों को सशक्त बनाना है। हम चाहते हैं कि हमारे एमएसएमई वैश्विक मूल्य श्रृंखला का एक अभिन्न हिस्सा बनें और साथ ही हम महिलाओं को सूक्ष्म उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय वर्ल्ड फूड इंडिया हमारे लिए व्यापार से व्यापार इंटरेक्शन, प्रदर्शनी, रिवर्स बायर-सेलर मीट्स (फ्हरट) और देश, राज्य और क्षेत्र-विशिष्ट सत्रों के माध्यम से दुनिया के साथ काम करने के लिए एक आदर्श मंच है इसके अतिरिक्त, फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित ग्लोबल फूड रेगुलेटर्स समिट वैश्विक नियामकों को एक मंच पर लाएगा। इनमें डब्ल्यूएचओ, एफएओ और कई प्रतिष्ठित घरेलू संस्थान शामिल होंगे जो खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता मानकों और सर्वोत्तम प्रथाओं जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे यकीन है कि खाद्य सुरक्षा बढ़ाने और खाद्य अपव्यय को कम करने के लिए खाद्य विकिरण, पोषण और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए पौधे आधारित प्रोटीन और सर्कुलर अर्थव्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रदर्शित किया जाएगा। आइए हम आगे बढ़ें और एक टिकाऊ, सुरक्षित, समावेशी और पोषणयुक्त दुनिया के निर्माण का सपना साकार करें।वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री चिराग पासवान की सह-अध्यक्षता में आज एक उच्च स्तरीय सीईओ राउंडटेबल का आयोजन किया गया। इसमें निवेश को बढ़ावा देने और व्यापार करने में आसानी को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया और इसमें 100 से अधिक सीएक्सओ (उड) शामिल हुए।

नाबालिग लड़की का शव बरामद मामले में कार्रवाई नहीं होने से नाराज लोगों ने किया सड़क जाम, समस्तीपुर पुलिस ने चटकायी लाठी

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मोहम्मद जुबैर

समस्तीपुर में बीते 16 सितंबर को खानपुर थाना क्षेत्र के शोभन गांव के पास बूढ़ी गंडक नदी से नाबालिक बच्ची का शव बरामद होने के मामले में अब तक कार्रवाई नहीं होने से नाराज लोगों ने पटेल गोलंबर के पास दरभंगा-समस्तीपुर-पटना मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप है कि घटना के तीन दिन बीतने के बाबजूद अब तक कोई कार्रवाई नही की गई है। जाम के दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगो ने आम राहगीरों से भी मारपीट किया। सड़क जाम के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

इधर जाम की सूचना पर सदर एसडीओ दिलीप कुमार, एएसपी संजय कुमार पांडेय, ट्रैफिक डीएसपी आशीष राज सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच कर जाम कर रहे लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। लेकिन प्रदर्शनकारी मानने को तैयार नही थे। जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर जाम को समाप्त कराया। इस दौरान पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को भी हिरासत में लिया है।

बीमा पर जीएसटी घटाने या इसे कर-मुक्त करने का प्रस्ताव विचाराधीन - सम्राट चौधरी

वरिष्ठसंवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

- डिप्टी सीएम ने कहा ,आयुष्मान कार्ड के लिए जागरूकता अभियान की जरूरत
- केंद्र सरकार के फ्री हेल्थ इंश्योरेंस का लाभ उठाने में बिहार को आगे बढाना जरूरी
- आयुष्मान कार्ड के लिए मात्र 40 लाख रजिस्ट्रेशन, लक्ष्य 6.34 करोड़
- पटना नगर निगम ने मिशन टोटल सेग्रीगेशन के तहत प्रशिक्षण पाएंगे 5 हजार कर्मचारी

पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार बीमा योजना पर जीएसटी 18 फीसद से घटा कर 5 फीसद करने या इससे कर-मुक्त करने पर विचार कर रही है।

श्री चौधरी ने कहा कि बिहार को बीमा योजनाओं से 1100 करोड़ की बड़ी राशि राजस्व के रूप में प्राप्त होती है।

केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से बिहार के अधिक से अधिक लोग पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज का लाभ उठा सकें, इसके लिए इस स्वास्थ्य बीमा योजना के प्रति जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि बिहार में 6 करोड़ 36 लाख लोगों के हेल्थ इंश्योरेंस का शेयर दिया गया था, लेकिन जीरो प्रीमियम वाली इस आयुष्मान भारत योजना के लिए मात्र 40 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया । यह स्थित जागरुकता अभियान चलाने से ही बदल सकती है।

पटना नगर निगम के मिशन टोटल सेग्रीगेशन कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में पहली बार स्वच्छता को राष्ट्रीय मुद्दा बनाया और स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की थी। उसी मिशन को आगे बढाने और उसे धरातल पर लागू करने के लिए पटना नगर निगम ने मिशन टोटल सेग्रीगेशन की शुरूआत की है।

श्री चौधरी ने कहा कि इस मिशन में सफाई इंस्पेक्टर, ड्राइवर, हेल्पर जैसे 5000 निगम कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें शैक्षिक संस्थाओं और सामाजिक संगठनों से भी सहयोग लिया जाएगा ।

मधुबनी शहर में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
अबु बकर

स्पेक्टर नीलमणि के नेतृत्व में मधुबनी शहर के जलधारी चौक, शंकर चौक महंतीलाल चौक कोतवाली चौक समेत कई जगह पर आज वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया इसमें इंस्पेक्टर नीलमणि ने बताया के आज लगभग ?300000 तीन लाख रुपया का जुमार्ना एवं चालान किया गया वहीं उन्होंने बताया कि कई के ज्यादातर लोग हेलमेट एवं प्रदूषण समेत गई के कागजात न रहने की वजह से चालान काटे गए है वही उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि सभी लोग सेफ चले क्योंकि आपके साथ आप सिंगल नहीं बल्कि के पूरा परिवार जुड़ा हुआ है आप हेलमेट लगाकर बाइक गाड़ी चलाएं बस हम सभी से आह्वान करते हैं हेलमेट और सीट बेल्ट का जरूर इस्तेमाल करें. आपकी जिंदगी अनमोल है ' आप सुरक्षित तो आपका परिवार सुरक्षित

*इस अवसर पर स्पेक्टर नीलमणि यातायात पुलिस, एम कुमार, यातायात पुलिस के कई जवान उपस्थित थे

कबाड़ व्यवसायी की गोली मारकर हत्या के विरोध में जाम व आगजनी, लगभग दो घंटे तक अस्त-व्यस्त रहा समस्तीपुर शहर

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मोहम्मद जुबैर

समस्तीपुर: कबाड़ व्यवसायी बेचू सेठ की हत्या से आक्रोशित लोगों ने गुरुवार सुबह शहर के मगरदही चौक को जामकर रोष जताया। सड़क जाम से पूरे शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गयी थी। खासकर समस्तीपुर-दरभंगा मार्ग पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया था। लोगों ने सड़क पर टायर भी जला रखा था। हालांकि पुलिस के समझाने पर लोगों ने जाम हटा लिया।

नगर थाना अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। हालांकि मृतक के परिजन ने अभी आवेदन नहीं दिया है।

विदित हो कि नगर थाना क्षेत्र के नीम गली में बुधवार की शाम बाइक सवार बदमाशों ने कबाड़ व्यवसायी बेचू सेठ की गोली मार कर हत्या कर दी थी। बताया गया है कि पोस्टमार्टम के बाद शव आने पर आक्रोशित लोगों ने मृतक के शव के साथ मगरदही चौक को जाम कर आवागमन ठप कर दिया। लोगों के आक्रोश को देखते हुए चौक के सभी दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकान बंद कर दी थी।वहीं जाम के कारण समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य मार्ग के अलावा रोसड़ा जाने वाली रोड में भी वाहनों का लंबा काफिला लग गया था। एक तरफ मगरदही घाट चौक से लेकर ओवरब्रिज और पटेल गोलंबर से मोहनपुर तक वाहन जाम में फंसे हुए थे। वहीं दूसरी ओर मगरदही पुल से लेकर बाजार समिति के आगे तक वाहनों की कतार लगी हुई थी। जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझा कर जाम हटा लिया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। जाम से करीब दो घंटे तक लोगों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा। पैदल जाने के अलावा कोई दूसरा मार्ग नहीं था।

60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग पेंशन के लिए करें आवेदन जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मोहम्मद जुबैर

जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, समस्तीपुर द्वारा संचालित योजनाओं में मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना अन्तर्गत राज्य के सभी आय वर्ग के वृद्धजन जिनकी उम्र 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के हो और जिन्हें केन्द्र / राज्य सरकार से कोई वेतन, पेंशन, पारिवारिक पेंशन या सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त नहीं कर रहे हो, ऐसे लाभार्थी अपना आवेदन संबंधित प्रखण्ड के आर०टी०पी०एस० काउन्टर पर अथवा अपनें सुविधानुसार (CSC/Cyber Cafe) में जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करते समय आधार कार्ड, वोटर कार्ड, बैंक खाता, सहमति पत्र-01 (पंचायत सचिव/मुखिया द्वारा सत्यापित), सहमति पत्र-02 (बैंक) की छायाप्रति तथा आवेदक का फोटो संलग्न करना आवश्यक होगा। 60 से 79 वर्ष के वृद्धजन को 400 रुपए प्रतिमाह एवं 80 वर्ष एवं अधिक उम्र के वृद्धजन को 500 रुपए प्रतिमाह उ्रळ के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भुगतान किया जाता है। मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना में समस्तीपुर जिला अन्तर्गत अबतक कुल-191569 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है।इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना अन्तर्गत बी०पी० एल० परिवार के 60 वर्ष एवं अधिक आयु के समस्त वृद्ध पुरुष/महिला जिन्हें केन्द्र/राज्य सरकार से कोई वेतन, पेंशन, पारिवारिक पेंशन या सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त प्राप्त नही कर रहे हो. ऐसे लाभार्थी अपना आवेदन संबंधित प्रखण्ड के आर०टी०पी०एस० काउन्टर पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करते समय आधार कार्ड, वोटर कार्ड, बैंक खाता, इढछ सूची की छायाप्रति तथा आवेदक का फोटो संलग्न करना आवश्यक होगा। 60 से 79 वर्ष के वृद्धजन को 400 रुपए प्रतिमाह एवं 80 वर्ष एवं अधिक उम्र के वृद्धजन को 500 रुपए प्रतिमाह उ्रळ के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भुगतान किया जाता है। इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में समस्तीपुर जिला अन्तर्गत अबतक कुल-127708 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है।

60 से 79 वर्ष के वृद्धजन को 400 रुपए प्रतिमाह एवं 80 वर्ष एवं अधिक उम्र के वृद्धजन को 500 रुपए प्रतिमाह उ्रळ के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भुगतान किया जाता है।

नवादा की घटना मानवता और सामाजिक सद्भाव पर गंभीर हमला : जनक राम

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

- दलित समुदाय पर अन्याय बर्दाश्त नहीं, दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए : जनक राम
- दलिलों की सुरक्षा, सम्मान सभी की सामूहिक जिम्मेदारी, नवादा की घटना को राजनीतिक मुद्दा बनाना पीड़ितों के साथ अन्याय : जनक राम

पटना, 19 सितंबर। बिहार के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री सह भाजपा के मुख्य प्रवक्ता जनक राम ने नवादा जिले में दलित बस्ती में हुई आगजनी की घटना को दुखद बताते हुए इस घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह घटना मानवता और सामाजिक सद्भाव पर गंभीर हमला है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से दलित समुदाय को इस अमानवीय कृत्य का शिकार बनाया गया है, वह न केवल समाज की नैतिकता पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि हमारे संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों के खिलाफ भी है।मंत्री जनक राम ने कहा कि हमारा देश और संविधान सभी नागरिकों को समानता, सम्मान और सुरक्षा प्रदान करता है, और इस घटना ने इन मूल्यों को ठेस पहुँचाई है। दलित समुदाय के साथ इस प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इस मामले के दोषियों को कानून के अनुसार कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया है और तुरंत एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की है। उन्होंने प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस मामले की विस्तृत और निष्पक्ष जांच की जाए। उनकी त्वरित कार्रवाई के तहत अधिकारियों ने दोषियों की पहचान कर कई गिरफ्तारियां की गई हैं। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि इस घृणित अपराध में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कानून के अनुसार कड़ी सजा दी जाएगी।साथ ही, पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता और मुआवजा प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे इस कठिन समय से उभर सकें। मंत्री जनक राम ने कहा कि मुख्यमंत्री जहां दोषियों पर कारवाई की बात कर रहे वहीं राहुल गांधी और विपक्ष द्वारा इस संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस तरह की घटनाओं पर राजनीतिक लाभ उठाने के बजाय, सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर इस कृत्य की निंदा करनी चाहिए और दोषियों को सजा दिलाने में सरकार का साथ देना चाहिए।

रोजनामा इंडो गल्फ, हिंदी दैनिक, तथा न्यूज इंडो गल्फ पोर्टल चैनल तथा यूट्यूब चैनल, के बारे में संक्षेप जानकारियां

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

इस रोजनामा इंडो गल्फ ,हिंदी दैनिक समाचार पत्र का प्रेस रजिस्टार जर्नल आफ इंडिया से पंजीयन प्रमाण पत्र संख्या.BIHHIN/2023/86924 है, अखबार का बिहार में सरकुलेशन 75400 है तथा इसका जीएसटी नंबर, 10AOJPJ5887R है,

पटना :- रोजनामा इंडो गल्फ के प्रकाशक, मालिक के द्वारा यह विज्ञप्ति जारी की गई है कि हमारा यह अखबार तथा न्यूज पोर्टल एवं यूट्यूब चैनल राष्ट्र के प्रति समर्पित एक निष्पक्ष खबरों को लिखने और चलाने में भरोसा रखता है, हमारी अटूट आस्था राष्ट्र के प्रति समर्पित है हमारा मूल मंत्र है पत्रकारिता एक मिशन, लिहाजा इसका संचालन भी हम बतौर मिशन ही कर रहे हैं हम भारत की एकता अखंडता तथा संप्रभुता की रक्षा के लिए ढूंढता से संकल्पित है, हम विभिन्न जाति-धर्म- लिंग-भाषा संप्रदाय और संस्कृति के प्रति निरपेक्ष भाव रखते हैं, खबरों के प्रकाशन में हम निष्पक्षता के साथ पत्रकारिता धर्म का पालन करते हैं, निष्पक्षता एवं निर्भीकता हमारी पहचान है और सर्वेक्षित सेवा करने वाले संवाददाता इस अखबार- न्यूज पोर्टल तथा युटुब चैनल के मेरुदंड है, अखबार पोर्टल तथा यूट्यूब चैनल पर प्रकाशित समाचारों विचारों तथा आलेखों से संपादक मंडल का सहमत होना जरूरी नहीं है प्रकाशित तमाम तथ्यों की पूरी जिम्मेदारी संवाददाताओं लेखकों तथा विश्लेषकों की होगी, इस रोजनामा इंडो गल्फ ,हिंदी दैनिक समाचार पत्र का प्रेस रजिस्टार जर्नल आफ इंडिया से पंजीयन प्रमाण पत्र संख्या.इक्क्ल्ल्क्ष/2023/86924 है, अखबार का बिहार में सरकुलेशन 75400 है तथा इसका जीएसटी नंबर, 10AOJPJ5887R है, हमारे अखबार- न्यूज पोर्टल तथा यूट्यूब चैनल में निम्न प्रकार से लोग हैं जिनका विवरण इस प्रकार से है,

मलिक प्रकाशक एवं मुद्रकः- डॉक्टर सरवर जमाल, संपादक :- श्रीमती शबाना परवीन, मैनेजिंग एडिटरः- डॉक्टर राजीव कुमार, डिप्टी एडिटरः- सुश्री तबस्सुम नवाज, यूट्यूब चैनल के सहायक संपादकः- रोहित कुमार यादव, अंतरराष्ट्रीय मार्केटिंग हेडः- सैयद इम्तियाजुल हसन, बिहार मार्केटिंग प्रबंधक :- परवर आलम, कंप्यूटर ऑपरेटरःसुश्री तनाज खातून, कैमरा मैनः- नियाज अहमद, पोर्टल चैनल के एंकरः- सुश्री खुशी धनखर, सिवान जिला के चीफ रिपोर्टरः- राजेश कुमार चौधरी, मोतिहारी से चीफ रिपोर्टरः- कपिल इकबाल ,सीतामढ़ी से चीफ रिपोर्टर :- सदरे आलम नोमानी ,मधुबनी से चीफ रिपोर्टरः- अबू बकर सिद्दीकी, समस्तीपुर से चीफ रिपोर्टरः- मोहम्मद जुबेर, महाराजगंज के चीफ रिपोर्टरः- मोहम्मद आरिफ, छपरा से चीफ रिपोर्टरः- शकील हैदर, पटना से क्राइम रिपोर्टरः- मोहम्मद नूर आलम, फिलहाल मेरे द्वारा इन्हीं सभी लोगों को आइडेंटी प्रमाण पत्र दिया गया है इसके अलावा कोई भी अभी मेरे इस अखबार- यूट्यूब- पोर्टल चैनल में संवाददाता या किसी भी पद पर नहीं है,

बिहार कांग्रेस के प्रभारी और सह प्रभारी का भव्य स्वागत, चुनावी मोड में आने का दिया टास्क

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

- बिहार कांग्रेस को सांगठनिक मजबूती देने के लिए प्रतिबद्ध हैं : बिहार प्रभारी मोहन प्रकाश
- देश में कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प : मोहन प्रकाश

पटना. गुरूवार, 19 सितंबर, 2024 बिहार कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी सचिव सुशील कुमार पासी और शाहनवाज आलम का प्रथम बिहार आगमन पर आज भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट से सदाकत आश्रम तक जगह पर प्रमुख चौराहे पर उन्हें फूल मालों से कार्यकताओं ने स्वागत किया। सदाकत आश्रम पहुंचकर बड़े नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन प्रदेश प्रभारी मोहन प्रकाश और प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में किया गया, जहां कांग्रेसजनों को उन्होंने संबोधन किया।बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश ने अभिनंदन समारोह में कहा कि चुनौतियां हमारे सामने बड़ी हैं और हमारे तीनों नवनियुक्त प्रभारी सचिव ऊजार्वान है और उनके योगदान से बिहार कांग्रेस को मजबूती देंगे। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस और हमारे नेता राहुल गांधी का भविष्य है और हम आगे बढ़ कर मजबूती से कांग्रेस को देश में पुनः स्थापित करने के लिए प्रयासरत हैं। बिहार कांग्रेस को सांगठनिक मजबूती देने के लिए एक एक कांग्रेस कार्यकर्ता प्रतिबद्ध हैं और देश में एकमात्र विकल्प कांग्रेस पार्टी ही है। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने बिहार में नवादा में हुए दलित परिवारों पर दबंगों के हमले से कुंठित होकर बोले कि राज्य में जदयू और भाजपा के राज में कोई सुरक्षित नहीं है। उन्होंने प्रभारी सचिव का अभिनंदन किया और मिलकर कांग्रेस की मजबूती के लिए काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दुहाराई। साथ ही उन्होंने बिहार कांग्रेस सेवा दल के यात्रा को लेकर शुभकामनाएं दी और सांगठनिक मजबूती के लिए कांग्रेस के सभी जिलाध्यक्षों को चुनावी मोड में आने की नसीहत भी दी।प्रभारी सचिव सुशील कुमार पासी ने कार्यकताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि बिहार देश को दिशा देने वाला राज्य है और यहां से पूरे देश में संदेश देने का काम हमें करना है। सांगठनिक मजबूती के लिए उन्होंने कार्यकताओं को अपनी जिम्मेदारी लेने के लिए आगे बढ़कर हमें काम करना होगा।प्रभारी सचिव शाहनवाज आलम ने कहा कि बिहार में कांग्रेस की बहुत संभावनाएं हैं और हमारे पार मजबूत संगठन है जिसे धारदार बनाने में हमलोग अपनी पूरी मेहनत करेंगे।इस दौरान बिहार कांग्रेस के प्रभारी सचिव देवेन्द्र यादव को मगध, मुंगेर, पटना प्रमंडल का प्रभार तो वहीं शाहनवाज आलम को कोसी पूर्णिया भागलपुर प्रमंडल और सुशील कुमार पासी को सारण, तिरहुत और दरभंगा प्रमंडल के प्रभारी के तौर पर जिम्मेदारी दी गई। मंच का संचालन प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष कौकब कादरी ने किया।बैठक में बिहार कांग्रेस प्रभारी मोहन प्रकाश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह, सांसद तारिक अनवर,
मनोज कुमार, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त सचिव सुशील कुमार पासी, शाहनवाज आलम, कांग्रेस विधायक दल के नेता डा0 शकील अहमद खान, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा0 मदन मोहन झा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव चंदन यादव, पूनम पासवान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो0 रामजतन सिन्हा, चंदन वागची, कौकब कादरी, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, शकीलउजमा अंसारी, अवधेश कुमार सिंह,प्रेमचन्द्र मिश्रा, वीणा शाही, संजीव प्रसाद टोनी, अफाक आलम, डा0 समीर कुमार सिंह, श्याम सुन्दर सिंह धीरज, डा0 अशोक राम, विधायक राजेश कुमार,अजित शर्मा,विजेन्द्र चैधरी, अबिदुर रहमान, संजय कुमार तिवारी,आनन्द शंकर, नीतू कुमारी, प्रतिमा कुमारी दास, अजय कुमार सिंह, विश्वनाथ राम, छत्रपति यादव, इजहारूल हुसैन, राजीव कुमार, संतोष मिश्रा, अजय निषाद, निर्मलेन्दु वर्मा, ब्रजेश पाण्डेय, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, बंटी चैधरी, लाल बाबू लाल कपिलदेव प्रसाद यादव,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मोत्सव पर सेवा

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
अबु बकर

सेवा पखवाड़ा मधुबनी मेंप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मोत्सव पर सेवा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 19 सितंबर को भाजपा युवा मोर्चा मधुबनी के जिला अध्यक्ष अशोक कुशवाहा के नेतृत्व में सदर अस्पताल मधुबनी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।जिस कार्यक्रम में मधुबनी सांसद अशोक यादव जी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष शंकर झा जी ने संयुक्त रूप से फिता काटकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया ।इस रक्तदान शिविर में भाजपा कार्यकर्ता के साथ-साथ हम लोगों ने भी रक्तदान किया इस अवसर सांसद अशोक यादव ने कहा कि प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी राष्ट्र कर्तव्य व्यक्तित्व है वहीं उपस्थित युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अशोक कुशवाहा ने कहा कि हम सभी युवाओं के आदर्श हैं आज हम सभी युवाओं के आदर्श है ।आज हम सभी युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने देश सेवा की लोगों को सहयोग के लिए रक्तदान शिविर आयोजन हुआ है।युवा मोर्चा रक्तदान के प्रति युवाओं को जागरूक करने का काम करेगी। रक्तदान करने वाली भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, प्रदेश प्रशिक्षण सह संयोजक दीपक ,कल्याण, जिला महामंत्री मुकेश यादव ,नवीन मराका, मिथुन कामत प्रभांशु झा देवेंद्र यादव प्रमोद सिंह सुबोध चौधरी जिला अध्यक्ष पूनम मलिक प्रतिमा रंजन राधा देवी मनोज कुमार मुन्ना सुनील मिश्र गौरी शंकर महतो राम पुकार अंकित कुमार, विनो राम आयुष सिंह मनीष करण चंदन चौधरी सक्सेना सिंह पिंटू कुमार अनिल सिंह अशोक राम इत्यादि दर्जनों भाजपा युवा कार्यकर्ता एवं आमजन ने रक्तदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया

अज्ञात चोर द्वारा शिवलिंग में लगा नाग देवता को चोरी कर ली गई

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

दिनांक-11.09.24 को रात्रि में भगवान बाजार थाना अंतर्गत बाबा बटुकेश्वर नाथ प्राचीन मंदिर (गाँधी विद्यालय के पास) से अज्ञात चोर द्वारा शिवलिंग में लगा नाग देवता को चोरी कर ली गई थी इस सम्बन्ध में मंदिर के पुजारी ध्रुव कुमार मिश्रा के द्वारा भगवान बाजार थाना में भगवान बाजार थाना काण्ड संख्या-475/24, दिनांक-12.09.24, धारा-303(2) बी0एन0एस0 दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। चोरी की पूरी घटना उउळश में कैद हो गई थी उउळश के आधार पर चोर की पहचान स्थानीय गुप्तचर के द्वारा कराई गई तो 1. जितेन्द्र कुमार सिंह, पिता- स्व० शंकर सिंह, सा०- ईनई, थाना- रिविलगंज जिला सारण के रूप में हुई। दिनांक-18.09.24 को संध्या गुप्त सुचना प्राप्त हुआ कि उक्त चोर दरोगा राय चौक पर घूम रहा हैं। उक्त सुचना पर उसकी गिरफ्तारी की गई और पूछ-ताछ किया गया तो चोरी की गई नाग देवता को राजेन्द्र स्टेडियम के पास कबाड़ी के दुकान में बेचने की बात बताई गयी। गिरफ्तार अभियुक्त जितेन्द्र कुमार सिंह, पिता- स्व० शंकर सिंह, सा०- ईनई, थाना-रिविलगंज, जिला-सारण के निशान देही पर चोरी की गई नाग देवता, मो० नौसाद, पिता- मो० यासीन, सा०- कुष्ट कोलनी (राजेन्द्र स्टेडियम), थाना- भगवानबाजार, जिला- सारण के घर दुकान से बरामद किया गया।

? गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पताः-

1. जितेन्द्र कुमार सिंह, पिता- स्व० शंकर सिंह, सा०- ईनई, थाना-रिविलगंज, जिला-सारण।2. मो० नौसाद, पिता- मो० यासीन, सा०- कुष्ट कोलनी (राजेन्द्र स्टेडियम), थाना- भगवानबाजार, जिला- सारण।

? जप्त/बरामद सामानों की विवरणीः-1. बाबा बटुकेश्वर नाथ मंदिर से चोरी गए नाग देवता की मूर्ति।2. एक अन्य नाग देवता की मूर्ति तथा 01 मंदिर का घंटा।

टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारीः-पु०नि०-सह-थानाध्यक्ष, सुभाष कुमार सिंह भगवानबाजार थाना, पु0अ0नि0 विद्यानंद ठाकुर, प्र0पु0अ0नि0 दिव्या कुमारी, प्र0पु0अ0नि0 राहुल कुमार, सि0 प्रकाश कुमार, म0सि0 पूजा कुमारी एवं थाना के अन्य कर्मी।

सेवा पखवारे पर सरकारी स्कूल में चलाया गया स्वच्छता अभियान, पठनीय सामग्री भी बांटी गई

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

- बच्चों को भी देश की मयार्दा समझ में आती है, लेकिन राहुल गांधी को नहीं : डॉ. दिलीप जायसवाल
- पीएम मोदी की प्राथमिकता में स्वच्छता : सम्राट चौधरी

पटना, 19 सितंबर। बिहार भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मनाए जा रहे सेवा पखवारा कार्यक्रम के तहत आज बिहार भाजपा द्वारा पटना के दीघा विधानसभा क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर शिव चंद्र माध्यमिक विद्यालय कुर्जी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी , पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक संजीव चौरसिया ने स्कूल परिसर में झाड़ू लगाये।

सेवा पखवारे पर सरकारी स्कूल में चलाया गया स्वच्छता अभियान, पठनीय सामग्री भी बांटी गई

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

- बच्चों को भी देश की मयार्दा समझ में आती है, लेकिन राहुल गांधी को नहीं : डॉ. दिलीप जायसवाल
- पीएम मोदी की प्राथमिकता में स्वच्छता : सम्राट चौधरी

पटना, 19 सितंबर। बिहार भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मनाए जा रहे सेवा पखवारा कार्यक्रम के तहत आज बिहार भाजपा द्वारा पटना के दीघा विधानसभा क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर शिव चंद्र माध्यमिक विद्यालय कुर्जी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी , पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक संजीव चौरसिया ने स्कूल परिसर में झाड़ू लगाये। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज सरकारी स्कूल के विद्यार्थी कम संसाधन में अच्छा परिणाम दे रहे हैं।यही कारण है कि भाजपा ने सरकारी स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया। उन्होंने स्कूली बच्चों को आने वाला भविष्य बताते हुए कहा कि आप अच्छा नागरिक बनें और राष्ट्रवाद का झंडा बुलंद करें। उन्होंने बच्चों से आसपास स्वच्छ रखने की भी अपील की। उपस्थित बच्चों से उन्होंने अपने देश के गौरव करने को लेकर नारे भी लगवाए।

इस दौरान इकट्ठे कचरे को डस्टबिन में डालकर कचरे को डस्टबिन में डालने का संदेश भी दिया।इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज सरकारी स्कूल के विद्यार्थी कम संसाधन में अच्छा परिणाम दे रहे हैं। यही कारण है कि भाजपा ने सरकारी स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया। उन्होंने स्कूली बच्चों को आने वाला भविष्य बताते हुए कहा कि आप अच्छा नागरिक बनें और राष्ट्रवाद का झंडा बुलंद करें। उन्होंने बच्चों से आसपास स्वच्छ रखने की भी अपील की। उपस्थित बच्चों से उन्होंने अपने देश के गौरव करने को लेकर नारे भी लगवाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को भी देश की मयार्दा समझ में आती है, लेकिन कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ऐसे नेता हैं, जिन्हें देश की मयार्दा भी समझ में नहीं आती है। उन्होंने कहा कि वे विदेश में देश का संविधान का भी अपमान करने से नहीं चूकते हैं। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी की प्राथमिकता में स्वच्छता है। सही अर्थों में देश स्वच्छता को भूल चुका था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता अभियान को गांव -गांव तक पहुंचाने का काम किया। आज शहर से लेकर गांव तक मे स्वच्छता की बात होती है। इस मौके पर पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आज देश विकास के पथ पर आगे बढ़ चुका है। बुनियादी सुविधाओं के अलावा हम स्वच्छता की बात भी करने लगे हैं।कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों के बीच कॉपी-कलम और स्टैंड बोर्ड बैग का भी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम मे प्रदेश महामंत्री शिवेश राम, प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमीत प्रकाश बबलु ,प्रभात मालाकार, वार्ड पार्षद सुचित्रा देवी, पंकज गुड्डू सहित कई कार्यकर्ता नेता उपस्थित रहे।

सेवा दल की बिहार न्याय यात्रा के पहले दिन जनता का मिला जोरदार समर्थन

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

- अखिलेश सिंह ने किया झंडोत्तोलन, तारिक अनवर ने दिखाई हरी झंडी
- पहले दिन पटना से नौबतपुर तक निकली बिहार न्याय यात्रा, स्मार्ट मीटर योजना के विरोध में उठी जनआवाज

पटना, 19 सितंबर 2024: बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल द्वारा आयोजित "बिहार न्याय यात्रा" का पहला दिन सफलता पूर्वक भारी समर्थन के साथ संपन्न हुआ। यह यात्रा सुबह 9:00 बजे पटना स्थित सातमूर्ति शहीद स्थल से प्रारंभ हुई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और सैकड़ों कार्यकताओं की उपस्थिति में यह पदयात्रा जनता के अधिकारों और स्मार्ट मीटर (प्रीपेड मीटर) योजना के विरोध में आयोजित की गई है। यात्रा की शुरूआत बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह द्वारा झंडोत्तोलन से की गई, जबकि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री तारिक अनवर ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। कांग्रेस सेवादल बिहार के मुख्य संगठक डॉ० संजय यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता इस पदयात्रा में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि सेवादल की यह न्याय यात्रा जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने वाली स्मार्ट मीटर योजना के खिलाफ है। राहुल गांधी के मागर्दर्शन में कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर इस अन्याय के खिलाफ खड़ा है और हम इस संघर्ष को हर हाल में जीतेंगे। श्री तारिक अनवर ने हरी झंडी दिखाते हुए कहा, "स्मार्ट मीटर योजना पूरी तरह से जनविरोधी है और इसे लागू करके सरकार जनता का आर्थिक शोषण कर रही है। यह यात्रा बिहार की जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और कांग्रेस पार्टी इस संघर्ष में पूरी तरह से साथ है। डॉ० संजय यादव ने पदयात्रा का नेतृत्व करते हुए कहा, यह यात्रा केवल विरोध का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह हमारे संकल्प का प्रतीक है कि हम जनता की आवाज को बुलंद करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान निकालेंगे। स्मार्ट मीटर योजना के खिलाफ यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक इसे वापस नहीं लिया जाता। यात्रा के दौरान पदयात्री गर्दनीबाग, चितकोहरा, फुलवारी होते हुए एम्स के रास्ते नौबतपुर पहुंचे। रास्ते में कई स्थानों पर आम जनता ने यात्रा का स्वागत किया और अपना जोरदार समर्थन दिया। नौबतपुर पहुंचने पर सभा का आयोजन किया गया, जहां कांग्रेस नेताओं ने जनता को संबोधित करते हुए राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना विरोध जताया और स्मार्ट मीटर योजना को वापस लेने की मांग की। पहले दिन की यात्रा का समापन नौबतपुर में हुआ, जहां पदयात्रियों ने इस आंदोलन को और तेज करने की शपथ ली। बिहार न्याय यात्रा 25 सितंबर 2024 तक जारी रहेगी और इसका समापन बोधगया में होगा। यात्रा के दूसरे दिन की शुरूआत कल नौबतपुर से होगी और यह पालीगंज तक पहुंचेगी।

समस्तीपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मोहम्मद जुबैर

समस्तीपुर जिला के वारिसनगर थाना अन्तर्गत दिनांक 19.09.2024 समय करीब 12:30 बजे मध्यरात्रि में गुप्त सूचना के आधार पर वारिसनगर थाना द्वारा विभिन्न कांडों में वांछित अपराधकर्मी रविकांत कुमार उर्फ रवि को ग्राम कमलावाहा से किया गया गिरफ्तार। अपराधकर्मी के पास से एक देशी कट्टा एवं एक गोली किया गया बरामद। अभियुक्त रविकांत कुमार उर्फ रवि, पिता ओमप्रकाश सहनी, सा० खेसड़ाही मालिकाना, थाना-पातेपुर, जिला-वैशाली (वर्तमान पता- सा०- अमसौर, थाना-खानपुर, जिला-समस्तीपुर) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है एवं अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतू छापेमारी की जा रही हैं।

बरामदगी :-

1. एक देशी कट्टा एवं एक गोली।

अपराधिक इतिहास :-

1. रोसड़ा थाना कांड सं0-125/24, दिनांक 08.06.24, धारा-392 भा०द० वि।

2. वारिसनगर थाना कांड सं0-152/24, दिनांक-10.06.24, धारा-392 भा०द० वि। 3. खानपुर थाना कांड सं0-160/24, दिनांक-02.08.24, धारा 309 (4) इ.ठ.र4. खानपुर थाना कांड सं-84/24, दिनांक-01.08.24 ऐसे कई मामले मे अभियुक्त को जेल भेजा गया

गंगा नदी एवं सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

- शुक्रवार से गंगा एवं सरयू नदी के जलस्तर में गिरावट की संभावना
- फिलहाल स्थिति नियंत्रण में, घबड़ाने की जरूरत नहीं :- प्रभारी जिलाधिकारी
- प्रभारी जिलाधिकारी, अपर समाहर्त्ता सहित सभी प्रखंडों के वरीय प्रभारी,अंचलाधिकारी एवं बाढ़ नियंत्रण के अभियंता लगातार फील्ड में भ्रमणशील रहकर स्थिति पर रख रहे हैं नजर
- आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रभावित पंचायतों में 86 नावों का हो रहा परिचालन, अन्य जगहों के लिये भी आवश्यकतानुसार नावों की हो रही है व्यवस्था

- प्रभारी जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की बैठक

सारण, छपरा 19 सितंबर, 2024 गंगा एवं सरयू नदी में बढ़ते जलस्तर को लेकर जिला प्रशासन सतर्क एवं अलर्ट मोड में है। जिला के सोनपुर,गड़खा, दिघवारा, छपरा सदर एवं रिविलगंज प्रखंड के लगभग 32 पंचायत नदियों के बढ़ते जलस्तर के कारण प्रभावित हुये हैं।

आज प्रभारी जिलाधिकारी सह उपविकास आयुक्त ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंडों के वरीय प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक किया।

सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंडों के वरीय प्रभारी,अंचलाधिकारी एवं बाढ़ नियंत्रण के अभियंता लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर बनाये हुए हैं। इन सभी पदाधिकारियों को निरंतर स्थिति पर नजर रखने को कहा गया है।

मनियार एवं अन्य स्थलों पर कटाव से क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मती की गई है। कुछ जगहों पर जारी कटाव निरोधी कार्यों पर निरंतर निगरानी रखते हुये पूर्ण कराने को कहा गया।

सभी अंचलाधिकारी आवश्यक होने पर आश्रय स्थल एवं सामुदायिक रसोई की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इसके लिये सभी पूर्व तैयारी रखने को कहा गया। जहाँ भी यातायात की दृष्टिकोण से नाव आवश्यक हो, वहाँ स्थानीय स्तर पर नाव परिचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।अभी तक प्रभावित पंचायतों में 86 नावों का परिचालन किया जा रहा है। आवश्यकतानुसार अन्य स्थलों पर भी नावों की व्यवस्था की जा रही है।

सिताब दियारा, अकिलपुर एवं कुछ अन्य स्थलों पर चिकित्सीय सुविधा हेतु नाव उपलब्ध कराया जा रहा है। सिविल सर्जन ने बताया कि ब्लीचिंग पाउडर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। पानी निकलते ही इसका छिड़काव प्राथमिकता से कराया जायेगा।

बिहार में चुनाव से पहले संगठन की सफाई करेगी कांग्रेस, निष्क्रिय प्रखंड अध्यक्ष हटाए जाएंगे

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

पटना: बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी अपने संगठन को मजबूत करने में जुट गई है। कांग्रेस के कागजी और निष्क्रिय प्रखंड अध्यक्ष हटाए जाएंगे। उनकी जगह नए लोगों को दायित्व सौंपा जाएगा। बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश ने गुरुवार को पटना के सदाकत आश्रम स्थित प्रदेश कार्यालय में नवनियुक्त तीन प्रभारी सचिव देवेंद्र यादव, सुनील कुमार पासी, शाहनवाज आलम के बीच दायित्वों का बंटवारा किया। साथ ही प्रखंड समितियों के गठन-पुनर्गठन के लिए अगले दो महीने की समय सीमा तय कर दी।प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक में प्रदेश प्रभारी मोहन प्रकाश ने लक्ष्य तय कर समय के भीतर संगठन की बुनियाद मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए जनहित और स्थानीय मुद्दों पर आंदोलन करना होगा। राजनीति में शक्ति की पूजा होती है। रोज एक से दो नए व्यक्ति से संवाद का संकल्प लें। अभी बिहार कांग्रेस की समस्या संवादहीनता है। बात होती भी है तो अपने गुट के भीतर ही। यह दीवार तोड़नी होगी।उन्होंने कहा कि प्रखंड अध्यक्षों और समिति सदस्यों के निर्धारण में सामाजिक समीकरण, जाति और धर्म का पूरा ख्याल रखा जाएगा। 10-12 बूथों पर एक मंडल की संरचना होगी। मंडल अध्यक्ष बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) बनाएंगे। वे बीएलए प्रदेश कांग्रेस समिति से जुड़ेंगे। इसके बाद बूथ कमेटी बनेगी।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए नए प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त करना जरूरी है। इनकी नियुक्ति में सामाजिक संरचना के साथ जाति और धर्म का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में 40 से 50 सीटें जीतने की उम्मीद जताई। साथ ही कहा कि टिकट वितरण में चूक हो जाती है, लेकिन हमें आपसी कटुता भूलकर आगे बढ़ना है।बैठक में सांसद तारिक अनवर, विधानमंडल दल के नेता शकील अहमद खान, पूर्व अध्यक्ष मदन मोहन झा, चंदन बागची, सांसद मनोज कुमार, पूनम पासवान, मुन्ना तिवारी, हरखू झा, कपिलदेव प्रसाद यादव, प्रो.अंबुज किशोर झा आदि मौजूद रहे।

आरजेडी का सहारा छोड़, कांग्रेस को खुद खड़ा होने की जरूरतगुरुवार को हुई बैठक में कई नेताओं ने कहा कि बिहार कांग्रेस को खुद अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिए। दूसरे दलों का सहारा लेने के बदले खुद को मजबूत करना जरूरी है। एक सांसद ने भी इसकी पुरजोर वकालत की। कई अन्य नेताओं ने भी कहा कि कांग्रेस को पुरानी मजबूत स्थिति में आने के लिए दूसरे दलों (आरजेडी) का सहाराछोड़ नाचाहिए।

लल्लू उर्फ तकी मड़र केस में तीन गिरफ्तार, भेजे गए जेल,

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

(सीवान) सीवान जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी लल्लू उर्फ मो? तकी की दिन दहाड़े अपराधियों ने गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी थी. उस मामले में थाना की पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए लगातार कर रही थी. उस छापेमारी के क्रम में गोपालपुर से तीन आरोपियों को गिरफ्तार की है. उस हत्या के संदर्भ में मृतक की पत्नी जेबा फातिमा ने हुसैनगंज थाना में आवेदन देते हुए 9 लोगों को आरोपित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी. बताया जाता है कि 9 सितम्बर को दिन दहाड़े समय लगभग 10 बजे सीवान सीसवन मुख्य सड़क के कुतुबछपरा के नजदीक ताज चिमनी के सामने बाईक पर सवार अपराधियों ने दो गोली सिर में मारकर लल्लू उर्फ मो तकी की निर्मम हत्या कर दी थी. घटना का कारण जमीनी विवाद बताया गया था.मृतक की पत्नी के आवेदन में आरोपियों में स्थानीय हुसैनगंज की पुलिस तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है. एस एच ओ विजय कुमार यादव ने बताया कि गस्ती के दौरान गोपालपुर से तीन आरोपियों को धर दबोचा गया है.

एनिमिया जागरूकता सह जाँच गतिविधि का हुआ आयोजन

विशेष संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

सारण, छपरा19 सितंबर 2024 आज जिला हब फॉर एम्पॉवर्मेंट ऑफ वुमेंन-सारण महिला एवं विकास निगम तथा क्ळऊ एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे 100 दिवस कैलेंडर गतिविधि के तहत एनिमिया जागरूकता सह जाँच गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी इसुआपुर, टडक्ळ तूलिका कुमारी, डीपीएम प्रेम प्रकाश, डीएमसी निभा कुमारी एवं अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर वहां उपस्थित सभी गर्भवती धात्री महिलाओं एवं किशोरियों तथा सामान्य महिलाओं को ही एनीमिया की जांच कराने हेतु समझाया गया एवं साथ ही यह बताया गया कि एनीमिया की जांच करवाना

क्यों आवश्यक है एनीमिया क्या है और इसके लक्षण क्या है और इसके क्या-क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं डीपीएम महिला एवं बाल विकास निगम प्रेम प्रकाश ने कहा कि आयरन एक सूक्ष्म पोषक तत्व है जो शरीर में विशेष तत्व हीमोग्लोबिन के निर्माण में योगदान देता है आहार में आयरन की कमी के कारण रक्त में हीमोग्लोबिन की मात्रा घट जाती है जिससे शरीर के विभिन्न अंगों को ऑक्सीजन की आपूर्ति कम हो जाती है ऐसी स्थिति को ही एनीमिया कहते हैं डीएमसी निभा कुमारी ने कहा कि एनीमिया से पीड़ित होने की स्थिति खून में हीमोग्लोबिन के स्तर की जांच के आधार पर ही की जा सकती है।फिर भी हम कुछ लक्षणों के आधार पर स्वयं भी एनीमिया की पहचान कर सकते हैं। जैसे त्वचा का पीला पड़ना, हाथों का पीलापन, जल्दी थक जाना, सांस फूलना, पढ़ाई में मन नही लगना, किसी भी अन्य कार्य में मन नहीं लगा, सुस्ती और नींद आते रहना, जल्दी-जल्दी बीमार पड़ना इसके अन्य लक्षण है। जिनके आधार पर एक सामान्य इंसान भी एनीमिया की पहचान कर सकता है। एनीमिया के कारण अनुचित मातृ स्वास्थ्य एवं प्रजनन का दुष्परिणाम भी होता है जैसे समय से पहले बच्चे का जन्म जन्म के समय बच्चे का कम वजन मात्र एवं नवजात शिशु की मृत्यु इत्यादि पहले या दूसरी तिमाही में गर्भावस्था के दौरान एनीमिया होने से यह खतरा और भी बढ़ जाता है एनीमिया से बचने के लिए हमें हरी साग सब्जियां और फल अनाज जैसे रागी मडुवा गेहूं ज्वार बाजरा अंकुरित चना मूंगफली तिल गुड़ और ड्राई फ्रूट्स अंडा मछली मांस और विटामिन सी की अधिकता वाले खाद्य पदार्थ खाने चाहिए।

मधुबनी जिला उर्दू नामा वार्षिक पत्रिका के लिए उर्दू की रचनाएं आमंत्रित

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
अबु बकर

जिले के लेखक व कवि उर्दू भाषा में 30 सितंबर तक भेजें अपने लेख, नज्म व गजल.ड्ड अपनी रचनाए mdmuhtada@gmail.com पर भेजें या उर्दू भाषा कोषांग के कार्यालय में जमा करें.

ड्ड सामाजिक, साहित्यिक मुद्दों पर लिखे गए लेख, नज्म व गजल को प्रकाशन में दी जाएगी प्रमुखता.

उर्दू भाषा कोषांग, मधुबनी के द्वारा 'जिला उर्दू नामा - 2024-25' वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन किया जाना है. जिला उर्दू भाषा कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी मेराज अहमद के निदेर्शानुसार जिले के लेखक, कवि व गजलकार रचनाओं के प्रकाशन के लिए 30 सितंबर तक उर्दू भाषा में अपनी रचना भेजना सुनिश्चित करें.

जिला उर्दू नामा में सामाजिक व साहित्यिक मुद्दों पर लिखे गए मजमून, नज्म व गजल को प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा. लेखक अपनी रचनाएं उर्दू में टाइप कर पूरा पता, मोबाइल नंबर व फोटो के साथ जिला उर्दू भाषा कोषांग के कार्यालय यो्रेॅ्रॅ्रॅ@ॅ' ूॅ्रे पर भेजना सुनिश्चित करें. जिला उर्दू नामा, मधुबनी में सिर्फ मधुबनी जिले के रचनाकारों की रचनाएं ही आमंत्रित हैं, साथ ही प्रकाशित होने वाली रचनाओं के लिए किसी भी प्रकार का मानदेय नहीं मिलेगा.

पंडौल बुनियाद केंद्र, मधुबनी पर 12 दिव्यांग लाभुकों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल दिया गया

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
अबु बकर

पंडौल बुनियाद केंद्र, मधुबनी पर 12 दिव्यांग लाभुकों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल दिया गया, साथ ही 1 लाभुक को श्रवण यंत्र भी दिया गया।

* जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा के निर्देश के आलोक में वितरण कार्यक्रम का आयोजन पंडौल अनुमंडलीय बुनियाद केंद्र में किया गया।*

सदर अनुमंडल के 20 लाभुकों को कॉल करके बुलाया गया जिसमे से 12 लाभुक ट्राइसाइकिल लेने आए। वितरण अऊर आशीष अमन के द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया।

वितरण के पहले लाभुकों को ट्राइसाइकिल चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया जिसके पश्चात ट्राइसाइकिल वितरण किया गया। साथ ही लाभुकों को वऊक्ळ बनाने हेतु जानकारी उपलब्ध कराई गई। सहायक निदेशक द्वारा बताया गया कि आने वाले समय में वऊक्ळ दिव्यांगों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित होगा जिसके उपरांत पेंशन एवं अन्य लाभ मिल पाएंगे।

बैटरी चालित ट्राइसाइकिल हेतु आवेदन ऑनलाइन माध्यम से किया जाता है जिसके लिए न्यूनतम 60% दिव्यांगता अनिवार्य है तथा आय (2 लाख रुपए से कम) एवं निवास प्रमाण पत्र रोजगार/अध्ययन प्रमाण पत्र के साथ भी देना होगा।

आवारा कुत्तों से झरिया वासी परेशान

वरिष्ठसंवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

झरियाः शहर के विभिन्न इलाकों में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। दिन-प्रतिदिन इन कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों के लिए सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है। कई लोग कुत्तों के काटने की घटनाओं का भी शिकार हो चुके हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों में डर और आक्रोश बढ़ रहा है।

झरिया के मुख्य बाजार, पुराना अंचल कार्यालय, पोद्दार पड़ा रोड, फुलरीबाग, थाना मोड़, लक्छमणिया मोड़, अपर कुल्ही, निचे कुल्ही, शमशेर नगर बालू बैंकर और अन्य रिहायशी इलाकों में आवारा कुत्तों का झुंड दिन-रात घूमता रहता है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि ये कुत्ते अक्सर झुंड बनाकर घूमते हैं और राहगीरों पर हमला करने की कोशिश करते हैं। हाल ही में हुई घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं और कुछ बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।

स्थानीय प्रशासन पर सवाल

झरिया वासियों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए कई बार नगर निगम और प्रशासन को शिकायत दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण पाने के लिए नसबंदी अभियान चलाने की मांग की जा रही है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई जवाब नहीं आया है।स्थानीय निवासी रमेश कुमार का कहना है, "हर दिन डर के साये में जीना पड़ रहा है। बच्चों को बाहर खेलने भेजना मुश्किल हो गया है। प्रशासन को जल्द से जल्द कोई कदम उठाना चाहिए, वरना हालात और बिगड़ सकते हैं।

नगर निगम का पक्ष

नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए एक योजना तैयार की जा रही है, जिसमें नसबंदी और टीकाकरण अभियान शामिल होंगे। हालांकि, यह योजना कब तक लागू होगी, इस पर कोई स्पष्ट समय सीमा नहीं दी गई।

स्वास्थ्य विभाग की चेतावनी

स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों को सावधान रहने की सलाह दी है। डॉक्टरों ने बताया कि आवारा कुत्तों से काटने पर तुरंत एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगवाना चाहिए, क्योंकि रेबीज जैसी खतरनाक बीमारी फैलने का खतरा होता है।

झरिया वासी अब इस समस्या के समाधान की उम्मीद में हैं, और चाहते हैं कि प्रशासन जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

मधुबनी जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक हुई आयोजित

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
अबु बकर

ड्डमधुबनी जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक हुई आयोजित. साप्ताहिक जांच के क्रम में पंचायतों में पहुंचकर जन वितरण दुकानों द्वारा राशन वितरण का ग्रामीणों से फीडबैक भी लें।-जिलाधिकारी ड्ड लाभुकों को पूरी पारदर्शिता एवं सहजता के साथ ससमय खाद्यान्न उपलब्ध कराना करें सुनिश्चित. नोटिस के उपरांत रद्द किए गए कार्ड की समीक्षा के क्रम में 36% के साथ बेनीपट्टी का प्रदर्शन निम्न रहा, वहीं सदर अनुमंडल, झंझारपुर अनुमंडल एवं फुलपरास अनुमंडल का प्रदर्शन शत प्रतिशत रहा .ड्ड सभी अपात्र राशनकार्डधारियों का नाम करें डिलीट.ड्ड शतप्रतिशत लाभुकों का आधार सीडिंग का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का दिया निर्देश. पंडौल प्रखंड के आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा सबसे कम निरीक्षण 30% रहा, वहीं जितेंद्र कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, फुलपरास द्वारा निरीक्षण का प्रतिशत सर्वाधिक।

ड्ड निरीक्षण की खानापूर्ति से नहीं चलेगा काम, दिखने चाहिए निरीक्षण का असर और सकारात्मक परिणामः जिलाधिकारी.ड्ड अनुमंडल, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर अनुश्रवण, सतर्कता एवं निगरानी समिति की नियमित रूप से बैठक करने के दिए निर्देश. ----- महादलित टोलों में कैम्प अयोजित कर शत प्रतिशत पात्र लाभुकों का राशन कार्ड बनाना सुनिश्चित करे।-मधुबनी, 19 सितंबर 2024-* जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई. जिलाधिकारी ने एजेंडावार सभी विषयों पर विस्तृत समीक्षा कर उपस्थित अधिकारियों को कई निर्देश भी दिए. उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि खाद्यान्न वितरण प्रक्रिया का गंभीरतापूर्वक पूरी पारदर्शिता के साथ पर्यवेक्षण करते हुए खाद्यान्न वितरण की गति में तेजी लाएं.

ब्रीफ न्यूज

रोजमर्रा के जीवन में अनैतिक व्यवहारों को ठीक करना जरूरी - ईद मिलाद-उन-नबी की आलोचना से पहले: रेयाज आलम

- पटना, सितंबर 2024* — प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और कॉर्पोरेट नेता *रेयाज आलम* ने मुस्लिम युवाओं के रोजमर्रा के जीवन में बढ़ते अनैतिक व्यवहारों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है, जो समाज के नैतिक पतन का कारण बन रहे हैं। जहां कई लोग ईद मिलाद-उन-नबी की कुछ विशेष प्रकार की मनाने की आलोचना कर रहे हैं, वहीं आलम ने इस बात पर जोर दिया कि हमें सबसे पहले मोबाइल फोन की लत, नशे का बढ़ता उपयोग, शिक्षा में रुचि की कमी और अन्य अनैतिक गतिविधियों जैसे बड़े मुद्दों से निपटना चाहिए, तभी धार्मिक त्योहारों की आलोचना करना उचित होगा।
- समाज के असली खतरों को प्राथमिकता देना:
- रेयाज आलम ने कहा, ₹हमारे दैनिक जीवन में ऐसे मुद्दे हैं जो ईद मिलाद-उन-नबी को किस प्रकार मनाया जाता है, इससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹मोबाइल फोन की लत, नशे का बढ़ता उपयोग, शिक्षा में दिलचस्पी की कमी और अनैतिक व्यवहारों में बढ़ोतरी हमारे समुदायों के मूल ढांचे को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ये वो समस्याएं हैं, जिन्हें प्राथमिकता देनी चाहिए और इन पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है।₹
- उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये समस्याएं, जो सभी आयु वर्ग के लोगों को प्रभावित कर रही हैं, किसी भी धार्मिक आयोजन की तुलना में समाज को गहरा नुकसान पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा, ₹हम इस सच्चाई को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि हमारा युवा वर्ग तकनीक और नशे के चंगुल में फंसता जा रहा है। माता-पिता नशे और सामाजिक दबाव के प्रभावों को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यही असली संकट हैं, जिन पर हमें सबसे पहले ध्यान देना चाहिए।
- अनैतिक और अनैतिक व्यवहारों को संबोधित करने की जरूरत:*
- रेयाज आलम ने कई मुख्य चिंताओं पर ध्यान आकर्षित किया:
- मोबाइल फोन और सोशल मीडिया की लत:*
- हम एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण कर रहे हैं, जो वास्तविक जीवन की बजाय अपने स्क्रीन से अधिक जुड़ी हुई है। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग युवाओं में अस्वस्थ तुलना, चिंता और उत्पादकता में कमी का कारण बन रहा है।₹
- नशे का उपयोग और सामाजिक दबाव:
- नशे का उपयोग हमारे समुदायों में एक छुपी हुई महामारी बनता जा रहा है। कई युवा इस जाल में समाजिक दबाव और सही मार्गदर्शन की कमी के कारण फंस रहे हैं। यह एक नैतिक संकट है जिसे तुरंत संबोधित करने की जरूरत है।₹
- शिक्षा और व्यक्तिगत विकास में रुचि की कमी:
- शिक्षा का स्तर गिर रहा है क्योंकि युवा डिजिटल दुनिया और अन्य बुराइयों में अधिक दिलचस्पी लेने लगे हैं। आत्म-सुधार और ज्ञान प्राप्त करने का फोकस खोता जा रहा है, और इसका हमारे भविष्य पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा।
- अनैतिक और अनैतिक व्यवहार:
- रोजमर्रा के लेन-देन में बेईमानी से लेकर दूसरों के प्रति सम्मान की कमी तक, हम ऐसे व्यवहारों में वृद्धि देख रहे हैं जो इस्लाम और मानवता के मूल्यों के विपरीत हैं।₹
- नैतिक मूल्यों की पुन:स्थापना के लिए कार्रवाई की अपील:
- रेयाज आलम ने समुदाय के नेताओं, माता-पिता और शिक्षकों से मिलकर इन महत्वपूर्ण मुद्दों को सुलझाने के लिए काम करने की अपील की। उन्होंने कहा, ₹इससे पहले कि हम ईद मिलाद-उन-नबी को कैसे मनाया जाए या अन्य धार्मिक अभ्यासों पर उंगली उठाएं, हमें अपने अंदर और अपने चारों ओर हो रहे नैतिक पतन को देखना और इसे ठीक करना होगा। हमें अपने घरों, स्कूलों और स्थानीय समुदायों से शुरू करके समाज के नैतिक मूल्यों को फिर से मजबूत करने की जरूरत है।

  उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक अवसर, जिसमें ईद मिलाद-उन-नबी शामिल है, इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार करने का एक अवसर हो सकता है। ₹आइए इन क्षणों का उपयोग करें ताकि हम खुद और अपने बच्चों को बेहतर चुनाव करने की दिशा में मार्गदर्शन कर सकें, आधुनिक जीवन के उन विकर्षणों से दूर जो हमें अहित कर रहे हैं।
- धार्मिक नेताओं और समुदायों की भूमिका:*
- रेयाज आलम ने धार्मिक नेताओं से इन दैनिक अनैतिक व्यवहारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। ₹हमारी मस्जिदें और सामुदायिक केंद्र इन चुनौतियों से निपटने में सबसे आगे होने चाहिए। आइए बात करें कि कैसे हम अपने युवाओं को नशे से उबरने में मदद कर सकते हैं, शिक्षा को प्राथमिकता देने की अहमियत पर जोर दें और एक नैतिक जीवनशैली को बढ़ावा दें।
- ईद मिलाद-उन-नबी की आलोचना: सही संदर्भ में:
- जहां कुछ लोगों ने ईद मिलाद-उन-नबी की आधुनिक शैली में मनाने की आलोचना की है, वहीं रेयाज आलम ने स्पष्ट किया कि जब तक बड़े मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता, इस पर ध्यान देना अनुचित है। उन्होंने कहा, ₹हां, ईद मिलाद-उन-नबी की कुछ मनाने की तरीकों में सुधार की आवश्यकता है। लेकिन इन पर ध्यान केंद्रित करना तब तक पाखंड होगा जब तक हम उन दैनिक अनैतिक और अनैतिक व्यवहारों से निपट नहीं लेते जो हमारे समाज को कहीं अधिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। एक बार जब हम इन बड़े मुद्दों को सुलझा लेंगे, तब हम अपनी धार्मिक प्रथाओं में सुधार लाने के लिए एक रचनात्मक संवाद कर सकते हैं।₹
- निष्कर्ष: बदलाव के लिए एक सामूहिक प्रयास:
- रेयाज आलम ने समुदाय को एक सशक्त संदेश के साथ अपनी बात समाप्त की: ₹आइए उन असली लड़ाइयों पर ध्यान दें जो हमें लड़नी हैं — नशा, अज्ञानता और अनैतिकता। यदि हम, एक समाज के रूप में, इन चुनौतियों से निपटने के लिए एक साथ काम करें, तो हम अपने बच्चों और अपने लिए एक मजबूत, अधिक नैतिक भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। तभी हम अपने धार्मिक परंपराओं को इस तरह से मनाने पर ध्यान दे सकते हैं जो इस्लाम और मानवता की सच्ची भावना को दशार्ता हो।
- अधिक जानकारी या सवालों के लिए संपर्क करें:

रेयाज आलम
कार्यकारी निदेशक: भारत स्वास्थ्य और वी केयर डायग्नोस्टिक, मुंबई और पटना
डायरेक्टर: बिजनेस ग्रोथ एलायंस पार्टनरशिप, सीसीसी डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद
राज्य प्रमुख, एएमपी बिहार

योगी ने परखी वाराणसी की विकास परियोजनाएं

गुंबद गिरने के दोषियों पर कार्रवाई को कहा, बाढ़ पीड़ितों से मिलकर बच्चों को खिलाई चॉकलेट

वाराणसी । सीए योगी सोमवार रात विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करने ग्राउंड पर उतरे। योगी का काफिला बजे सर्किट हाउस से निकला तो पूरे जिले के वायरलेस सेट पर अलर्ट जारी हो गया। सड़कों पर ट्रैफिक रोक दिया तो पुलिसकर्मी मुस्तैद हो गए। कचहरी-आशापुर संदहा मार्ग का चौड़ीकरण देखने पहुंचे योगी ने बारीकी से हर काम को देखा। कार्यदायी संस्था को चौड़ीकरण का काम जल्द पूरा करने को कहा। इसके बाद योगी और अधिकारी सारनाथ प्रो-पुअर और सारंगनाथ महादेव मंदिर पहुंचे। मंदिर के रेनोवेशन की प्रगति का निरीक्षण किया।

कार्यदायी संस्थाओं और इंजीनियर्य को मानक के हिसाब से समय पर काम पूरा कराने की हिदायत दी। योगी के सवालों पर अधिकारी जवाब देने में हड़बड़ाने लगे। तब



योगी ने मुस्कुराते हुए अगले प्रोजेक्ट पर बात शुरू कर दी। उन्होंने कहा- निर्माण कामों में गुणवत्ता के साथ ही सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखें। समीक्षा बैठक में योगी ने रोपवे परियोजना में देरी पर भी नाराजगी जताई। इस पर DM ने तीन स्टेशन का निर्माण काम दिसंबर तक और बचे स्टेशनों का काम मार्च-2025 तक पूरा करने की बात कही। योगी ने रामनगर स्थित शास्त्री घाट पर बारादरी का गुंबद गिरने से श्रमिक की मौत को गंभीरता से लिया। नाराजगी जताते हुए पर्यटन विभाग, कार्यदायी संस्था, कॉन्ट्रैक्टर और नोडल अधिकारी के खिलाफ जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया। शास्त्री घाट पर बने सभी गुंबदों को दोबारा खोलकर उनका रेनोवेशन करने और पूरे काम क्षेत्र की बैरिकेडिंग कराने की बात कही। कार्यदायी संस्था UPPCL के सभी कामों की जांच कराने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में DM एस. राजलिंगम ने योगी के सामने शहर में शिक्षा, स्वास्थ्य और लोक निर्माण आदि विभागों की परियोजनाओं की जानकारी प्रोजेक्टर पर दी। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने कानून व्यवस्था की जानकारी दी। योगी ने कहा- बाढ़ का स्थायी समाधान करें। वरुणा रिवर फ्रंट को मॉडल के रूप में विकसित करें। इसमें सीवर और दूषित पानी न गिरे। बाढ़ के दौरान गंगा का पलट प्रवाह वरुणा नदी में न हो यानी गंगा का पानी वरुणा में न लौटे। वरुणा में हमेशा पानी रहे, इसलिए जगह-जगह चेकडैम बनाएं। नदी के दोनों तरफ घने पौधे लगाएं। देसी पद्धति पर ड्रेनेज का मॉडल विकसित करें। सभी फ्लाईओवर के नीचे सुंदरीकरण का काम कराएं।

भवनों के बेसमेंट में पार्किंग बनवाएं। योगी ने कहा- हर विकास काम की मॉनिटरिंग के लिए एक नोडल अधिकारी का नाम तय करें। हर घर नल योजना के सभी कामों को 100% पूरा कराएं। IGRS, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से मिली शिकायतों का समय पर समाधान कराएं। ओवरलोडेड ट्रकों और वाहनों को जीरो पॉइंट पर ही रोकें। उन पर कार्रवाई करें। टूरिस्ट पुलिसिंग को प्रभावी बनाएं। सुरक्षा के मद्देनजर फुट पेट्रोलिंग बढ़ाएं। होटलों, दुकानों आदि में लगे अग्निशमन यंत्रों को अपडेट रखने की व्यवस्था कराएं। नाविकों, स्ट्रीट वेंडरों, व्यापारियों आदि समूहों के साथ नियमित बैठक करें। योगी की बैठक में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल, राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. अवधेश सिंह, टी राम, कमिश्नर कौशल राज शर्मा, एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम सहित अन्य विभागीय अधिकारी शामिल रहे।

लखनऊ में विधायक आवास में युवक की लाश मिली

लखनऊ। विधायक आवास परिसर में मंगलवार सुबह युवक की लाश मिली। शव पर जगह-जगह चोट के निशान हैं। ऐसे में हत्या किए जाने की आशंका है। शहर के VVIP इलाके में लाश मिलने से हड़कंप मच गया। तुरंत पुलिस के सीनियर अफसर मौके पर पहुंच गए। घटना हुसैनगंज स्थित विधायक आवास (बर्लिंगटन-OCR) बिल्डिंग परिसर की है। पुलिस के मुताबिक, सुबह करीब 5.30 बजे विधायक आवास कैंपस में लाश मिलने की सूचना मिली। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। युवक का शव विधायक परिसर में आवास में जाने वाली सीढ़ी के पास मिला है। शव मिलने के करीब 7 घंटे बाद शिनाख्त हो पाई। युवक का नाम हिमांशु पुत्र राजाराम है। वह लालकुआं के सब्दल बगिया का रहने वाला था। मृतक के

परिजनों तक पुलिस पहुंची है। मृतक हिमांशु के पिता राजाराम ने बताया कि बेटे का एक साल से मानसिक बीमारी का इलाज चल रहा था। उसकी मानसिक स्थिति ठीक न होने से लोग हमेशा ध्यान रखते थे। वह, रात को कब निकल गया, किसी को कुछ जानकारी ही नहीं हुई। डीसीपी रवीना त्यागी ने कहा- युवक के हाथ, कलाई, कोहनी और कंधे पर चोट के निशान मिले हैं। हादसा और हत्या सभी एंगल पर जांच की जा रही है। मौके युवक के पास से कोई पहचान पत्र, मोबाइल नहीं मिला। आसपास के एरिया में सर्चिंग की जा रही है।

कंस मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये प्रशासन ने पुलिस टीम के साथ की बैठक

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के मौदहा में 17 से 19 सितंबर तक चलने वाले ऐतिहासिक कंस मेले में बेहतर इंतजामों के मद्देनजर अपर जिलाधिकारी सहित अपर पुलिस अधीक्षक ने अंर्तजनपदीय व बाहरी जनपदों से आने वाली पुलिस टीम के साथ ब्रीफिंग की गई मेला के दौरान भीड़ प्रबंधन और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अपर जिलाधिकारी सहित अपर पुलिस अधीक्षक ने तैयारियों के बारे में प्वाइंट वार चर्चा की गई। गौरतलब है कि पुलिस बल को मेले के संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया गया है, जिसमें भीड़भाड़ वाली जगहों के साथ ही मेला ग्राउंड शामिल हैं । मेले के दौरान यातायात के बेहतर इंतिजाम रखने के लिये यातायात व्यवस्था के बेहतर इंतिजाम किये गये है । जिसमें

पार्किंग और और पैदल यात्रियों के लिए अलग मार्ग शामिल हैं भारी वाहनों का प्रवेश मेला क्षेत्र के निकट प्रतिबंधित किया गया है और लोगों को वैकल्पिक मार्गों से गुजरने के निर्देश दिए गए हैं मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है ताकि सुरक्षा पर निगरानी रखी जा सके और किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। मेले के दौरान किसी भी स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति के लिए एंबुलेंस और मेडिकल टीमें तैनात रहेंगी।

किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए क्यूआरटी की तैनाती की गई है, जो विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में चौकसी बरत रही है। भीड़भाड़ और धार्मिक स्थलों के पास सुरक्षा को और पुख्ता किया गया है ताकि किसी भी तरह की अवांछित गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। ब्रीफिंग का मुख्य उद्देश्य मेला के दौरान भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, और शांति व्यवस्था को सुनिश्चित करना था।

ड्यूटी पर लगे समस्त पुलिस बल को सतर्कता व पूर्ण मनोयोग से ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मौदहा , क्षेत्राधिकारी मौदहा , क्षेत्राधिकारी सरीला , क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु (कृष्णकांत त्रिपाठी) व अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे ।

प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर काटा गया केक, बंटी फल, हुई सफाई

कुशीनगर । कुशीनगर विधायक पीएन पाठक व भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया सरकारी अस्पताल में केक काटा और मरीजों को फल वितरित किया और झाडु लगाकर सफाई किया गया और उनके दीघार्यु होने की कामना किया । विधायक पीएन पाठक कसया स्थिति सरकारी अस्पताल में केक काटा गया और मरिजो को फल वितरित किया गया और अस्पताल परिसर का सफाई किया गया विधायक पीएन पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दस वर्षों में देश की आन-बान-शान तिरंगे को उस मुकाम पर ला खड़ा

किया है जिसे आज सारा विश्व सैल्यूट कर रहा है। आज विश्व भर के दिग्गज देश भारत से मित्रता करने के लिए खुद आगे आते हैं। उनके पर भारतीय जनता पार्टी देश भर में 2014 से सेवा पखवाड़ा मनाती आ रही है।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विधानसभा कुशीनगर भाजपा कार्यकताओं द्वारा यह पखवाड़ा पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 17 से 19 सितंबर तक अस्पतालों में फल वितरित किया जाएगा। 18 से 24 सितंबर तक स्कूलों तथा अस्पतालों में सफाई

बस्ती में एपीएन कॉलेज के छात्र नेता की मौतः दूसरा घायल

बस्ती । कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित मालवीय रोड पर बाइक सवार दो युवक डिवाइडर से टकरा गए, जिसके चलते दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरे का इलाज चल रहा है। युवक शहर के एपीएन डिग्री कॉलेज का छात्र नेता था। पुलिस ने छात्र नेता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि वह दोस्तों के साथ पार्टी कर घर लौट रहा था। विमलेश त्रिपाठी कप्तानगंज थाना क्षेत्र के अईठी गांव का रहने वाला है। भाई राजेश त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार की रात में वह अपने दोस्त विशाल पाठक के साथ बाइक से किसी काम से शहर गए थे। मालवीय रोड स्थित पीएमसी हॉस्पिटल के पास इनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिसके चले दोनों घायल हो गए, जिन्हें पड़ोस के पीएमसी हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल ले गए।

बस्ती में धूमधाम से मनाया गया पीएम का जन्मदिन

बस्ती । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 74वां जन्मदिन भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने विभिन्न आयोजन के साथ मनाया। कहीं रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ तो कहीं स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके साथ ही, अधिवक्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की और एक-दूसरे को मुंह मीठा कराया। जिले के तपसीधाम मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही, सावित्री सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा नेता राम सिंगार ओझा ने कहा कि भाजपा हमेशा एक राष्ट्र एक ध्वज की पोषक रही है, और मोदी जी के नेतृत्व में पार्टी के सपनों को साकार किया जा रहा है। राष्ट्र की पहचान आज वैश्विक स्तर पर हो रही है। भाजपा के प्रमुख प्रतिनिधि योगेंद्र सिंह ने कहा कि मोदी जी की लोकप्रियता हर जाति और धर्म के लोगों में है। मुख्य वक्ता चन्द्रमणि पांडेय सुदामा ने कहा कि आज हम एक ऐसे प्रधानमंत्री का जन्मदिन मना रहे हैं, जो देश के सच्चे शिल्पी हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बनाई है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवचरन जयसवाल, मंडल महामंत्री शक्तीदीप पाठक, विमलेंद्र सिंह, अमरनाथ शुक्ल, प्रभाकर सिंह, अयोध्या सिंह, लाल बहादुर सिंह और वेद प्रकाश त्रिपाठी जैसे कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

मुंडन कराने संगम आए, कोई बच्ची को उठा ले गया

प्रयागराज । अंबेडकर नगर से आए एक परिवार दो साल की बच्ची का मुंडन संगम पर कराने के लिए आए थे। रात में सोए कि भोर में मुंडन कराएंगे। रात के अंधेरे में किसी ने उनकी 2 साल की मासूम बच्ची को अगवा कर लिया। यह काम बच्चा चोरी करने वाले गिरोह का माना जा रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर बैठ गई। परिवार के लोग अंबेडकर नगर से प्रयागराज का चक्कर काट रहे हैं। अंबेडकर नगर के थाना सम्मनपुर के सिकंदरपुर के रहने वाले शंकर कुमार अपनी पत्नी मनीता और दो साल की इकलौती बेटी सलोनी के साथ प्रयागराज आए। 9 सितंबर की रात वह संगम क्षेत्र में परेड पर पहुंच गए। सुबह सुबह मुंडन कराना था तो लोगों ने कहा परेड पर ही रुक जाओ। शंकर का कहना है कि रात करीब एक से दो के बीच किसी ने उनकी बेटी सलोनी को अगवा कर लिया। सुबह 4 बजे पत्नी-पत्नी की आंख खुली तो बच्ची को गायब देख उनके होश उड़ गए। घंटों तलाश के बाद वह लोग दारागंज थाने पहुंचे और

बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। इसके बाद भी लगातार बच्ची को तलाश करते रहे लेकिन पता नहीं चला। परिवार का कहना है कि बच्चा चोरी करने वाला गिरोह सलोनी को उठा ले गया। पुलिस की जांच में भी अब तक कुछ साफ नहीं हुआ है। पति-पत्नी अंबेडकरनगर से प्रयागराज का चक्कर काट रहे हैं। दारागंज पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। कई जगह के सीसीटीवी फुटेज निकलवाए गए हैं। इससे पहले दारागंज में कच्ची सड़क से 9 साल की एक बच्ची को अगवा किया गया था। दारागंज में रहने वाले राजेश पटेल मूल रूप से जौनपुर के ऊंचगांव दद्दान गांव के रहने वाले हैं। उनकी नौ वर्षीय बेटी शिल्पा 23 जून की शाम खेलने निकली और लापता हो गई थी। दारागंज से लेकर शहर के अलग-अलग कोनों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो सुराग मिला। नैनी रेलवे स्टेशन पर लगे कैमरे के सीसीटीवी फुटेज से एक शख्स बच्ची को ले जाता दिख गया। इसके बाद पुलिस ने कौशांबी के युवक को अरेस्ट कर बच्ची को बरामद किया था। वह बच्ची को बेचने की फिराक में था। हालांकि उस बच्ची अगवा करने वाले अभी जेल में हैं। संगम क्षेत्र के हनुमान मंदिर के पास से तीन वर्षीय बालिका का अपहरण हुआ था। दारागंज पुलिस ने तीन आरोपितों को नैनी इलाके से गिरफ्तार कर लिया। तीनों के कब्जे से अपहृत बालिका बरामद की गई है। राजस्थान के अलवर जिले के बीजवाद गांव के रहने वाले विक्की की तीन वर्षीय बेटी का हनुमान मंदिर के पास से अपहरण हुआ था। विक्की की पत्नी कल्पना ने दारागंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस टीम ने सड़कों के किनारे लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया। पता चला कि एक पुरुष और दो महिलाएं बालिका को लेकर नैनी की तरफ गए हैं। पुलिस टीम ने अमन मिश्रा उसकी पत्नी अंकिता और हेमा को गिरफ्तार किया।तीनों आगरा के फतेहाबाद के रहने वाले थे।

संक्षिप्त डायरी

विधायक पी.एन पाठक ने संभाल रखी है सदस्यता अभियान की कमान

न्यूज स्पीक्स

कसया, कुशीनगर। मंगलवार को कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक की अगुवाई में दर्जनों गांवो और चौक चौराहों पर भाजपा का सदस्यता अभियान चलाकर घर-घर संपर्क कर लोगों को भाजपा का सदस्यता दिलाया गया। कुशीनगर मण्डल के गांव कनखोरिया, भलुहीमदारी पट्टी, विशुनपुरा अनिरूधवा सोनबरसा डीह पकवा इनार डुमरी समेत दर्जनों गांवों में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। प्रत्येक दिन दर्जनों गावो में जाकर भारी संख्या में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिला रहें है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ऐतिहासिक विकास कर रही है, भाजपा सरकार ने अपने सभी संकल्पो को पूरा किया है। जनता का अटूट विश्वास भाजपा के साथ हैं आगे कहा कि भाजपा ने अपने सभी संकल्पों को पूरा किया है। इसलिए जनमानस का अटूट विश्वास भाजपा के साथ है। केंद्र और प्रदेश सरकारों की प्रत्येक योजना गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं की आर्थिक व सामाजिक उन्नति के लिए समर्पित है। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह, आद्या पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, अखिलेश मिश्रा, नीतीश यादव, छेदी शर्मा, बैरिस्टर भारती, प्रदीप कुशवाहा, संजीव दुबे समेत लोग मौजूद रहे।

देश को जोड़नें वाली भाषा है हिन्दीः सार्जेंट अभिमन्यु पांडेय

कुशीनगर। वाराणसी में आयोजित हुए 11 वें अंतर्राष्ट्रीय हिंदी अधिवेशन में फाजिलनगर कस्बे के निवासी सार्जेंट अभिमन्यु पांडेय 'मन्नू' ने न्यायपालिका में हिंदी की भूमिका नाम से शोध पत्र व अपनी कविता का पाठ करके क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनकी इस सफलता पर क्षेत्र के साहित्यकार व कवियों ने खुशी जताई है। वाराणसी के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में 14 व 15 सितंबर को 11 वें अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन का आयोजन भाषा सहोदरी के नाम से किया गया। देश के कई नामी गिरामी साहित्यकारों, कवियों व कलाकारों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि हिंदी देश को जोड़ने वाली भाषा है। यह देश की सबसे अधिक लोगों के द्वारा बोली जाने वाली प्रमुख भाषा है।सरकार ने इसके विकास में कई काम किए हैं। बोलचाल के साथ कामकाज की भाषा बन जाने पर हिंदी का प्रचार प्रसार और अधिक होगा। उनको बधाई देने वालों में डा. उमाकांत राय, डा.इंद्रजीत मिश्रा, विमर्श अध्यक्ष आरके भट्ट, मधुर के अध्यक्ष मधुसूदन पांडेय, निराला संवाद के अध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी, रमापति रसिया, भ्रमर के भूपेंद्र राय गंवार, अवध किशोर अवधू, आकाश महेशपुरी, सत्य प्रकाश शुक्ला आदि ने खुशी जताई है।

गोरखपुर के गोला में घाघरा का जलस्तर बढ़ाः घरों में घुसा बाढ़ का पानी

गोरखपुर । नगर पंचायत गोला के अंतर्गत आने वाले बिसरा के कई टोले घाघरा नदी की बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हो गए हैं। बाढ़ का पानी गांव के मौर्या टोला, बाबू साहब टोला और बढ़ई टोला के कई घरों में घुस गया। जिससे स्थानीय निवासियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। गांव के करीब 100 एकड़ में फैली धान की फसलें पूरी तरह से डूब चुकी हैं। जिससे किसानों को आर्थिक क्षति हुई है। गांव वालों का कहना है कि उनके क्षेत्र को हर साल बाढ़ से नुकसान होता है, लेकिन उन्हें बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की सुविधाएं नहीं मिलतीं। मुआवजे की बात तो दूर, कभी-कभार राशन जैसी छोटी-मोटी मदद ही मिल पाती है। स्थानीय निवासी जगदीश मौर्य, राजेश मौर्य, जय किसुन कन्नौजिया, विनोद यादव, रिंकू यादव, और डॉ. श्याम प्यारे यादव ने बताया कि बाढ़ का मुख्य कारण डिहवा से बिसरा तक बने बंधे पर लगा रेगुलेटर है। यह रेगुलेटर जर्जर हो चुका है और जब नदी का पानी बढ़ता है, तो इसका दबाव सहन नहीं कर पाता, जिससे पानी रिसकर गांव के निचले हिस्सों में फैल जाता है। यह पानी बाढ़ का रूप धारण कर लेता है और हर साल गांव में भारी तबाही मचाता है। प्रभावित क्षेत्र के निवासियों का कहना है कि हर साल धान की करीब 100 एकड़ फसल बर्बाद हो जाती है। इसके अलावा, राम जानकी मार्ग को क्रॉस करता हुआ यह बाढ़ का पानी बढ़ई टोला को भी प्रभावित करता है, जिससे सड़कों और आवासीय क्षेत्रों में भी जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए और बाढ़ से हुए नुकसान के लिए उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि हर साल होने वाली इस परेशानी से उन्हें निजात मिल सके।

बिहार भेजी जा रही शराब की खेप लखनऊ में पकड़ाई

लखनऊ। हरियाणा के सोनीपत से बिहार भेजी जा रही शराब की खेप को आबकारी विभाग की टीम ने लखनऊ में पकड़ लिया है। ब्रांडेड कंपनियों के नाम से पैंकिंग कर शराब की सप्लाई की जानी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने खेप को पकड़ लिया है। ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग को मुखबिर ने सूचना दी कि बिहार के लिए शराब की तस्करी लखनऊ के रास्ते की जा रही। इस पर आबकारी और पुलिस विभाग की टीम ने शहीद पथ पर (औरंगाबाद अंडरपास के पास) ट्रक को पकड़ने के लिए चेकिंग अभियान शुरू कराया। इस दौरान यूपी नंबर की ट्रक आती दिखी। पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने उसे रोक लिया। ट्रक में 145 पेटी शराब और 50 पेटी भूसी रखी गई थी। शराब की बोतलों पर पंजाब की एक ब्रांडेड कंपनी इंपीरियल रिजर्व ग्रेन व्हिस्की ब्रांड का स्टीकर लगा था। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मौके पर पुलिस ने ट्रक के ड्राइवर धर्मेंद्र निवासी जटीपुर थाना सालखना, जिला पानीपत हरियाणा को गिरफ्तार किया है। ट्रक जिसका नंबर था। उसे कब्जे में लिया गया।

स्किल्स हैं आपके अंदर तो नौकरी के मिलेंगे कई विकल्प

एक बढ़िया नौकरी हासिल करने के लिए डिग्री और एक्सपीरियंस के अलावा स्किल्स की भी जरूरत होती हैं। ऐसे में अगर आपके पास डिग्री या एक्सपीरियंस नहीं हो तब भी आपको अच्छी नौकरी मिल सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ नए स्किल्स को सीखना पड़ेगा। चलिए जानते हैं। इसके बारे में।

कम्युनिकेशन स्किल

अगर आपका कम्यूनिकेशन स्किल अच्छा है तो आप किसी भी तरह की नौकरी कर सकती हैं। कम्यूनिकेशन स्किल अच्छा करना काफी ज्यादा जरूरी हैं। आज के समय में अगर आपका कम्युनिकेशन स्किल अच्छा है तो आपको कही भी नौकरी मिल जाएंगी।

प्रॉब्लम सॉल्विंग एटिट्यूड

अगर आप किसी टास्क को पूरा कर रही हैं तो उनमें कई सारे प्रॉब्लम भी आएंगे। आपको उस प्रॉब्लम से भागने नही चाहिए। आपको प्रॉब्लम सॉल्विंग एटीट्यूड बनाना होगा। किसी भी मुसीबत से कैसे निकलना है यह आपको पता होना चाहिए। इन चीजों के जरिए ही आप कुछ नई चीजें सीख पाएंगे।

अंग्रेजी पर दें विशेष ध्यान

अगर आप भीड़ में सबसे अलग दिखना चाहते हैं तो आपको अंग्रेजी पर विशेष ध्यान देना काफी ज्यादा जरूरी है। इसके जरिए ही आपको एक अच्छी नौकरी मिनटों में मिल सकती हैं। इतना ही नहीं, आप अपनी अंग्रेजी से अपने सीनियर को इंप्रेस भी कर सकती हैं। इसके लिए आपको केवल थोड़ी सी प्रैक्टिस की जरूरत है।



मिडिल क्लास फैमिली के बच्चों को भी मिल सकता है इटली में पढ़ने का मौका

इटली बहुत ही सुंदर देश है और इटैलियन वाइन और पिज्जा के बारे में तो पूरी दुनिया जानती है, लेकिन सुंदरता और फूड से परे, इटली में स्टूडेंट्स के लिए भी काफी कुछ है। इटली एक ऐसा देश है जहां आप कई तरह की स्कॉलरशिप का मजा उठा सकते हैं। ये सिर्फ इटैलियन बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि, इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के लिए भी है। इंटरनेशनल स्टूडेंट्स जिनकी फैमिली में लो इनकम होती है उनके लिए यह स्कॉलरशिप अच्छी साबित हो सकती है।

इटली में स्कॉलरशिप लेकर पढ़ने की सबसे अच्छी बात यह है कि यहां स्टूडेंट्स को स्टाइपेंड भी मिलती है। यानी आपको ना सिर्फ फीस माफी और रहने की जगह मिलेगी, बल्कि आपको पैसे भी मिलेंगे। स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप और एग्जाम्स की जानकारी देने वाली इंफ्लूएंसर ने इससे जुड़ी जानकारी शेयर की है। उन्होंने एक ऐसी स्कॉलरशिप के बारे में बताया जिसे इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के दिया जा रहा है। शर्त यह है कि उनकी फैमिली इनकम काफी कम होनी चाहिए। मिडिल क्लास फैमिली इनकम के बराबर यानी 20 से 22 लाख सालाना या उससे कम।

MAECI प्रोग्राम

Ministry of Foreign Affairs and International Cooperation (MAECI) जैसा कि नाम बता रहा है, यह विदेश मंत्रालय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग द्वारा दी जाने वाली स्कॉलरशिप है। स्र्श्वष्टद्ब द्वारा यहा स्कॉलरशिप विदेशी नागरिकों और विदेश में रहने वाले इतालवी स्टूडेंट्स को दी जाती हैं। इसे एक तरह का इंटरनेशनल फॉरेन एक्सचेंज प्रोग्राम ही समझ लीजिए। यह इसलिए दी जाती है ताकि सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। इटली की सरकार स्थानीय इतालवी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा दे रही है जिससे वैश्विक स्तर पर देश की छवि बेहतर हो और अर्थव्यवस्था को भी थोड़ा फायदा मिल सके।

किन कोर्सेस के लिए मिलती है स्कॉलरशिप?

- मास्टर डिग्री कोर्स
- पीएचडी डिग्री
- शैक्षणिक सुपरविजन के तहत रिसर्च मॉड्यूल
- इतालवी भाषा का कोर्स (केवल 3 महीने के लिए)

जिसे भी MAECI प्रोग्राम के तहत स्कॉलरशिप मिलती है उसे ना सिर्फ ट्यूशन फीस नहीं देनी होती, बल्कि उसे 900 यूरो (83,223 रुपये) मासिक स्कॉलरशिप भी मिलती है। हां, ये स्कॉलरशिप सिर्फ किसी इटैलियन बैंक में ही ली जा सकती है। इसके अलावा, किसी में नहीं।

IYT प्रोग्राम

IYT (इंवेस्ट योर टैलेंट इन इटली) प्रोग्राम में भाग लेकर, छात्रों को अकादमिक और तकनीकी स्किल्स को विकसित करने का अवसर मिलता है। इस प्रोग्राम के तहत जितनी भी पढ़ाई होती है उसे इंग्लिश भाषा में सिखाया जाता है, इसलिए अगर आपको इटैलियन या इतालवी भाषा नहीं आती, तो भी दिक्कत नहीं है। इसमें मास्टर डिग्री कोर्स और मास्टर प्रोग्राम (1 साल का पीजी डिप्लोमा कोर्स) करवाया जाता है। हालांकि, इसमें बहुत सारे बेनेफिट्स हैं, लेकिन इसके लिए आपको नीचे बताए गए फील्ड्स में से किसी एक का होना होगा-

- इंजीनियरिंग
- एडवांस टेक्नोलॉजी
- इकोनॉमिक्स और मैनेजमेंट
- वास्तुकला (आर्किटेक्चर) और डिजाइन

यहां सिर्फ स्कॉलरशिप नहीं मिलती बल्कि इटैलियन कंपनियों में ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग देकर स्टूडेंट्स को एक्सपीरियंस भी दिया जाता है। यह स्कॉलरशिप काफी अच्छी मानी जाती है और इसके जरिए आप अपने लिए बहुत अच्छा करियर ऑप्शन चुन सकते हैं। इसके साथ ही, आपको IYT में ट्यूशन फीस नहीं देनी होती और साथ ही हर महीने 1000 यूरो दिए जाते हैं जो लगभग 9 महीने मिलते हैं। तो कुल राशि व 9000 मतलब भारतीय मुद्रा में 8 लाख 32 हजार रुपये के आस-पास है।

DSU

DSU (Diritto allo Studio Universitario) पूरी तरह से इटैलियन प्रोग्राम है जिसमें इटैलियन सरकार और रीजनल ऑर्गेनाइजेशन उन स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप देती हैं जिनके पास पढ़ने के लिए ठीक तरह से पैसे नहीं हैं। इसके लिए इटैलियन यूनिवर्सिटीज में बैचलर्स या मास्टर्स डिग्री के लिए अप्लाई किया जा सकता है।

DSU की ग्रांट में ये शामिल है

- इंआय के आधार पर ट्यूशन फीस में कटौती या माफी
- इंनिःशुल्क आवास
- इंनिःशुल्क या रियायती भोजन
- इंअतिरिक्त खर्चों को कवर करने के लिए मासिक भुगतान (खेल, किताबें, आदि)
- इंइस स्कॉलरशिप में लगभग 7000 यूरो सालाना यानी 6.47 लाख रुपये के आस-पास दिए जाते हैं।

एक क्लिक में कई कंपनी में भेज सकते हैं रिज्यूम, कैसे काम करता है एआई जॉब फीचर

अगर आप जॉब के लिए रिज्यूम भेजने में काफी समय लगता है, तो आप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा ले सकते हैं।

जॉब सीकर्स के लिए जॉब ढूंढ़ना काफी मुश्किल होता है। इसके लिए रोज-रोज हर जगह रिज्यूम सेंड करना होता है। फिर भी जरुरी नहीं कि उन्हें सफलता मिल ही जाए। कई बार सीवी रिजेक्ट होते हैं और बार-बार कैंडिडेट को उदासी और डिप्रेशन का शिकार होना पड़ता है। हालांकि एक-एक जगह कंपनी को देखते हुए रिज्यूम भेजने में काफी टाइम भी लगता है और कई अवसर तो छूट भी जाते हैं। लेकिन अब इसके लिए ज्यादा परेशान होने की जरुरत नहीं। मार्केट में कई एआई जॉब टूल आ गए हैं, जो आपके सीवी को मिनटों में कई जगह पर खुद ही सेंड कर देते हैं। खास बात ये है कि आपको जॉब एप्लिकेशन फॉर्म भरने की भी जरुरत नहीं पड़ेगी। बस कुछ डिटेल्स को टूल में फिल करनी है। उसके बाद सारी जिम्मेदारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की होती है। ये एक ही बार में हजारों कंपनियों में आपका सीवी भेज सकते हैं। आइए जानते हैं, यह कैसे काम करता है।

कैसे काम करता है जॉब जीपीटी

- जॉब जीपीटी का क्रोम एक्सटेंशन एड करके आप सिर्फ एक क्लिक में हजारों जगह जॉब के लिए अप्लाई कर सकते हैं।
- इसमें आपको जॉब से रिलेटेड स्किल्स और जॉब लोकेशन जैसे डिटेल्स भरने होंगे।
- इसके बाद एक सेशन में कितनी जगह जॉब अप्लाई करना है उसको भी सिलेक्ट करना होगा।
- यहां आपको लोकेशन, सैलरी, जॉब पोस्टिंग डेट, इंडस्ट्री, एक्सपीरियंस लेवल, जॉब टाइटल और रिमोट/ऑनसाइट बेस्ड हर ऑप्शन पर अपनी मर्जी का जॉब फिल्टर कर सकते हैं।
- इसके बाद कभी भी जब मन करें बस एक सिंगल क्लिक पर आप लगभग 1,000 जॉब के लिए सीवी भेज सकते हैं।

जॉब जीपीटी के फायदे

लिंक्डइन जैसे जॉब पोर्टल पर भी जॉब जीपीटी फीचर का फायदा मिल सकता है। इसकी खासियत ये है कि इसमें आपके समय की बचत होगी। कम समय में ज्यादा से ज्यादा जगह जॉब के लिए अप्लाई करेंगे। इससे जॉब मिलने की चांसेस भी काफी हद तक बढ़ जाएगी। किसी भी फ्री टाइम में आप इसका आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए कोई टाइम की लिमीटेशन भी नहीं होगी।

इंटरव्यू क्रैक करने के लिए जरूर करें गूगल के 3 फ्री ऑनलाइन कोर्स

दुनिया की सबसे बड़ी तकनीकी कंपनियों में से एक, आपको इंटरव्यू क्रैक करने में मदद करने के लिए कई मुफ्त ऑनलाइन कोर्स प्रदान करती है। ये कोर्स आपको न केवल तकनीकी जानकारी बल्कि सॉफ्ट स्किल्स भी डेवलप करने में मदद करते हैं, जो किसी भी इंटरव्यू में सफलता की कुंजी हैं।

गूगल अपने कई डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिये छात्रों एवं पेशेवरों के लिए समय-समय पर ऑनलाइन वर्कशॉप, सेमिनार, इवेंट और ऑनलाइन फ्री कोर्स की पेशकश करता है। गूगल की पहल से शुरू इन कोर्सेज में अक्सर छात्रों व पेशेवरों को उन क्षेत्रों के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है, जिनकी जॉब मार्केट में मांग बढ़ रही है। हाल ही में गूगल ने नौकरी पर आधारित कई ऑनलाइन कोर्स की शुरुआत की है। ये कोर्स उन युवाओं के लिए अधिक उपयोगी हैं, जो पहली बार किसी इंटरव्यू या नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं। साथ ही उन पेशेवरों के लिए भी लाभकारी है, जो नौकरी के साथ-साथ अतिरिक्त कौशलों को सीखना चाहते हैं।

मार्केटिंग स्ट्रेटजी एंड एआई गूगल के मार्केटिंग विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन एक घंटे के इस कोर्स के जरिये ग्राहकों से जुड़ने के लिए एआई का लाभ कैसे उठाया जाए इससे आपको परिचित करवाया जाएगा। इस कोर्स के माध्यम से यह भी बताया जाएगा कि एआई मार्केटिंग परिदृश्य को कैसे बदल रहा है और मार्केटिंग के लिए क्या अवसर मौजूद हैं।

टेलिंग स्टोरी विद डाटा विजुअलाइजेशन

45 मिनट का यह ऑनलाइन कोर्स आपको एक आकर्षक डाटा विजुअलाइजेशन बनाने के विभिन्न तरीकों के बारे में सिखाएगा। कोर्स के दौरान आपको सही विजुअलाइजेशन का चयन करना भी सिखाया जाएगा। इसलिए यह कोर्स उन छात्रों एवं पेशेवरों के लिए अधिक महत्वपूर्ण है, जो अक्सर स्कूल, कॉलेज या कार्यस्थल पर प्रेजेंटेशन देते हैं।

सोशल मीडिया स्ट्रेटजी

इस तकनीकी दौर में विभिन्न प्लेटफॉर्म एवं संगठन को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए सोशल मीडिया टीम की आवश्यकता होती है। यह कोर्स उन पेशेवरों के लिए अधिक लाभकारी है, जिनकी सोशल मीडिया में विशेष रुचि है। इस कोर्स में आपको सबसे पहले ऑनलाइन नए ग्राहकों तक पहुंचने की विभिन्न तकनीकों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही एक सरल सोशल मीडिया स्ट्रेटजी और सोशल मीडिया पोस्ट बनाने के लिए ऐसे टूल्स के बारे में भी बताया जाएगा, जो आपका कीमती समय बचा सकते हैं।

बिल्ड ए सीवी एंड राइट ए कवर लेटर

किसी भी नौकरी में आवेदन के लिए आजकल एक अच्छे रिज्यूमे के साथ-साथ एक कवर लेटर भेजने का ट्रेंड भी खूब चलन में है। यदि आपका रिज्यूमे और कवर लेटर दोनों ही बेहतरीन हैं, तो नौकरी में सफल होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। एक घंटे के इस कोर्स में आपको एक अच्छे रिज्यूमे व कवर लेटर में अधिक महत्वपूर्ण जानकारी को साझा करने के तरीकों के बारे में बताया जाएगा। यह कोर्स नौकरी की तलाश करने वाले युवा पेशेवरों को विभिन्न टूल्स से भी परिचित करवाएगा, जिसकी मदद से आप आसानी से नौकरी पा सकते हैं।

रिलायंस पावर ने वीआईपीएल को लेकर किया ऐलान....शेयर बने रॉकेट

मुंबई ।

रिलायंस पावर ने 17 सितंबर को अपनी पूर्व सहायक कंपनी विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड (वीआईपीएल) से जुड़े 3,872.04 करोड़ के बड़े कर्ज के निपटान की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद कंपनी के शेयरों में बड़ा उछाल दिखाई दिया है। रिलायंस पावर का शेयर 18 सितंबर को सुबह 9:30 बजे एनएसई (एनएसई) पर 5 प्रतिशत बढ़कर 32.97 पर कारोबार कर रहा था। एनएसई के अनुसार, रिलायंस पावर के शेयर की कीमत 28 अगस्त, 2024 को 38.11 पर 52-सप्ताह के हाई लेवल पर पहुंच गई। वहीं, रिलायंस पावर का शेयर 17 सितंबर को बीएसई (बीएसई) पर हरे निशान में 1 प्रतिशत बढ़कर 31.41 पर बंद हुआ था। एक्सचेंज फाईलिंग के अनुसार, वीआईपीएल, जिसने आरपावर के समेकित राजस्व में मात्र 0.11 प्रतिशत (8.73 करोड़) का योगदान दिया और पिछले वित्त वर्ष में 3,086.29 करोड़ की नकारात्मक शुद्ध संपत्ति रखी, 19 सितंबर, 2024 से आर पावर की सहायक कंपनी नहीं रहेगी।

बता दें कि रिलायंस पावर लिमिटेड ने देश के अक्षय ऊर्जा और भंडारण क्षेत्र में बड़ा कदम उठाया है और 500 मेगावॉट/1,000 मेगावॉट प्रति घंटा बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के लिए कांट्रैक्ट हासिल किया है। बिजली उत्पादन कंपनी ने कहा कि उसने सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) से ऑर्डर हासिल किया है, जिसने देश की ऊर्जा भंडारण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए किए जा रहे अपने प्रयासों के तहत ई-रिवर्स नीलामी (ईआरए) आयोजित की थी। यह देश में इस तरह के सबसे बड़े कांट्रेक्ट में से एक है जो 1,000 मेगावॉट/2,000 मेगावॉट प्रति घंटे के लिए बीईएसएस की एकल इकाइयों की व्यापक निविदा का हिस्सा है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ये इकाइयां बिल्ड, ऑन और ऑपरेट (बीओओ) मॉडल के तहत परिचालित होंगी और इन्हें मांग के आधार पर इस्तेमाल के लिए तैयार किया गया है।

विंडफॉल टैक्स जीरो....तेल उत्खनन कंपनियों के शेयरों में उछाल

मुंबई ।

तेल उत्खनन कंपनियों के शेयरों में बुधवार को शुरूआती कारोबार में जोरदार तेजी दिखी। दरअसल मोदी सरकार ने 18 सितंबर से घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स जीरो किया है। इसकारण तेल कंपनियों के शेयरों में उछाल देखने को मिल रहा है। व्यक्तिगत रूप से अबंस ऑफशोर के शेयर की कीमत में 2.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखी गई। साथ ही हिंदुस्तान ऑयल एक्सप्लोरेशन और ऑयल इंडिया के शेयर की कीमत में 1.9 प्रतिशत तक की तेजी आई। ओएनजीसी के शेयर की कीमत में 1.2 प्रतिशत और सेलन एक्सप्लोरेशन के शेयर की कीमत में 1.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। तुलनात्मक रूप से बीएसई सेंसेक्स सुबह 9:55 बजे 26 अंक चढ़कर 83,100 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। मोदी सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित क्रूड ऑइल के लिए अप्रत्याशित लाभ कर यानी विंडफॉल टैक्स को घटाकर शून्य प्रति टन कर दिया है। टैक्स की नई दर 18 सितंबर यानी बुधवार से प्रभावी होगी।

बता दें कि यह टैक्स विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाता है। दो सप्ताह में औसत तेल की कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े इस अधिसूचित किया जाता है। इससे पहले, संशोधन 31 अगस्त से प्रभावी हुआ था। उस समय कच्चे पेट्रोलियम पर अप्रत्याशित लाभ कर 1,850 रुपये प्रति टन निर्धारित किया गया था। मंगलवार रात जारी आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को शून्य कर दिया गया है। नई दरें 18 सितंबर से प्रभावी होंगी। इसके अलावा ब्रेंट क्रूड

ऑइल अपने हालिया शिखर 91 डॉलर प्रति बैरल से 20 प्रतिशत से अधिक गिरकर अब 73 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रहा है। सालाना आधार पर, ब्रेंट क्रूड ऑयल लगभग 5 प्रतिशत फिसल गया है। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट हाल ही में और गहरी हो गई क्योंकि चीन में लगातार सुस्त मांग के साथ-साथ अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंकाएं सामने आई है।

कीट और रोगों के प्रकोप से फसल खराब, अभी और बढ़ेंगे टमाटर के दाम

नई दिल्ली।

प्याज और खाद्य तेल के बाद अब टमाटर की कीमतें घर का बजट बिगाड़ रही हैं। टमाटर के भाव और बढ़ सकते हैं वजह है नासिक में टमाटर की फसल कीटों और रोगों के प्रकोप से खराब हो रही है। निफाड क्षेत्र के किसान सरपेन्टाइन लीफ माइनर नामक कीट से परेशान हैं, जो टमाटर के साथ अन्य सब्जियों को भी नुकसान पहुंचा रहा है। यह कीट लिरियोमाइजा ब्रासिका मक्खी का लार्वा है, जो पत्तियों को खाकर पौधों को कमजोर कर देता है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक नासिक जिले के टमाटर के खेतों में कीटों और रोगों का प्रकोप बढ़ गया है। यह आर्थिक नुकसान की स्थिति तक पहुंच गया है। इस स्थिति को इकनॉमिक थ्रेशहोल्ड लेवल कहा जाता है, जहां फसलों को बचाने के लिए तुरंत कदम उठाने की जरुरत होती है लेकिन पर्याप्त प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। महाराष्ट्र अब टमाटर की बुवाई में भी पिछड़ गया है। नासिक में टमाटर की औसत खेती करीब 21 हजार हेक्टेयर में होती है, जिसमें प्रति हेक्टेयर 30 टन का उत्पादन होता है। पिंपलगांव से दिल्ली, मध्य प्रदेश, असम और हरियाणा समेत कई बाजारों में टमाटर की सप्लाई की जाती है, जबकि कुछ मात्रा बांग्लादेश और पाकिस्तान को निर्यात किया जाता है।

मध्य प्रदेश के भिंड जिले में धान की फसल लीफ फोल्डर कीट से प्रभावित है। वहीं यूपी के सीतापुर जिले में गन्ने में लाल सड़न यानी गन्ने का कैंसर की समस्या देखी गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस साल आलू और प्याज की बुवाई कम हो रही है। 2.89 लाख हेक्टेयर के लक्षित क्षेत्र में से केवल 1.55 लाख हेक्टेयर में टमाटर बोया गया है, जबकि आलू की बुवाई 0.41 लाख हेक्टेयर के लक्षित क्षेत्र में से सिर्फ 0.30 लाख हेक्टेयर में हुई है। वहीं, प्याज की बुवाई भी अपेक्षाकृत कम है।

शेयर बाजार में तेजी से आईपीओ लिस्टिंग में भारत की कंपनियों की हिस्सेदारी बढ़ी

नई दिल्ली।

दुनिया में आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लाने में भारतीय कंपनियां सबसे आगे हैं। 2024 की पहली छमाही में वैश्विक स्तर पर हुई कुल आईपीओ लिस्टिंग में भारतीय कंपनियों की हिस्सेदारी 25 फीसदी के करीब थी। वेल्थ मैनेजमेंट फर्म एंजेल वन वेल्थ की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2024 की पहली छमाही में पूरी दुनिया में 5,450 से ज्यादा कंपनियां लिस्ट हुई हैं, इसमें भारत की हिस्सेदारी करीब 25 फीसदी थी।

रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल भी भारत में आईपीओ की लिस्टिंग देखने को मिली थी। इसकी वजह उभरती हुई कंपनियों और सेक्टरों में घरेलू निवेशकों द्वारा बड़ी संख्या में निवेश करना था। वैश्विक स्तर पर 2021 में आईपीओ मार्केट उच्चतम स्तर पर था। इस दौरान पूरी दुनिया में 2,388 कंपनियों की लिस्टिंग हुई और इन सभी ने मिलकर 453.3 अरब डॉलर की राशि जुटाई।

यह पिछले 20 सालों में आईपीओ के जरिए जुटाई गई सबसे बड़ी राशि थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है लिस्टिंग गेन के कारण बीएसई आईपीओ इंडेक्स ने बीएसई 500 इंडेक्स को 165 फीसदी के बड़े मार्जिन पछाड़ते हुए 348 फीसदी का कुल रिटर्न दिया है। स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज आईपीओ का प्रदर्शन भी बीते कुछ सालों में अच्छा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 में एसएमई आईपीओ की लिस्टिंग पर औसत लिस्टिंग गेन करीब दो फीसदी था, जोकि 2024 में बढ़कर 74 फीसदी हो गया है। 2020 में मेनबोर्ड आईपीओ के लिस्टिंग गेन अपने सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गए। इसके बाद से औसतन करीब 30 फीसदी के लिस्टिंग गेन देखने को मिल रहे हैं। आईपीओ मार्केट में तेजी की वजह भारतीय शेयर बाजार का सकारात्मक रिटर्न है। इस साल की शुरुआत से अब तक निफ्टी करीब 17 फीसदी और सेंसेक्स करीब 16 फीसदी का रिटर्न दे चुका है।

मोदी 3.0 में सरपट दौड़ रहा सेंसेक्स, निवेशकों को कर दिया मालामाल

मुंबई ।

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। मोदी सरकार 3.0 के पहले 100 दिन में सेंसेक्स 6,300 अंक या 8.2 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में लार्जकैप के साथ स्मॉलकैप में भी बंपर तेजी है। इस दौरान बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में 18 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। समीक्षा अवधि में बीएसई आईटी और बीएसई हेल्थकेयर इंडेक्स ने 22-22 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। बीएसई कंज्यूमर ड्यूरेबल्स ने 17 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। हालांकि, बीएसई मेटल इंडेक्स और बीएसई रियल्टी इंडेक्स में क्रमशः तीन और एक प्रतिशत की गिरावट हुई है। समीक्षा अवधि में रेफेक्स इंडस्ट्रीज, पीसी ज्वेलर्स, बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज, ग्राविटा इंडिया, पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट, गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया और न्यूलैंड लेबोरेटरीज ने 100 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया है। कुछ दिनों पहले वैश्विक ब्रोकरेज फर्म की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया था कि वे लंबी अवधि के लिए भारतीय शेयर बाजार पर बुलिश हैं। इसकी वजह जीडीपी में तेज वृद्धि दर का होना है, जिसके कारण कॉरपोरेट आय में भी इजाफा हो रहा है। छोटी अवधि में घरेलू निवेशकों की ओर से किया जाने वाला निवेश भी जारी रहने की उम्मीद है। वहीं, विदेशी निवेशकों की भी वापसी हो सकती है। भारतीय शेयर बाजार में तेजी की वजह अर्थव्यवस्था का मजबूत होना है। भारत की जीडीपी वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। इसके वित्त वर्ष 2024-25 में 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। इस साल की शुरुआत से अब तक निफ्टी करीब 17 प्रतिशत और सेंसेक्स करीब 16 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है।

रुपया बढ़त के साथ बंद

मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बाजार में भारतीय रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ ही 83.70 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपया 83.89 पर खुला। वहीं अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को 83.76 पर बंद हुआ था। गत दिवस प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर रुख और वै श्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में रुपया दो पैसे मजबूत होकर 83.84 प्रति डॉलर पर पहुंच गया था। विदेशी पूंजी की निकासी ने स्थानीय मुद्रा की तेजी को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मामूली गिरावट के साथ 83.87 प्रति डॉलर पर खुला, हालांकि शुरुआती सौदों के बाद वापसी करते हुए 83.84 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से दो पैसे की बढ़त दिखाता है।

स्पाइसजेट..... खा गई अपने कर्मचारियों का पैसा

नई दिल्ली । कभी भारतीय आसमान की क्लीन माने जाने वाली विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने ऐसा काम किया है, जो कॉरपोरेट जगत में शर्मनाक है। पहले कंपनी ने अपनी गलतियों से कारोबार डुबाया और उसके विमान जमीन पर आ गए। कंपनी के पास पैसा नहीं बचा, तब कर्मचारियों का पैसा काटकर अपना खर्च चलाने लगी। खुलासा होने पर बेशर्मी से स्वीकार भी किया कि हां, हमने डिफॉल्ट किया है। इतना ही नहीं इस राशि को लौटाने के लिए लंबा वक्त चाहिए, क्योंकि कंपनी के पास फिलहाल इस संकट से जल्दी निकलने का कोई तय फॉर्मूला नहीं दिख रहा है। स्पाइसजेट ने बाजार नियामक सेबी को पेश किए प्रीलिमिनरी प्लेसमेंट डॉक्यूमेंट (पीपीडी) में इसका खुलासा किया है। कंपनी ने स्वीकार किया है कि उसने अप्रैल 2020 से अगस्त 2023 के बीच कर्मचारियों की सैलरी से काटे गए 220 करोड़ रुपये के टीडीएस यानी टैक्स को अथॉरिटी के पास जमा नहीं कराया। इस दौरान 135.3 करोड़ रुपये का पीएफ यानी भविष्य निधि का पैसा भी कर्मचारियों की सैलरी से काटा, लेकिन इस पैसे को भी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ के पास जमा नहीं कराया। कंपनी की इस हरकत को कर्मचारियों के भविष्य के साथ बड़ा खिलवाड़ माना जा रहा है। कंपनी ने बताया है कि आकलन वर्ष 2009-10 से 2013-14 के बीच भी 72 करोड़ रुपये के टीडीएस को लेकर विवाद चल रहा है। इसका मतलब है कि कंपनी ने पहले भी अपने कर्मचारियों की सैलरी से टीडीएस काटा पर आयकर विभाग तक नहीं पहुंचाया। कंपनी ने सेबी को बताया है कि उसके ज्यादातर विमान जमीन पर खड़े हैं और कारोबार ठप हो गया है। एयरक्राफ्ट लीज पर देने वाली कंपनियों का भी बकाया है, जबकि मेंटेनेंस के पैसे नहीं होने से विमानों का संचालन भी नहीं हो पा रहा। लीज देने वाले और वेंडर्स के खिलाफ डिफॉल्ट होने से कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ रहा, जिसमें आईबीसी कानून के तहत दिवालिया कार्यवाही भी शामिल है। 30 जून, 2024 तक स्पाइसजेट के आधे से ज यादा विमान जमीन पर आ चुके हैं। कंपनी के पास 64 विमान हैं, जिसमें से 36 का परिचालन ठप है। कंपनी का घाटा भी 7,728 करोड़ रुपये पहुंच गया है, जबकि नेट वर्थ भी 5,022 करोड़ रुपये निगेटिव में पहुंच गई है।

बेहतर मानसून के कारण देश में बढ़ा दालों की बुआई का रकबा

धान की बुआई ने बीते पांच साल का रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली । पूरे देश में सामान्य से अधिक मानसूनी बारिश के कारण दालों की बुआई का रकबा करीब 8 प्रतिशत बढ़कर 127.77 लाख हेक्टेयर (17 सितंबर तक) हो गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 118.43 लाख हेक्टेयर था। केंद्र सरकार की ओर से इसकी जानकारी दी गई। जानकारी के मुताबिक, इस साल 2 सितंबर तक खरीफ की फसलों की बुआई 1,096 लाख हेक्टेयर में हुई है। पिछले साल समान अवधि में आंकड़ा 1,087.33 लाख हेक्टेयर था। इस साल धान की बुआई 410 लाख हेक्टेयर में हुई है, यह आंकड़ा पिछले साल समान अवधि में 393.57 लाख हेक्टेयर था। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी डेटा के मुताबिक, मोटे अनाज की बुआई 189.67 लाख हेक्टेयर में हुई है। पिछले साल समान अवधि में यह आंकड़ा 183.11 लाख हेक्टेयर था। इस साल तिलहन की बुआई का क्षेत्रफल 190.37 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 193.32 लाख हेक्टेयर हुआ है। वहीं, गन्ने की बुआई 57.68 लाख हेक्टेयर में हुई है, पिछले साल समान अवधि में गन्ने की बुआई 57.11 लाख हेक्टेयर में हुई थी। 2024 में अब तक अच्छे मानसून के कारण धान की बुआई पिछले पांच वर्ष के औसत को पार कर चुकी है। बुआई का क्षेत्रफल बढ़ने की मुख्य वजह देश में अच्छे मानसून का होना है, जिसके कारण देश के असिंचित इलाकों में बुआई क्षेत्रफल बढ़ा है। यह देश के कुल कृषि भूमि का 50 प्रतिशत है। कृषि और उससे जुड़े हुए सेक्टर पर केंद्र सरकार की ओर से लगातार ध्यान दिया जा रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में 1.52 लाख करोड़ रुपये कृषि और उससे जुड़े सेक्टर में उत्पादन बढ़ाने के लिए आवंटित किए गए थे।

शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही मुनाफावसूली हावी रहने से आई है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर फैसले से पहले ही निवेशकों ने मुनाफावसूली शुरु कर दी और जिससे आईटी कंपनियों के शेयर टूट गये। दिन भर के करोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 131.43 अंक करीब 0.16 फीसदी नीचे आकर 82,948.23 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 41 अंक तकरीबन 0.16 फीसदी नीचे आकर 25,377.55 पर बंद हुआ। इंट्रा डे कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनो ही ऊपर आये थे।

आज कारोबार के दौरान निफ्टी पर टीसीएस, इंफोसिस, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा और विप्रो सहित 33 शेयर गिरावट पर बंद हुए, वहीं श्रीराम फाइनेंस, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, नेस्ले इंडिया और एचडीएफसी बैंक के 19 शेयर बढ़त पर बंद हुए।

टीसीएस, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक और सन फार्मा के शेयरों में 3.46 फीसदी तक की गिरावट रही। इस बीच, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, नेस्ले इंडिया और एचडीएफसी बैंक के शेयर 3.36 फीसदी तक की बढ़त के साथबंद हुए। दुनिया भर के बाजारों की बात करें एशियाई बाजारों में टोक्यो और शंघाई के बाजार ऊपर आये हैं जबकि हांगकांग में अवकाश के कारण कारोबार बंद रहा। वहीं यूरोपीय बाजारों में गिरावट दर्ज की गई जबकि गत दिवस अमेरिकी बाजारों में मिश्रित कारोबार हुआ।

वहीं गत दिवस बाजार हल्की बढ़त पर बंद हुआ था। बाजार आज सुबह गिरावट पर खुले।बाजार में इस गिरावट का कारण दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही

नीतिगत ब्याज दरों को लेकर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के बयान के कारण निवेशकों का सतर्क रुख भी रहा है। आज सुबह सभी मुख्य सूचकांकों में एक सीमित दायरे में कारोबार होता दिखा। सुबह सेंसेक्स 85 अंक करीब 0.10 फीसदी नीचे आकर 82,990 और निफ्टी 21 अंक तकरीबन 0.09 फीसदी फिसलकर 25,393 पर था। शुरुआती कारोबार में बाजार में वित्तीय शेयरों में गिरावट रही। निफ्टी बैंक 55 अंक करी 0.11 फीसदी बढ़कर 52,224 पर था। वहीं ऑटो, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, एफएमसीजी, रियल्टी और मीडिया के शेयरों में तेजी रही जबकि आईटी, फार्मा और मेटल के शेयरों पर दबावा रहा। इसके अलावा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी सपाट कारोबार हुआ।

निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 23 अंक करीब 0.04 फीसदी नीचे आकर 60,157 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 10 अंक तकरीबन 0.05 फीसदी बढ़कर 19,476 पर रहा है।

दिवालिया होने की कगार पर किचनवेयर कंपनी टप्परवेयर

मुंबई । अमेरिकी किचनवेयर कंपनी टप्परवेयर ब्रांड्स कॉर्प दिवालिया होने वाली है। वर्षों से घटती बिक्री और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण कंपनी ने दिवालियापन संरक्षण के लिए चैप्टर 11 दायर किया है। रिपोर्ट के अनुसार, टप्परवेयर की संपत्तियां 500 मिलियन और 1 बिलियन के बीच है, जबकि देनदारियां 1 बिलियन और 10 बिलियन के बीच आंकी गई है। जून 2024 में टप्परवेयर ने अपना अंतिम अमेरिकी कारखाना बंद कर दिया। किचन और घर में इस्तेमाल के लिए कंटेनर बनाने वाली कंपनी ने लंबे समय तक बाजार पर राज किया है। इसके टिफिन ऑफिस जाने वाले लोगों के बीच बहुत मशहूर हैं। टप्परवेयर ब्रांड्स कॉर्प की स्थापना 1946 में अर्ल टुप्पर ने की थी। टुप्परवेयर अपने अभिनव प्लास्टिक उत्पादों, विशेषकर इसके पेटेंटेड एयरटाइट सील के कारण जल्द ही बहुत लोकप्रिय ब्रांड बन गया था। ब्रांड ने इन-होम बिक्री पार्टियों के माध्यम से लोकप्रियता हासिल। ये पार्टियां उपनगरीय अमेरिका में एक सांस्कृतिक घटना बन गई थीं। कोरोना महामारी के दौरान इसकी सेल्स में तेज इजाफा हुआ, जब लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे थे और अधिक से अधिक कुकिंग हो रही थी और खाना बच भी रहा था। हालांकि जब स्थिति सामान्य हुई तब इसकी सेल्स में भरी गिरावट आई। रिपोर्ट के मुताबिक टप्परवेयर ने कर्ज की शर्तों का उल्लंघन किया है। इसके बाद कर्ज देने वाले कोर्ट पहुंच गए। कंपनी ने लीगल और फाइनेंशियल एडवाइजर्स चुन लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक टप्परवेयर और इसके लेंडर्स के बीच इस लेकर बातचीत शुरू हो गई है कि 70 करोड़ डॉलर (5870.53 करोड़ रुपये) से अधिक के कर्ज को कैसे मैनेज किया जाए।

सिस्टमेटिक्स कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड ने जुटाए 103.12 करोड़ रुपये

ऑल्टर्नेट इनवेस्टमेंट फंड्स (AIF) लॉन्च करने की तैयारी

मुंबई/इन्दौर ।

सिस्टमेटिक्स कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड ने 1531 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर इक्विटी शेयरों के प्रेफरेंशियल अलॉटमेंट के माध्यम से 103.12 करोड़ रुपये की फंड जुटाने की घोषणा की है। यह कंपनी की स्ट्रेटेजिक और ऑपरेशन में अपने इन्वेस्टर्स के विश्वास और भरोसे को मजबूत करता है। इस रकम का उपयोग सिस्टमेटिक्स के अलग अलग बिज़नेस वर्टिकल्स में स्ट्रेटेजिक इनिशियेटिव के लिए किया जाएगा, जिसमें केटेगरी I और केटेगरी IIIके दो ऑल्टर्नेट इनवेस्टमेंट फंड्स (AIFs) की शुरुआत, मार्जिन ट्रेडिंग बुक का विस्तार, वेल्थ मैनेजमेंट को मजबूत करने, इन्स्टिटयूशन संस्थागत और एचएनआई/रिटेल ब्रोकिंग डिवीजन का विस्तार और आईबी एवं ईसीएम बिज़नेस की ग्रोथ को तेज करना शामिल है। बेलग्रेव इन्वेस्टमेंट फंड, श्री मधुकर चिमनलाल शेठ, ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, श्री सिद्धार्थ अय्यर, निखिल वोरा एचयूएफ, कैप्री ग्लोबल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, स्काई हॉक वेंचर्स, को प्रेफरेंशियल शेयर अलॉट किए जाएंगे। सिस्टमेटिक्स कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड (SCSL) के प्रबंध निदेशक श्री निखिल खंडेलवाल ने कहा, इस फंड का जुटाया जाना हमारे विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह हमें अपनी विकास पहलों को तेज करने और एक प्रशंसित भारतीय वित्तीय सेवा कंपनी बनाने के हमारे इरादे को और मजबूती देता है। सिस्टमेटिक्स ईसीएम और आईबी में अपनी क्षमताओं को बदलने के साथ ही पीएमएस और ब्रोकरेज व्यवसायों की वृद्धि को तेज कर रही है। ऑल्टर्नेट इनवेस्टमेंट फंड्स(AIFs) और वेल्थ मैनेजमेंट की नई विकास पहलों का फायदा मिलने में सक्षम है। यह हमारे कॉर्पोरेट क्लाइंट्स के लाइफसाइकल पार्टनर होने के हमारे प्रिंसिपल से मेल खाता है। सिस्टमेटिक्स ने मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया है, जिसमें कर-पश्चात लाभ वर्ष 2020 में 1.32 करोड़ रुपये था, जो वर्ष 2024 में 152% सीएजीआर के साथ बढ़कर 53.35 करोड़ रुपये हो गया है।

सिग्नेचर पेंशन से ग्राहकों को रिटायरमेंट बचत बढ़ाने में मिलेगी मदद

रांची: आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर पेंशन' लॉन्च किया है। यह एक मार्केट लिंक्ड पेंशन प्रोडक्ट है, जो ग्राहकों को कम लागत और टैक्स बचत के साथ रिटायरमेंट फंड बनाने में मदद करता है। वित्तीय स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए रिटायरमेंट की योजना बनाना महत्वपूर्ण है। यह प्रोडक्ट ग्राहकों को रिटायरमेंट के लिए बचत और आय सृजन करने की योजना बनाने में मददगार है। लॉन्च के बारे में बोलते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर श्री अमित पाल्टा ने कहा, रहमें अपने मार्केट लिंक्ड पेंशन प्रोडक्ट, आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर पेंशन की पेशकश करते हुए खुशी हो रही है। इससे ग्राहकों को अपना रिटायरमेंट फंड बनाने में सहायता मिलेगी, जिससे वे भारत के विकास में योगदान दे सकेंगे। यह प्रोडक्ट ग्राहकों को इक्विटी में 100% निवेश की सुविधा देता है और रिटर्न को अधिकतम करने के लिए इक्विटी, डेट और बैलेंस्ड फंड के बीच असीमित मुफ्त स्विच प्रदान करता है। हम इस प्रोडक्ट के साथ दो नए फंड्स 'आईसीआईसीआई प्रू पेंशन इंडिया ग्रोथ फंड' और 'आईसीआईसीआई प्रू पेंशन बैलेंस्ड फंड' भी पेश कर रहे हैं। आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर पेंशन में ग्राहकों को अपनी आय शुरू होने की तारीख तय करने के लिए दो विकल्प मिलते हैं: 'एडवांस' (अग्रिम) और 'पोस्टपोन' (स्थगित)। आय शुरू होने की तारीख में अग्रिम विकल्प से उन्हें रिटायरमेंट से पहले ही आय प्राप्त होने लगती है। इसके विपरीत, जो ग्राहक चाहते हैं कि उन्हें रिटायरमेंट के बाद आय प्राप्त होना शुरू हो, वे आय शुरू होने की तारीख को स्थगित करना चुन सकते हैं।

विपक्ष पर दबाव का केजरीवाली आतिशी दांव

ललित गर्ग

केजरीवाल को अतिशी रूपी दांव से ज्यादा लाभ शराब घोटाले में नाम आने व गिरफ्तारी के बाद तुरंत इस्तीफा दे देते तो मिलता। ऐसे में, आतिशी के पास अपनी शासकीय छाप छोड़ने के साथ आप की राजनीतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। दिल्ली में निश्चित रूप से उसकी लड़ाई भाजपा के साथ ही कांग्रेस से भी अपनी जमीन बचाने की होगी।

अरविंद केजरीवाल राजनीति के चतुर खिलाड़ी हैं। उन्होंने राजनीति में कुछ मौलिक प्रतिस्थापनाएं की है, बने-बनाये रास्तों पर न चलकर नये रास्ते इजाद किये हैं। वे संकटों को अवसर में बदलने वाले करिश्माई व्यक्तित्व भी हैं। उनकी राजनीति अनेक विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी रही है, उनके व्यवहार एवं वचनों में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित होते रहे हैं, लेकिन ये ही विरोधाभास उनकी राजनीतिक चमक का कारण भी बने हैं। क्योंकि राजनीति में सब जायज माना जाता है। सर्वोच्च न्यायालय से सशर्त जमानत मिलने से खुद को बंधा महसूस करते हुए उन्होंने इस्तीफे का धारदार दांव चलाकर राजनीतिक जगत में एक हलचल पैदा कर दी। वहीं पार्टी में संभावनाओं भरे अनेक चेहरों के होने के बावजूद उन्होंने आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया, जबकि वह वरिष्ठता क्रम में निचले पायदान पर खड़ी थी, लेकिन केजरीवाल ऐसे चौंकाने वाले फैसले पहले भी लेते रहे हैं। लेकिन इस तरह वे जनादेश का मजाक भी बनाते रहे हैं तो संवैधानिक स्थितियों की धता भी करते रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल साहस के कदम एवं चतुराई की आंख लेकर परम्परागत राजनीति की जंजीरों को तोड़कर आगे निकलते रहे हैं। संभावनाएं की जा रही थी कि केजरीवाल आम आदमी पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता को मुख्यमंत्री बना सकते हैं। अधिक संभावनाएं उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाये जाने की थी। क्योंकि क्षेत्रीय दलों में किसी राजनीतिक या कानूनी संकट के चलते परिवार के ही किसी सदस्य को सत्ता की बागडोर सौंप देने परंपरा रही है। ताकि स्थितियां सामान्य होने पर फिर मुख्यमंत्री की गद्दी आसानी से वापस ली जा सके। इसके अनेक उदाहरण है, जिनमें बिहार में चारा घोटाले में घिरने के बाद लालू यादव ने पत्नी राबड़ी देवी को सत्ता की बागडोर सौंपी थी। बहरहाल, केजरीवाल ने जेल से बाहर आते ही अपने तरकश से जो तीर चले हैं, उनकी धार एवं तीक्ष्णता को महसूस किया जा सकता है। इन तीरों से हरियाणा व जम्मू कश्मीर चुनाव समेत अन्य राष्ट्रीय मुद्दों में उलझी भाजपा व कांग्रेस पर केजरीवाल ने मनोवैज्ञानिक राजनीतिक दबाव तो बना ही दिया है। हरियाणा में स्वतंत्र चुनाव लड़ने का निर्णय लेकर उन्होंने सत्ता के गठन में स्वयं को एक ताकतवर मोहरे के रूप में प्रस्तुत करने का चतुराई भरा खेल भी खेला है। दिल्ली में भी उन्होंने अपनी निस्तेज होती स्थितियों को मजबूती दी है।

दरअसल, केजरीवाल भ्रष्टाचार के विरोध में आन्दोलन के योद्धा के रूप में वर्ष 2014 के इस्तीफे के दांव की तरह 2015 में आम आदमी पार्टी को मिली भारी जीत का

अध्याय दोहरा देना चाहते हैं। लेकिन इस बार की स्थितियां खुद भ्रष्टाचार में लिप्त होने से खासी चुनौतीपूर्ण व जोखिमभरी हैं। निस्संदेह, यह दांव मुश्किल भी पैदा कर सकता है क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली थी। भले ही केजरीवाल अपने को, समय को पहचानने वाला साबित कर रहे हो, लेकिन वे अपने देश को, अपने पैरों की जमीन को एवं राजनीतिक मूल्यों को नहीं पहचान रहे हैं। ह्यआपह्न की राजनीति नियति भी विसंगति का खेल खेलती रहती है। पहले जेल जाने वालों को कुर्सी मिलती थी, अब कुर्सी वाले वाले जेल जा रहे हैं। यह नियति का व्यंग्य है या सबक? आप के शीर्ष नेताओं के लिये पहले श्रद्धा से सिर झुकता था अब शर्म से सिर झुकता है। कैसे आप की राजनीति इस शर्म के साथ जनता से मुखातिब होगी और जनता क्या जबाव देगी, यह भविष्य के गर्भ में है।

जिन अप्रत्याशित हालात में एवं बहुत कम समय के लिये आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया गया है, वे बेहद चुनौतीपूर्ण हैं। विधानसभा चुनावों से ठीक पहले राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के कई उदाहरण हाल के वर्षों में दिखे हैं, लेकिन यह मामला उन सबसे अलग है। पिछले करीब दो साल न केवल आम आदमी पार्टी के लिए बल्कि दिल्ली सरकार के लिए भी इस मायने में चुनौतीपूर्ण रहे कि एक-एक कर उसके कई बड़े नेता और मंत्री जेल भेज दिए गए। दिल्ली का विकास मुफ्त की संस्कृति की भेट चढ़कर विकास को अवरुद्ध किये हुए हैं। मुख्यमंत्री केजरीवाल के जेल जाने के बाद संकट और गहराया। इन संकटपूर्ण हालातों में आतिशी ने पार्टी का प्रभावशाली ढंग से बचाव किया। उन्होंने सौरभ भारद्वाज और अन्य साथियों के साथ मिलकर सड़क से लेकर मीडिया तक आम आदमी पार्टी की जंग लड़ी, उससे कार्यकताओं में उनकी एक जुझारू छवि बनी है। ऐसे में, उनसे उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। क्या अतिशी अपने राजनीतिक कौशल से यह पद पाया है या वे केजरीवाल की राजनीति का एक मोहरा-भर बनी है? उनके हिस्से में यह पद तब आया जब पार्टी के दो सबसे बड़े नेताओं-अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया-ने कह दिया कि वे नए सिरे से जनादेश हासिल करने के बाद ही पद पर बैठेंगे। अगर पार्टी जनादेश हासिल नहीं कर पाती तब तो उन्हें पद छोड़ना ही पड़ेगा, अगर पार्टी चुनाव जीतती है तब भी मुख्यमंत्री पद से उनका हटना लगभग तय है। इन स्थितियों में कांटोंभरा ताज पहनकर उनके कामकाज एवं प्रभावी नेतृत्व का क्या औचित्य है?

अतिशी एक वफादार एवं जिम्मेदार नेता के रूप में अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रही है। पार्टी के लिये उनके समर्पण एवं अटूट निष्ठा की मुद्रा विधायक दल की नेता चुने जाने के वक्त भी सामने आयी, जब आतिशी ने सार्वजनिक रूप से यह कहा कि वह सिर्फ अगले चुनाव तक पदभार संभाल रही हैं, पार्टी के भीतर किसी नए केंद्र की आशंका को तिरोहित करना तो है ही, कहीं न कहीं यह वरिष्ठ नेताओं की आहत महत्वाकांक्षाओं पर मरहम रखना भी है। आतिशी का यह पहला कार्यकाल है, और किसी गैर-राजनीतिक पारिवारिक पृष्ठभूमि की महिला का पांच साल के भीतर यूं मुख्यमंत्री की कुरसी तक पहुंचने का यह विरल उदाहरण भी है। अतिशी दिल्ली जैसे सुबे की मुखिया बनी हैं, जिस दिल्ली ने सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित जैसी दिग्गज महिला नेताओं का शासन देखा है। कुल मिलाकर, दिल्ली में शुरू हुए आप के इस नए प्रयोग और उसके नतीजों पर सबकी नजरें होंगी।

अरविंद केजरीवाल ने महाराष्ट्र और झारखंड के साथ ही दिल्ली विधानसभा का भी चुनाव कराने की मांग की है, उनकी यह मांग अस्वीकृत हो गयी है, फिर भी अगले साल फरवरी के पहले पखवाड़े तक दिल्ली में चुनाव कराने होंगे। केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सोची-समझी रणनीति के तहत ही दिया है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव को अपनी ईमानदारी के जनमत संग्रह के रूप में दर्शा सकें। उनका मकसद भाजपा सरकार द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के आरोपों का मुकाबला करने तथा खुद को राजनीतिक प्रतिशोध के शिकार के रूप में दिखा जनता की सहानुभूति अर्जित करना भी है। लेकिन इस तरह की राजनीतिक चतुराई में अगर कोई आधार नहीं होता, कोई तथ्य नहीं होता, कोई सच्चाई नहीं होती तो दूसरों के लिए खोदे गए खड्डों में स्वयं एक दिन गिर जाने की स्थिति बन जाती है। कुछ लोग इस प्रकार से प्राप्त जीत की खुशी मनाते हैं, कुछ इस प्रकार की हार की खुशी मनाते हैं, जो कभी जीत से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि गलत तरीकों से प्राप्त जीत से सिद्धांतों पर अडिग रहकर हारना सम्मानजनक होता है। निस्संदेह, जनता से ईमानदारी का प्रमाण पत्र हासिल करने की योजना उनकी दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा जान पड़ती है।

केजरीवाल को अतिशी रूपी दांव से ज्यादा लाभ शराब घोटाले में नाम आने व गिरफ्तारी के बाद तुरंत इस्तीफा दे देते तो मिलता। ऐसे में, आतिशी के पास अपनी शासकीय छाप छोड़ने के साथ आप की राजनीतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। दिल्ली में निश्चित रूप से उसकी लड़ाई भाजपा के साथ ही कांग्रेस से भी अपनी जमीन बचाने की होगी। दिल्ली के नागरिकों की अपेक्षाओ पर खरा उतरने के साथ-साथ पार्टी की चुनावी नैया पार लगाने की चुनौती तो है ही। जाहिर है, आम आदमी पार्टी उनसे यही अपेक्षा करेगी कि आगामी विधानसभा चुनाव में जीत का आलेख लिखे।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

संपादकीय

आत्ममंथन का समय

अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर अपनी समझ से जोरदार राजनीतिक चाल चली है, लेकिन लगता नहीं कि उनको बहुत ज्यादा राजनीतिक लाभ होगा। सबसे पहली बात तो यह है कि केजरीवाल ने अपनी सच्चाई और ईमानदारी पर जनता से फैसला मांगा है। अगर इस बार दिल्ली की जनता उनकी पार्टी के पक्ष में जनादेश देती है तो इसका मतलब होगा कि वे ईमानदार हैं। यह बयान चालाकीपूर्ण है। वास्तव में उनकी ईमानदारी का फैसला अदालत करेगी। जनता ही फैसला करने लग जाए तो जेल से चुनाव जीतने वाले अपराधी बेदाग और ईमानदार हो जाएंगे। दूसरी बात आबकारी नीति के मामले में केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत उनकी पार्टी सवालों के घेरे में हैं। लेकिन पूरे मामले में केजरीवाल आज तक खुलकर यह नहीं बता पाए कि नई आबकारी नीति क्यों लाए और क्यों इसे वापस ले लिया। केजरीवाल की चुप्पी साबित करती है कि कुछ न कुछ तो गड़बड़ है। तीसरी बात आम आदमी पार्टी (आप) की ही नेता रहीं स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास पर केजरीवाल के करीबी विभव कुमार द्वारा मारपीट के समय स्वयं केजरीवाल और उनकी पत्नी, दोनों मौजूद थे लेकिन आज तक दोनों ने इस मामले में मुंह नहीं खोला जबकि जंतर मंतर पर महिला पहलवानों के धरने पर केजरीवाल ने पहुंच कर उनका समर्थन किया था। कहा था कि दुनिया में देश का नाम रोशन करने वाली महिला खिलाड़ी हमारी बेटियां हैं, इन्हें इंसाफ मिलना चाहिए। वस्तुतः स्वाति मालीवाल के मामले में केजरीवाल और उनकी पार्टी को अधिक नुकसान हुआ है। जनता इन सब चीजों को देखती और परखती है। केजरीवाल और उनकी पार्टी की पहले जैसी छवि नहीं रही है। फिर एक दशक के शासन में आप के विरुद्ध सत्ता विरोधी लहर भी है। अब आतिशी मालेर्ना सिंह को आप के विधायक दल का नेता चुना गया है। आतिशी ने बहुत सक्षम नेत्री के रूप में अपने को स्थापित किया है। वह केजरीवाल के प्रति वफादार हैं और घोषणा कर चुकी हैं कि अपने राजनीतिक गुरु के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाल रही हूं और उन्हें वापस लाने के लिए काम करूंगी। यह ठीक है कि आप में केजरीवाल को कोईचुनौती देने वाला नहीं है, लेकिन उन्हें अपनी गलती-कमियों पर आत्ममंथन करना चाहिए और जनता के सामने सचमुच ईमानदार बन कर रहना चाहिए अन्यथा बदलावकारी राजनीति के लिए उनका आगमन एक दुर्घटना के रूप में दर्ज किया जाएगा।

चिंतन-मनन

पाप कर्म का फल हानिकारक है

कहहिं कबीर यह कलि है खोटी। जो रहे करवा सो निकरै टोटी।। एक छोटा सा पहाड़ी गांव था। ग्राम के सभी लोग शराब व मांस का सेवन करते थे। जो शराब नहीं पीता था, जो मांस नहीं खाता था उसे ग्राम सजा के रूप में ग्राम बाहर कर देते थे। उसी ग्राम का एक आदमी अपने संबंधी के गांव गया। ग्राम में संतजन आए हुए थे। अत? अपने समधी के साथ सत्संग में चला गया। उपदेश का जादू ऐसा कर गया कि वह तत्काल प्रभाव से शराब व मांस सेवन छोड़ दिया। गांव वापस आने पर पूरा परिवार इस दुर्व्यसन को छोड़ दिए। यह तथ्य ग्राम में फैल गई। बैठक हुई और उसे गांव बहिरा की सजा दे दी गई गांव वाले उस परिवार से कटने लगे। नाई, धोबी, नौकर आदि सब ने उसके यहां काम करना बंद कर दिया। कुछ दिन उसे जीवनयापन में अड़चन हुई परंतु धीरे-धीरे सब सामान्य हो गया। गांव के और लोग उनसे प्रभावित होकर शराब मांस छोड़ दिए। साहेब कहते हैं कि, हे अभागा मनुष्य! तुम्हें बुरे कार्य करने के लिए किसने सम्मानित किया है जो रात दिन चोरी, झूठ, नशापान, मांस खाने में आनंद मानते हो और विषयों में सुख का भ्रम पाल रहे हो आज कल में तेरा अंत हो जाएगा। जीवन भर अशुभ कार्य करते हुए इस उत्तम मानव शरीर का दुरुपयोग ही किए हो अत? मृत्यु पश्चात तुम्हारा कहां निवास होगा इसका तुम्हें होश नहीं है। राम न रमसि कौन डंड लागा। राम भजन है शुभ कार्य। शुभ कार्य छोड़कर अशुभ काम में लिप्त रहने तुम्हें किसने दंडित या गांव बहिरा किया है? साहेब कहते हैं, पाप कर्म बहुत बुरी बात है। पाप कर्म का फल हानिकारक है, पाप कर्म काटने के लिए तीर्थ जाते हो। पूजा पाठ करते हो। केश-मुंडन कराते हो। तंत्र-मंत्र तथा पाखंड युक्त कर्म करके मुक्त होना चाहते हो। ये सब तुम्हारा भ्रम है अपने अंदर की पशुत्व को मिटाना छोड़ पशुबलि पर मुक्ति पाने का भ्रम पालते हो। साहेब कहते हैं, जीवन में जिसकी कमाई होगी उसी का फल मिलेगा। मनुष्य जो कुछ जीवन भर करता है उन्हीं सबका संस्कार

विचार-मंथनः पत्रवार के इस दौर में कोई पिछड़ तो नहीं रहा

डॉ हिदायत अहमद खान

एक समय था जब पत्राचार कुशलक्षेम जानने से लेकर प्रेम और स्नेह को जतलाने के लिए किया जाता था। इससे पहले राजा-महाराजाओं के समय में संधी या युद्ध की धमकी के लिए पत्रों का अदान-प्रदान होता था। खास बात यह है कि तब पत्र जिसे लिखा जाता था वही पत्र का जवाब देता था, भले ही वह पढ़ा-लिखा हो या न हो। अब चूंकि दुनियां अत्याधुनिक दौर में प्रवेश कर चुकी है। अब कागज व कलम-दवात की जगह इंटरनेट के साथ ही कंम्प्यूटर, लेपटॉप व मोबाईल जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से संदेशों का अदान-प्रदान ज्यादा होने लगा है। ऐसे में समय की बचत के साथ ही पत्र सही जगह पहुंचेगा या नहीं इसकी समस्या भी अब जाती रही है। बावजूद इसके राजनीतिक गलियारे में पत्रवार या पत्रों की सियासी जंग जारी है। इस पत्रवार में एक बात जरुर देखने को मिल रही है कि जिसे पत्र लिखा जाता है, वह जवाब दे या न दे, लेकिन दूसरे लोग उसके जवाब में लंबा-चौड़ा पत्र लिखकर सामने वाले को पस्त करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रख रहे हैं। यकीन नहीं आता तो कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे गए पत्र के जवाब में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के पत्र को ही देख लें। वैसे भी भारतीय राजनीति उस दौर में है जहां भाषा और सुचिता का कोई मेल ही नहीं है। जिसके जो मर्जी आता है बोल देता है। इससे लोकतंत्र भी आहत होता है। ऐसी भाषा जो दूसरों को आहत करे, लोगों को मरने-मारने पर उतारु कर दे, इसका अहिंसावादी देश भारत में क्या काम हो सकता है? लेकिन ऐसी भाषा का इस्तेमाल सियासी गलियारे में खूब हो रहा है। जिसे रोकने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष और विपक्ष के शीर्ष नेतृत्व की है। इससे इंकार नहीं किया जा सकता, लेकिन देखने में आ रहा है कि इसे रोकना तो दूर बढ़ाने के प्रयास ज्यादा हो रहे हैं।

दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जो पत्र लिखा उसमें उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को एनडीए नेताओं के द्वारा आतंकवादी कहे जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए इस तरह के बयानों पर लगाम लगाए जाने की बात कही। पत्र में उन्होंने लिखा कि, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्यान एनडीए नेताओं द्वारा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ की गई असभ्य टिप्पणियों की ओर आकर्षित करना चाहता हूं...। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि अनुशासन और शिष्टाचार के जरिए ऐसे नेताओं पर लगाम लगाएं...ऐसे बयानों के लिए सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भारत की राजनीति को पतन की ओर जाने से रोका जा सके। कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने पत्र की भाषा को संयमित रखा। पर इससे क्या, क्योंकि उन नेताओं को बोलने का अवसर तो मिल ही गया, जो हर मुद्दे पर अपनी राय रख कर देश और दुनियां का ध्यान अपनी ओर खींचना चाहते हैं, ताकि उनकी राजनीति किसी भी कीमत पर चमकती रहे। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के पत्र का जवाब प्रधानमंत्री ने फिलहाल तो नहीं दिया, लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक लंबा पत्र बतौर जवाब लिखा और सख्त लहजे में बतला दिया कि कांग्रेस और उसके नेता यथार्थ और सत्य से कोसों दूर हैं। पत्र के जवाब में सवाल करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने पूछा कि क्या आप राहुल गांधी की करतूत भूल गए? राहुल गांधी जाति जनगणना और आरक्षण के नाम पर भड़का रहे हैं। यही नहीं राहुल गांधी ने कई बार पीएम मोदी का अपमान किया। सोनिया गांधी ने तो पीएम को मौत का सौदागर कहा था। नड्डा ने पत्र में कहा है कि कांग्रेस ने कई बार पीएम का अपमान किया है। कांग्रेस ने देश को शर्मसार किया है। बात इतनी सी है कि भूतपूर्व नेताओं और वर्तमान नेताओं को अपशब्द कहने से बचा जाना चाहिए, फिर चाहे वह सत्ता पक्ष हो या विपक्ष। पर सभी जानते हैं कि ऐसा करना मुमकिन नहीं है। दरअसल इस कलयुग की राजनीति रसातल की ओर जा रही है। जहां चुनाव जीतना मुख्य लक्ष्य है। इसके लिए तमाम लोकतांत्रिक मूल्य और लाज-शर्म ताक पर रख मैदान मार लेना ही वीरता की निशानी मानी जाती है। आज की राजनीति साम, दाम, दंड-भेद से आगे बढ़ चुकी है, जहां सब जायज है, बशर्ते जीत तय हो। ऐसे में पत्रवार होना कोई बड़ी बात तो नहीं है। बावजूद इसके कहना तो यही है कि पत्रवार नहीं बल्कि स्वस्थ पत्राचार होना चाहिए, जिससे देश की अन्य मूल-भूत और संकट पैदा करने वाली बड़ी समस्याओं का निदान निकल सके। भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए समृद्धि आवश्यक है और यह तभी संभव है, जबकि अनेकता में एकता फलिभूत हो। जिस प्रकार बड़ी लाइन को मिटाकर छोटी लाइन को बड़ा नहीं किया जा सकता, ठीक उसी प्रकार किसी के चरित्र का हनन करके अपने दागदार दामन को उजला नहीं किया जा सकता है। यह समझने वाली बात है कि जब दूसरे पर आप एक अंगुली उठाते हैं तो बाकी उंगलियां आपकी अपनी ओर हो जाती हैं। मतलब साफ है कि ऐसे तमाम बयानों और भाषणों पर रोक लगना चाहिए जिससे किसी का चिरहरण होता हो और कब्र खोदने की बातें की जाती हों, क्योंकि हिंसा तो हिंसा होती है, फिर चाहे वह शारीरिक तौर पर की गई हो या जुबानी या पत्र लिखकर की जा रही हो। लोकतंत्र में इसे किंचित भी प्रवेश नहीं मिलना चाहिए। अंततः इस पत्रवार को यहीं रोकें और पत्राचार से समस्या का समाधान निकालें, जिसकी देश को दरकार है।

गंगा जलः घुल रहा आर्सेनिक का जहर

सुरेश भाई

गंगाजल का महत्त्व है कि लंबे समय तक घर में रखने के बाद भी प्रदूषित नहीं होता लेकिन अब स्थिति बदल गई है क्योंकि गंगा के किनारे बसे गांवों में हैंड़पंप, पाइपलाइन आदि से जो लाखों लोग पानी पी रहे हैं, उसमें आर्सेनिक की मात्रा काफी बढ़ चुकी है जिसके कारण वे त्वचा में घाव, किडनी, लीवर, दिल की बीमारियां, न्यूरो संबंधी विकार, तनाव और कैंसर से पीड़ित हैं।

गंगा के मैदानी इलाकों में पटना सहित बिहार के 20 जिले इस समय आर्सेनिक पानी पीने के दुष्प्रभाव से कैंसर का सामना कर रहे हैं। यह पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं में 10 प्रतिशत से अधिक तेजी से बढ़ रहा है। महावीर कैंसर संस्थान एवं रिसर्च सेंटर के वैज्ञानिक जापान के साथ मिल कर इसका अध्ययन कर रहे हैं। इसके लिए ड़ॉ. अशोक कुमार घोष और ड़ॉ. अरु ण कुमार टोक्यो रवाना भी हो गए हैं। बिहार के बक्सर, सारन, समस्तीपुर, वैशाली, किशनगंज भागलपुर, कटिहार, मुंगेर, पटना आदि स्थानों में गॉल ब्लैडर कैंसर रोगियों की गंभीर स्थिति है। इस बाबत शोध 14 मार्च, 2023 को नेचर जर्नल साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित हुआ जिससे पता चलता है कि आर्सेनिक, प्रभावित आबादी के मानव शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करके पित्ताशय थैली तक पहुंचता है। लंबे समय तक इलाज के अभाव में कैंसर का रूप ले लेता है जिसमें हर साल होने वाली मृत्यु दर में 33 प्रतिशत का इजाफा हो जाता है। 1980 के दशक में सबसे पहले पश्चिम बंगाल के भूजल में उच्च स्तर के आर्सेनिक पाए जाने की बात सामने आई थी। उस समय मानवाधिकार आयोग ने सरकार का ध्यान आकर्षित भी किया था लेकिन इसको कम करने के उपाय की तरफ ध्यान नहीं दिया गया है। हालांकि कई गैर-सरकारी संगठन इस विषय पर बार-बार अपने शोध कार्यों की चर्चा करते रहे हैं, और इन संगठनों ने अनेक उदाहरण भी अपनी-अपनी रिपोर्टिंग में प्रस्तुत किए हैं।

'इनर वायस फाउंडेशन'(आईवीएफ) के अनुसार 2020 तक 10 लाख से अधिक लोगों की मौत आर्सेनिक वाला पानी पीने से हुई। आर्सेनिक औद्योगिक प्रदूषण, खनन से पैदा होता है। अकेले भारत में 5 करोड़ लोगों के इससे प्रभावित होने का अनुमान है। बांग्लादेश, नेपाल, तिब्बत के कुछ भागों में भी लोग आर्सेनिक के जहर से प्रभावित हैं। देश में कुछ स्थानों पर विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित सुरक्षित मानकों से 300 गुना अधिक आर्सेनिक बढ़ गया है। उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल के अनेक जिले ऐसे हैं, जहां आर्सेनिक पानी पीने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, और यहां लोगों को बचाने के प्रयास भी नहीं किए जा रहे हैं।

विशेषज्ञ मानते हैं कि आर्सेनिक न्यूरोलॉजिकल और रिप्रोडक्टिव सिस्टम को प्रभावित करता है। बच्चे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं, जब उनका सिस्टम आर्सेनिक जहर को बाहर निकालने की कोशिश करता है, तो उनके आंतरिक अंग बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं। गर्भावस्था के दौरान बच्चों के वजन में कमी, नवजात की मृत्यु 6 गुना अधिक बढ़ने की आशंका रहती है।

मनुष्य ने अपने चारों ओर इतना प्रदूषण पैदा कर दिया है कि अंधाधुंध औद्योगिक अपशिष्टों के माध्यम से भूजल में आर्सेनिक की मात्रा बढ़ रही है। इस तरह के दूषित जल का प्रयोग भोजन बनाने में भी हो रहा है जिससे आर्सेनिक विषाक्तता बढ़ती जा रही है। अधिकांश फसलों की सिंचाई भी दूषित पानी से हो रही है। कीटनाशकों का इस्तेमाल हो रहा है जो भोजन के माध्यम से मनुष्य के शरीर तक पहुंच रहा है। चिकन, चावल, फलों के रस और कुछ मछलियों में भी आर्सेनिक की मात्रा काफी होती है जिसके अधिक से अधिक खाने में उपयोग होने से मानव जीवन खतरे में पड़ गया है। प्राकृतिक रूप से देखें तो मिट्टी और चट्टानों में आर्सेनिक पाया जाता है, जो भूजल में प्रवेश करता है। खनिज अयस्कों के विघटन से भी पानी में विषाक्त तत्व प्रवेश करते हैं। लेकिन विषाक्त तत्वों की मात्रा तभी बढ़ती है जब धरती के पेट में जहरीले रसायन प्रवेश करते हैं।

वैज्ञानिकों ने भोजन और भूजल के माध्यम से आर्सेनिक विषाक्तता के बीच संबंध पाया है, जिसका संबंध कीटनाशक पदार्थों के उपयोग से भी है। कह सकते हैं कि जीवन शैली में प्रदूषणकारी तत्वों का जिस तरह से इस्तेमाल हो रहा है, उसने आर्सेनिक की मात्रा को पानी में बहुत अधिक बढ़ा दिया है जबकि गंगा और उसकी सहायक नदियों की निर्मलता और स्वच्छता के लिए वर्षों से किए जा रहे प्रयास धरती के पेट में पानी के साथ पहुंचने वाले जहरीले तत्वों को रोकने में असफल हैं। अरबों लीटर गंदा जल गंगा में हर रोज उड़ेला जा रहा है। जब तक इसको रोकने का कोई उपाय नहीं होता है, तब तक निर्धारित मानकों से अधिक आर्सेनिक जैसा जहरीला पदार्थ पानी में घुलता रहेगा जिससे कैंसर जैसी बीमारियों से बचना मुश्किल होगा।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादकः श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवारे मैनेजिंग एडिटरः डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादकः डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादकः तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



ऋतिक और शाहिद से प्रतिस्पर्धा नहीं करना चाहते रणदीप

रणदीप हुड्डा हिंदी फिल्मों के मशहूर अभिनेता हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। उन्हें हाईवे और सरबजीत जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। आखिरी बार वह पर्दे पर इस साल की शुरुआत में फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर में नजर आए थे। हाल में ही उन्होंने कहा कि वो ऋतिक रोशन, शाहिद कपूर, जैसे अभिनेताओं से मुकाबला नहीं करना चाहते, क्योंकि उनका मानना है कि वो कलाकार वो सब नहीं कर सकते, जो रणदीप कर सकते हैं। उन्होंने कहा वह डांस के बजाय मेथड एक्टिंग को पसंद करते हैं। अभिनेता ने साझा किया कि उन्हें ट्रांसफॉर्मेशनल एक्टिंग करना पसंद है, जहां किसी किरदार की सच्चाई जानने के लिए खुद को तैयार करना पड़ता है। फिल्मों में पुलिस की भूमिका निभाने का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने वर्दी पहनने वाले कार्डबोर्ड पुलिस वाले की भूमिका नहीं निभाई है। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह ऋतिक रोशन, शाहिद कपूर और टाइगर श्रॉफ जैसे अभिनेताओं के साथ उनके डांस कौशल को लेकर प्रतिस्पर्धा नहीं करना चाहते हैं। अभिनेता ने कहा कि वे वह नहीं कर सकते, जो वे स्क्रीन पर करते हैं और वे उनकी तरह डांस नहीं सकते क्योंकि वे अच्छे डांसर नहीं हैं।

अपने अंदर यूएसपी होना जरूरी

अभिनेता ने कहा कि वह पुलिस वालों के किरदार को काफी सामान्य तरीके से निभाने में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहास,वे इंसान हैं, जो पुलिस वाले हैं। यहीं पर आप अंतर पैदा करते हैं और क्योंकि मैं डांस में अच्छा नहीं था, इसलिए मैंने इसमें अच्छा होना चुना। फिर, ऋतिक, शाहिद और टाइगर के साथ प्रतिस्पर्धा क्यों करें, जब वो बहुत अच्छा डांस करते हैं। वो लोग वो सब नहीं कर सकते, जो मैं करता हूं। अपने अंदर एक यूएसपी ढूंढना जरूरी होता है।

सिनेमा के माध्यम से उपदेश नहीं दे सकते

इस दौरान उन्होंने बॉलीवुड में अपने सफर को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि वे अपने करियर में सार्थक और मनोरंजक फिल्मों का हिस्सा रहे हैं। रणदीप ने आगे कहा कि फिल्म निर्माता सिनेमा के माध्यम से दर्शकों को उपदेश नहीं दे सकते, क्योंकि कोई भी व्याख्यान सुनना पसंद नहीं करता। अभिनेता ने कहा कि फिल्में मनोरंजन के माध्यम से दर्शकों को जानकारियां दे सकती हैं। बताते चलें कि रणदीप ने साल 2001 में मीरा नायर की मॉनसून वेडिंग से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों में इन अभिनेत्रियों ने अभिनय से जीता दिल

करीना कपूर की गिनती हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के शानदार अभिनेत्रियों में होती है। हर तरह के रोल में उन्होंने अपने अभिनय कौशल को साबित किया है। द बकिंघम मर्डर्स से पहले करीना कपूर खान जाने जां नाम की सस्पेंस थ्रिलर फिल्म में नजर आ चुकी हैं। फिल्म में उनके साथ जयदीप अहलावत और विजय वर्मा जैसे कलाकारों ने अभिनय किया था। रहस्यों से भरी फिल्में बनाने के लिए मशहूर सुजॉय घोष ने इस फिल्म का निर्देशन किया था। रिलीज के साथ सोशल मीडिया लोगों ने करीना के अभिनय की खूब तारीफ की थी। आज हम आपको उन सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनमें बॉलीवुड अभिनेत्रियों के अभिनय को लोगों ने खूब पसंद किया था।

भूमि पेडनेकर

भूमि पेडनेकर ने बहुत कम समय में लोगों के दिलों में खास जगह बना ली है। अपने अभिनय करियर में वह अब तक कई तरह के किरदारों में खुद को ढाल चुकी हैं। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई उनकी सस्पेंस थ्रिलर फिल्म भक्षक में उन्होंने शानदार अदाकारी दिखाई थी। इस फिल्म की लोगों ने जमकर तारीफ की थी।

तापसी पन्नू

तापसी पन्नू फिल्म इंडस्ट्री की प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। ग्लैमरस रोल के साथ वह संजीदा किरदारों को भी बखूबी पर्दे पर उतार चुकी हैं। फिल्म बदला को उनके करियर की बेहतरीन फिल्मों में से एक माना जाता है। सुजॉय घोष के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उनके साथ अमिताभ बच्चन भी नजर आए थे। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने शानदार कारोबार कर दिग्गजों को भी चौंका दिया था। वहीं, नेटफ्लिक्स की सस्पेंस थ्रिलर फिल्म हसीन दिलरुबा में भी तापसी पन्नू ने शानदार अदाकारी दिखाई थी।

विद्या बालन

इस सूची में पहला नाम विद्या बालन का है। वह अपनी प्रतिभा से लाखों दिलों पर राज करती हैं। सुजॉय घोष की कहानी उनके करियर की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में शुरुआत से लेकर अंत तक विद्या अपने पति की तलाश में नजर आती हैं। हालांकि, इसका क्लाइमैक्स चौंका देने वाला था। फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। बॉक्स ऑफिस पर भी इस फिल्म ने शानदार कमाई की थी।

वेब सीरीज सिटाडेल सीजन 2 के लिए तैयार प्रियंका

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी आगामी वेब सीरीज सिटाडेल की शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने वेब सीरीज से जुड़ी एक वीडियो क्लिप अपने सोशल मीडिया अकाउंट की स्टोरी पर आज सुबह ही साझा की है, जिसे देखने के बाद प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपने आगामी प्रोजेक्ट्स की बैक-टू-बैक शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में कई हॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग पूरी की है और अब उन्होंने अपनी आगामी वेब सीरीज सिटाडेल सीजन 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। प्रियंका ने वेन्यू पर जाते समय इसकी पहली झलक सोशल मीडिया पर साझा की है, जिसपर अब प्रशंसक लगातार अपनी राय साझा कर रहे हैं। प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह मौके पर गाड़ी चलाती नजर आ रही हैं और उन्होंने लिखा, हैलो सिटाडेल एस 2।

सीटाडेल हिंदी संस्करण

सीटाडेल 2 में इस बार मुख्य कलाकारों के अलावा कई नए चेहरे भी दिखाई देंगे, जिनमें मर्ले डैंड्रिज, राहुल कोहली, माइकल, मैट बेरी और गेब्रियल लियोन शामिल हैं। वहीं सिटाडेल की भारतीय सीरीज सिटाडेल- हनी बनी 7 नवंबर को शुरू होगी। इसके हिंदी रूपांतरण में वरुण धवन और सामंथा रूथ प्रभु मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस सीरीज ने हाल ही में अपना टीजर जारी किया है जिसमें दोनों कलाकार जबर्दस्त और दमदार एक्शन सीन में नजर आ रहे हैं।

राजकुमार राव ने की द बकिंघम मर्डर्स की प्रशंसा

करीना कपूर खान और हंसल मेहता की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स ने बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों रुपये की कमाई कर ली है। प्रशंसक सोशल मीडिया पर करीना की इस फिल्म की जमकर तारीफ कर रहे हैं। अब इस फिल्म पर राजकुमार राव की प्रतिक्रिया आई है। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान की मर्डर मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म द बकिंघम मर्डर्स में नजर आ रही हैं। यह फिल्म 13 सितंबर को रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। राजकुमार राव ने भी फिल्म की तारीफ की और इसे एक मनोरंजक थ्रिलर बताया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम की स्टोरी पर करीना की इस फिल्म को लेकर एक पोस्ट साझा किया है और अपनी प्रतीक्रिया दी है।

राजकुमार राव ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म से करीना का एक लुक साझा किया और लिखा, सिनेमाघरों में चल रही इस मनोरंजक थ्रिलर को जरूर देखें। बता दें बकिंघम मर्डर्स करीना कपूर और हंसल मेहता की एक साथ पहली फिल्म है। 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई 'द बकिंघम मर्डर्स' में करीना कपूर खान के अलावा ऐश टंडन, रणवीर बरार और कीथ एलन जैसे बेहतरीन कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई हैं। हंसल मेहता द्वारा डायरेक्टेड और असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ द्वारा लिखी गई यह कहानी, महाना फिल्म्स और टीबीएम फिल्म्स का प्रोडक्शन है, जिसे बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा प्रेजेंट किया गया है और शोभा कपूर, एकता कपूर और पहली बार प्रोड्यूसर बनीं करीना कपूर खान द्वारा साथ प्रोड्यूस किया गया है।

राजकुमार की आगामी फिल्में

राजकुमार राव फिलहाल स्त्री 2 की सफलता का आनंद ले रहे हैं। इस फिल्म में राजकुमार के अलावा श्रद्धा कपूर, अभिषेक बनर्जी, अपारशक्ति खुराना और पंकज त्रिपाठी ने अहम भूमिका निभाई है। इस बीच राजकुमार राव की आगामी फिल्म मालिक का पोस्टर जारी हुआ है। इस पोस्टर के साथ राजकुमार राव ने लिखा, मालिक की दुनिया में आपका स्वागत है। शूट शुरू हो चुका है जल्द ही मुलाकात होगी। इस फिल्म के अलावा राजकुमार राव की हॉरर-कॉमेडी स्त्री 3 की भी घोषणा हो चुकी है।

करीना कपूर की आगामी फिल्में

फिल्म द बकिंघम मर्डर्स में अपना जलवा बिखेर चुकीं करीना कपूर खान की कई फिल्में पाइपलाइन में हैं। निर्देशक रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की आगामी फिल्म सिंघम अगेन में करीना नजर आएंगी। यह फिल्म सिंघम फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त है। इस फिल्म में करीना एक बार फिर से अवनी के किरदार से तहलका मचाती नजर आएंगी।

भूल भुलैया में जो भी हूं विद्या की वजह से हूं

भूल भुलैया 3 दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म के प्रचार की तैयारी शुरू हो गई है। हाल ही में, फिल्म के कलाकार गोरेगांव फिल्म सिटी में प्रचार सामग्री की शूटिंग करने पहुंचे। पैपराजी के जरिए इस मौके की कई तस्वीरें देखने को मिली है। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर मौजूद एक वीडियो में राजपाल यादव और विद्या बालन को एक साथ देखा गया। पैपराजी ने दोनों को साथ में पोज देने के लिए कहा। इस दौरान राजपाल ने पैपराजी से बात करते हुए कहा कि भूल भुलैया में, मैं जो भी हूं, इनकी (विद्या बालन) वजह से हूं। ये सुनते ही विद्या ने हंसते हुए कहा कि कुछ भी। राजपाल ने विद्या को बताया कि कैसे उनके किरदार मंजुलिका ने भूल भुलैया को एक फ्रेंचाइजी में बदलने में मदद की। इस पर विद्या ने राजपाल यादव को शुक्रिया भी कहा। राजपाल और विद्या के अलावा कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी भी कैमरे में कैद हुए। कार्तिक आर्यन काले रंग की बंदगला ड्रेस में और तृप्ति लाल रंग की साड़ी में नजर आईं।

हॉलीवुड फिल्म की कॉपी नही है राजकुमार-तृप्ति की विक्की विद्या का वो वाला वीडियो?

राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी जल्द ही कॉमेडी-ड्रामा फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आने वाले हैं। फिल्म का ट्रेलर पारिवारिक ड्रामा, 90 के दशक की यादों, हास्य और रहस्य से भरा हुआ है। इस बीच ऐसी खबरें भी आईं कि फिल्म कैमरून डियाज की सेक्स टेप से प्रेरित है। फिल्म के ट्रेलर को देखने के बाद सोशल मीडिया पर विक्की विद्या का वो वाला वीडियो पर कहानी को कॉपी करने का आरोप लगने लगा। आखिरकार अब इस बारे में फिल्म के लेखक-निर्देशक राज शांडिल्य ने चुप्पी तोड़ी है और अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। हाल ही में में फिल्म निर्देशक राज शांडिल्य ने फिल्म की कहानी सेक्स टेप से कॉपी होने के दावे को खारिज कर दिया और कहा कि उनकी फिल्म का हॉलीवुड फिल्म से कोई लेना-देना नहीं है। हाल ही में पीटीआई को दिए गए एक इंटरव्यू में निर्देशक राज शांडिल्य ने खुलासा किया कि राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी अभिनीत उनकी आगामी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का कैमरून डियाज की सेक्स टेप से कोई लेना-देना नहीं है। फिल्म निर्माता ने यह भी कहा कि उन्होंने जेसन सेगल और कैमरून डियाज की 2014 की फिल्म भी नहीं देखी है। उन्होंने बताया, किसी ने मुझसे ट्विटर पर पूछा, क्या यह फिल्म सेक्स टेप जैसी है? मैंने कहा, हमारी फिल्म में कोई सेक्स नहीं है। हमारे एक लेखक ने मुझे बताया कि उस फिल्म में उनका वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया। हमारी फिल्म का वीडियो कपल द्वारा बनाया गया है और वे अपनी लापरवाही के कारण सीडी खो देते हैं।

फिल्म निर्माता ने आगे बताया कि उनकी फिल्म के किरदार और कहानी अलग हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें हॉलीवुड फिल्म से प्रेरणा नहीं मिली, बल्कि उन्हें जीवन और अपने आस-पास के लोगों से प्रेरणा मिली। राज ने यह भी बताया कि वह आगामी फिल्म के सीक्वल पर काम कर रहे हैं, जो इंटरनेट के शुरुआती दिनों पर आधारित होगी। उन्होंने कहा, जहां यह फिल्म खत्म होती है, वहां हम इसका सीक्वल बनाएंगे, जिसकी कहानी 10-15 साल बाद की होगी, जब इंटरनेट का आगमन हो चुका होगा। हमने कहानी लिख ली है। मैं जब दूसरी फिल्म बनाऊंगा, उसके बाद हम इस फिल्म की शूटिंग करेंगे। इस बीच, उन्होंने कहा कि विक्की कौशल का वो वाला वीडियो की प्रेरणा सह-लेखक यूसुफ अली खान से मिली और पटकथा पर काम 2018 में शुरू हुआ। राज शांडिल्य द्वारा निर्देशित विक्की विद्या का वो वाला वीडियो 1990 के दशक की कहानी पर आधारित है। इस फिल्म को शुद्ध मसाला एंटरटेनर के रूप में बताया जा है। यह पारिवारिक ड्रामा 11 अक्तूबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



मुस्कान सेठी ने पैसा वसूल से किया इंडस्ट्री में आगाज

अभिनेत्री मुस्कान सेठी अपना जन्मदिन मना रही हैं। मुस्कान सेठी का जन्म राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हुआ। मुस्कान ने प्रैट इंस्टीट्यूट, न्यूयॉर्क से इंटीरियर डिजाइन में डिप्लोमा किया गया है। वर्ष 2017 में उन्होंने फिल्म पैसा वसूल से डेब्यू किया। उन्हें रंगीला और रागला 24 गंटालो जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। मुस्कान ओटीटी पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी हैं, उन्हें लव स्लीप रिपीट और मसाबा मसाबा में देखा गया है।

एफआईएच हॉकी स्टार्स अवार्ड:

हरमनप्रीत और पीआर श्रीजेश एफआईएच हॉकी वार्षिक पुरस्कार के लिए नामित

नई दिल्ली, एजेंसी। कप्तान हरमनप्रीत ने इस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 10 गोल किए थे। वह इस ओलंपिक में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। इस पुरस्कार की दौड़ में हरमनप्रीत के अलावा थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी) और जैच वालेस (इंग्लैंड) शामिल हैं।

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया है। वहीं, पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के पुरस्कार के लिए नामित किया है। दोनों ने पेरिस ओलंपिक में भारत के शानदार अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और टीम को कांस्य पदक दिलाया था। कप्तान हरमनप्रीत ने इस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 10 गोल किए थे। वह इस ओलंपिक में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। इस पुरस्कार की दौड़ में हरमनप्रीत के अलावा थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी) और जैच वालेस (इंग्लैंड) शामिल हैं।

अपने आखिरी टूर्नामेंट में खेलते हुए अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार गोलकीपिंग की थी। भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया था। वहीं, श्रीजेश का मुकाबला पिरमिन ब्लैक (नीदरलैंड), लुइस कैलजाडो (स्पेन), जीन-पॉल डैनबर्ग (जर्मनी), टॉमस सैंटियागो (अर्जेंटीना) है।

एफआईएच ने अपनी वेबसाइट पर इस सूची को जारी करते हुए कहा-नामांकन हासिल करने वालों का चयन एक विशेष समिति द्वारा किया गया है जिसमें प्रत्येक महाद्वीपीय संघ द्वारा चुने गए खिलाड़ी, कोच और अधिकारी शामिल हैं। इस सूची को अंतिम रूप देने से पहले विशेषज्ञ समिति को 2024 में आयोजित सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों के मैच डेटा मुहैया कराए गए थे। इसमें टेस्ट मैच, एफआईएच हॉकी प्रो लीग, एफआईएच हॉकी नेशंस कप, एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर और पेरिस ओलंपिक 2024 के मुकाबले शामिल थे।

राष्ट्रीय संघों (उनकी संबंधित राष्ट्रीय टीमों के कप्तानों और कोचों द्वारा प्रतिनिधित्व), प्रशंसकों, खिलाड़ियों, कोचों, अधिकारियों और मीडिया के लिए मतदान प्रक्रिया 11 अक्टूबर तक जारी रहेगी। एफआईएच ने आगे कहा- विशेषज्ञ समिति के मतों को 40 प्रतिशत महत्व मिलेगा जबकि राष्ट्रीय संघो, प्रशंसकों एवं अन्य खिलाड़ियों और मीडिया के मतों को 20-20 प्रतिशत महत्व मिलेगा।

लीजेंड्स लीग में प्रदर्शन के लिए फॉर्म में रहना जरूरी है: रैना

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना का मानना है कि लीजैंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) जैसे प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों को शीर्ष फॉर्म में रहना होता है। एलएलसी का तीसरा सत्र 20 सितंबर से शुरू होगा जिसमें शिखर धवन और दिनेश कार्तिक जैसे हाल ही में क्रिकेट को अलविदा कहने वाले खिलाड़ी भी भाग लेंगे। रैना ने कहा कि एलएलसी काफी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट है।

आप अलग अलग जगहों पर अलग अलग विकेटों पर खेल रहे हैं। इसमें कई सुपरस्टार हैं। आपको इरफान पठान, युसूफ पठान, क्रिस गेल, अंबाती रायुडू, रॉबिन उथप्पा और मुझे खेलते देखने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि छक्का लगाने के लिये फिट होना जरूरी है। गेंदबाज को चार अच्छे ओवर डालने हैं। किसी के लिए ऐसी लीग में खेलना आसान नहीं है। ऐसा नहीं है कि आप रिटायर हुए और इसमें खेलने आ गए। अब इसके लिए भी काफी प्रतिस्पर्धा है। रैना ने इस दौरान बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज पर भी बात की। उन्होंने कोहली की वापसी पर बात करते हुए कहा कि डब्ल्यूटीसी में भारत लगभग 10 मैच खेलेगा और मेरा मानना है कि विराट इस टेस्ट चक्र में ढेर सारे रन बनाएंगे। रैना बोले- टीम इंडिया के रोहित शानदार कप्तान हैं।

उन्होंने इसे तब साबित किया जब भारतीय टीम ने टी2ओ विश्व कप ट्रॉफी जीती। लेकिन ध्यान विराट कोहली की रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी पर होगा। उन्हें टेस्ट मैच पसंद हैं और वे उन्हें बहुत सम्मान देते हैं।

वनडे प्रारूप को अब भी फेवरेट मानते हैं एडम जंपा

नई दिल्ली, एजेंसी। स्पिनर एडम ज़म्पा को लगता है कि वनडे क्रिकेट का भविष्य अनिश्चित बना हुआ है। भले ही फ्रेंचाइजी क्रिकेट में वृद्धि हुई है लेकिन ऑस्ट्रेलिया में युवाओं में अभी भी यह प्रारूप लोकप्रिय है। इस साल वर्ल्ड क्रिकेटर्स एसोसिएशन के एक सर्वेक्षण किया जिसमें देखने को मिला कि टी20 विश्व कप के कारण वनडे विश्व कप की वैल्यू कम हो रही है। सर्वेक्षण के अनुसार 50 प्रतिशत ने वनडे संस्करण का समर्थन किया, जबकि 35 प्रतिशत ने टी20ई संस्करण को चुना।

ज़म्पा जोकि गुरुवार को ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना 100वां वनडे खेलेंगे, ने इसपर कहा कि एकदिवसीय प्रारूप के बारे में बहुत सारे सवाल हैं और यह आगे कैसा दिखता है। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने और उस ड्राइव के संदर्भ में, मुझे लगता है कि आने वाला हर युवा अभी भी सोचता है कि यही सब कुछ है और सब कुछ है। जम्पा ने कहा कि फ्रैंचाइजी क्रिकेट के संदर्भ में स्पष्ट रूप से अन्य अवसर भी हैं और यह अच्छा है कि यह एक संतृप्त बाजार है, लेकिन ये सभी अलग-अलग प्रतियोगिताएं अन्य लोगों को अवसर देती हैं। उन्होंने अपने रुख की पुष्टि की कि टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बजाय ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना उनकी प्राथमिकता है और वनडे क्रिकेट खेलते रहने की इच्छा व्यक्त की। जंपा ने कहा कि भले ही लोग बीबीएल या ब्लास्ट खेले लेकिन उनके लिए देश के लिए खेलना अभी भी प्राथमिकता है।

मुझे नहीं पता कि अगले कुछ वर्षों में क्या होगा। खास तौर पर वनडे प्रारूप के साथ लेकिन मुझे लगता है कि वनडे क्रिकेट अभी भी एक प्राथमिकता है। यह अच्छा प्रारूप है। मैं अब भी इसे खेलने का आनंद लेता हूं, और मुझे लगता है कि बहुत से युवा इसे अपने देश के लिए खेलने का एक अच्छा अवसर मानते हैं। बता दें कि 32 वर्षीय स्पिनर जंपा ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 2021 टी20 विश्व कप की खिताबी जीत में 13 विकेट लिए थे। 2023 वनडे विश्व कप में उन्होंने 23 विकेट लिए थे। जंपा ने कहा कि अपने देश के लिए खेलने और फिर भी अपने देश के लिए जीतने की भावना फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने और फ्रेंचाइजी क्रिकेट जीतने से बेहतर है।

मैंने हंड्रेड में खेला। यह अच्छा है। मुझे इसे खेलना पसंद था और अंत में जीतना एक बोनस है। लेकिन यह अलग तरह से प्रभाव डालता है, जब आप अपने देश के लिए खेलते हैं, जब आप विश्व कप जीतते हैं, तब भी उनमें और भी बहुत कुछ जीतने की प्रेरणा होती।

संक्षिप्त समाचार

पंजाब किंग्स के मुख्य कोच बने रिकी पोंटिंग

मोहाली, एजेंसी। पंजाब किंग्स ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग को आईपीएल 2025 सीज़न के लिए अपनी टीम का प्रमुख कोच बनाया है। इससे पहले वह

पिछले सात साल तक दिल्ली कैपिटल्स के कोच थे और दो महीने पहले ही दोनों की राहें जुदा हुई थीं। जानकारी के अनुसार पोंटिंग ने पंजाब किंग्स के साथ एक से अधिक साल का क़रार किया है और अब वह ही अपने कोचिंग स्टाफ़ के अन्य सदस्यों का चयन करेंगे। फ़िलहाल पंजाब के कोचिंग स्टाफ़ में ट्रेवर बेलिस (मुख्य कोच), संजय बांगर (क्रिकेट सुधार प्रमुख), चार्ल लैंग्वेल्ट (तेज़ गेंदबाज़ी कोच) और सुनील जोशी (स्पिन गेंदबाज़ी कोच) हैं। अब देखना होगा कि इन्हें पोंटिंग की नई टीम में जगह मिलती है या नहीं। पंजाब किंग्स ने 2024 में 9वें स्थान पर अपने अभियान को समाप्त किया था। 2014 से पंजाब किंग्स की टीम प्लेऑफ़ के लिए क्वालिफ़ाई नहीं कर पाई है। पोंटिंग की पहली चुनौती उन खिलाड़ियों का चयन करना होगा, जो इस साल बड़ी नीलामी से पहले रिटेन किए जाएंगे। इसके बाद बड़ी नीलामी उनकी दूसरी चुनौती होगी। शिखर धवन के संन्यास लेने के बाद कप्तान का चुनाव भी पोंटिंग के लिए एक और सिरदर्द होगा।

कुलदीप यादव पहली बार खेल सकते हैं लगातार 5 टेस्ट

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर 19 सितंबर से खेले जाने वाले मैच से होगी। भारत की नजरें दो टेस्ट मैच की सीरीज जीतकर घरेलू

सरजमीं पर अपने दबदबे को बरकरार रखने और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत करने पर टिकी होंगी। भारतीय क्रिकेट टीम 10 टेस्ट के सीजन की सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगा, जिससे उसका डब्ल्यूटीसी फाइनल का दावा मजबूत बना रहे। दोनों टीमों के बीच पिछली टेस्ट सीरीज में भारत ने बांग्लादेश का सूपड़ा साफ कर दिया था। चेन्नई की पिच पर भारत को दो स्पिनर्स के रूप में रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के साथ खेलने की अनुमति मिल सकती है। बीसीसीआई की घरेलू सीजन में तेज गेंदबाजों को रोटेट करने की योजना को देखते हुए 2-3 संयोजन के साथ बने रहने की संभावना है।

400 टेस्ट विकेट हासिल करने के राह पर टिम साउदी

गॉल, एजेंसी। न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी को लगता है कि टेस्ट प्रारूप में 400 विकेट का आंकड़ा छूना आसान नहीं है। 380 विकेट ले चुके साउदी को इस उपलब्धि तक पहुंचने के लिए 20 विकेट ही चाहिए।

ऐसा कर वह टेस्ट फॉर्मेट में 400 विकेट लेने वाले 18वें और रिचर्ड हेडली के बाद न्यूजीलैंड के दूसरे गेंदबाज बन जाएंगे। हालांकि 35 वर्षीय साउदी को लगता है कि 400 विकेट की उपलब्धि अभी भी उनसे कुछ दौरे दूर है, खासकर एशिया का दौरा, जहां स्पिनर लाल गेंद वाले क्रिकेट पर हावी होने के लिए पसंदीदा हैं।

साउथी ने पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा कि हर खेल में आप बाहर जा रहे हैं और अपनी भूमिका निभाने और अपनी टीम के लिए कुछ विकेट लेने की कोशिश कर रहे हैं, और यह अच्छा होगा यदि आप उन मील के पत्थर को हासिल करते हैं। मुझे लगता है कि समय के साथ, जब आप लंबी अवधि के लिए खेलते हैं, तो मुझे लगता है, आप उसके करीब पहुंचने में सक्षम होते हैं, लेकिन फिर भी 20 विकेट दूर रहने के मतलब अभी आपके सामने बहुत सारे दौरे हैं।

कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024

दुनिया का सबसे भारी-भरकम क्रिकेटर ने रचा कीर्तिमान

बारबाडोस, एजेंसी। वेस्टइंडीज में इस समय कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 की धूम मची हुई है। वेस्टइंडीज ही नहीं दुनियाभर के क्रिकेटर इस लीग में अपना जलवा बिखेर रहे हैं। इस लीग का 29 अगस्त से आगाज हुआ था जिसमें अब तक 18 मुकाबलें खेले जा चुके हैं।

17 सितंबर को बारबाडोस रॉयल्स और सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के बीच केंसिंग्टन ओवल में एक रोमांचक मुकाबला खेला गया जिसमें एक भारी भरकम गेंदबाज ने इतिहास रच दिया। ये गेंदबाज कोई और नहीं बल्कि वेस्टइंडीज के मशहूर बॉलर रहकीम कॉर्नवाल हैं जिन्होंने एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है जो आज से पहले सीपीएल के इतिहास में पहले कभी देखने को नहीं मिला था।

6 फुट 6 इंच लंबे और 140 किलो वजनी रहकीम कॉर्नवाल ने सीपीएल में नया कीर्तिमान बनाया।

सीपीएल में बना नया इतिहास

दरअसल, बारबाडोस रॉयल्स के गेंदबाज रहकीम कॉर्नवाल ने सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की और आधी टीम को अकेले ही निपटा दिया। उन्होंने 4 ओवर में महज 16 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए और सीपीएल में नया इतिहास रचा। रहकीम का टी-20 क्रिकेट में ये सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है।

रहकीम कैरेबियन प्रीमियर लीग के इतिहास में 5 विकेट चटकाने वाले दुनिया के 10वें और वेस्टइंडीज के महज चौथे गेंदबाज बन गए हैं।

पुरुषों के बराबर होगी महिला टी:20 वर्ल्डकप की इनामी राशि

134 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी। बीसीसीआई सचिव जय शाह के आईसीसी के चेयरमैन का पद संभालने से पहले ही बदलाव की शुरुआत हो गई है। क्रिकेट की अंतरराष्ट्रीय संस्था आईसीसी ने मंगलवार को बड़ा ऐलान किया। आईसीसी ने बताया कि अगले महीने यूएई में होने वाले महिला टी20 वर्ल्ड कप की इनामी राशि इस साल हुए पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के बराबर होगी। यह रकम बीते साल हुए महिला वर्ल्ड कप से दोगुनी है। इसे दोनों वर्ग के बीच समानता के तौर पर देखा जा रहा है।

महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में हारने वाली टीम भी मालामाल हो जाएगी। आईसीसी के ऐलान के मुताबिक महिला टी20 वर्ल्ड कप के उपविजेता को अब 17 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 14 करोड़ 24 लाख रुपये) दिए जाएंगे। पिछली बार उपविजेता को पांच लाख अमेरिकी डॉलर (करीब चार करोड़ 18 लाख रुपये) दिए गए थे।

आईसीसी के अनुसार महिला टी20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली टीम को इस बार करीब 19 करोड़ 60 लाख रुपये मिलेंगे। बीते साल साउथ अफ्रीका में खेले गए महिला टी20 विश्व कप जीतने पर करीब आठ करोड़ 37 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी गई थी। इस तरह से विजेताओं की इनामी राशि में 134 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

संक्षिप्त समाचार

पाकिस्तान में 50 किलोमीटर अंदर तक घुस आया तालिबान, मच गई भगदड़!

इस्लामाबाद/काबुल, एजेंसी। दुनिया के किसी भी मुल्क में चले जाइए। सबसे सस्ती और सबसे उपलब्ध चीजों में से एक चाय है। वैसे तो पाकिस्तान में एक चाय की कीमत 40 से 50 पाकिस्तानी रुपए है। लेकिन पाकिस्तान के पूर्व आईएसआई चीफ की एक कप चाय उसके मुल्क को बहुत महंगी पड़ रही है। अफगान सीमा पर मुनीर के सैनिक मारे जा रहे हैं। डुरंड लाइन पर रह रहे लोगों को अपना आशियाना छोड़ना पड़ रहा है। पहले से ड्रैगन के पास गिरवी रखी पाकिस्तान की जमीन पर अब तालिबान कब्जा कर रहा है। डेढ़ साल पहले तक पाकिस्तान के कर्ता-धर्ता यानी पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व आईएसआई चीफ हामिद मीर दोनों ही इस वक्त जेल में हैं। पाकिस्तान अफगानिस्तान सीमा पर जो हालात हैं उसके लिए मौजूदा स्टैबल्शिमेंट इमरान और फैज हामिद को जिम्मेदार ठहरा रही है। अफगान इलाके से पाकिस्तान की चेक पोस्टों पर बड़े हथियारों से लगातार फायरिंग की खबर आई है। पाकिस्तान के डिप्टी पीएम इशाक डार ने पूर्व आईएसआई चीफ के एक कप चाय का जिक्र कर कहा कि सब ठीक हो जाएगा। मैं यहां सिर्फ एक कप चाय के लिए आया था। क्या था वो और उसके बाद क्या हुआ। मैंने ये बात ऊपर रखी। दरअसल, बीते कुछ दिनों से पाकिस्तान अफगानिस्तान सीमा पर जबरदस्त संघर्ष जारी है। युद्ध जैसे हालात हैं। अफगानिस्तान की तालिबान फोर्स लगातार फौज को निशाना बना रही है। काबुल और कंधार से बड़े बड़े टैंकों की मूव शुरू हो गई है। पाकिस्तानी कैंपों पर बड़े बड़े रॉकेट दागे जा रहे हैं। मशीनगन और राइफल से जोरदार गोलीबारी हो रही है। बीती रात भी पाकिस्तान और तालिबान लड़ाकों के बीच जमकर गोलीबारी हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस हमले में आठ तालिबानी लड़ाके मारे गए। 16 घायल गए। मारे गए आठ तालिबानी लड़ाकों में दो कमांडर भी थे। पाकिस्तान सरकार ने खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) क्षेत्र में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान बज रहे पाकिस्तानी राष्ट्रगान के दौरान अफगानिस्तान के तालिबान शासन के एक अधिकारी के बैठे रहने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

उत्तर कोरिया ने दो बैलेस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया: जापान

प्योंगयांग, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले परमाणु परीक्षण या लंबी दूरी की मिसाइल का परीक्षण कर सकता है, जिसका उद्देश्य नए अमेरिकी प्रशासन के साथ किसी भी तरह की बातचीत में अपनी स्थिति मजबूत करना है। जापान की सेना ने बुधवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने दो बैलेस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया ने यह परीक्षण अमेरिका और पड़ोसी देश के साथ बढ़ते तनाव के बीच किया है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने हालांकि यह जानकारी नहीं दी कि उत्तर कोरिया ने जिन मिसाइल का परीक्षण किया वे किस प्रकार की हैं और वे कितनी दूरी तय कर पाईं। जापान के तट रक्षक बल ने कहा कि माना जा रहा है कि ये मिसाइल कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच के जलक्षेत्र में गिरी हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर सैन्य मुकदमा नहीं चलेगा: पाक सरकार ने अदालत में कहा

इस्लामाबाद , एजेंसी। पाकिस्तान सरकार ने यहां उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर सैन्य मुकदमे का विचार नहीं है। इससे कुछ दिन पहले ही अदालत ने इस मुद्दे पर अनिश्चितता को लेकर सरकार से स्पष्टीकरण देने को कहा था। खान (71) ने 9 मई, 2023 की हिंसा में शामिल होने को लेकर उनके खिलाफ दर्ज मामलों के संबंध में सैन्य मुकदमे की संभावना के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। पिछले साल हुई इस हिंसा में उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के समर्थकों ने उनकी गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया था। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह सरकार से पूछा था कि इस मुद्दे पर बनी अनिश्चितता को लेकर स्थिति साफ करें। 'डॉन' अखबार के अनुसार अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल (एएजी) बैरिस्टर मुनव्वर इकबाल दुग्गल ने सोमवार को इस मुद्दे पर इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की पीठ के समक्ष सरकार का बयान प्रस्तुत किया। अखबार के अनुसार उन्होंने अदालत को बताया कि खान पर किसी सैन्य अदालत में मुकदमे का सरकार का कोई विचार नहीं है।

फ्रांस में पत्नी का रेप कराने वाले ने माफी मांगी: कहा- मैं गुनहगार, उससे प्यार करता हूं

10 साल तक 72 अनजान पुरुषों से कराया रेप

पेरिस, एजेंसी।
फ्रांस में 10 साल तक अपनी पत्नी को नशे की दवा देकर उसका रेप कराने वाले शख्स ने मंगलवार को कोर्ट में अपना जुर्म कबूल लिया। 71 साल के डॉमिनिक पेलिकोट ने सुनवाई के दौरान कहा, मैं एक रेपिस्ट हूं। ठीक उसी तरह जैसे इस कमरे में मौजूग दूसरे लोग रेपिस्ट हैं। ये इस बात से इनकार नहीं कर सकते।

डॉमिनिक कोर्ट रूम में मौजूद 50 उन आरोपियों की बात कर रहा था जिन्हें बुलाकर उसने अपनी पत्नी का रेप करवाया था। डॉमिनिक ने कहा, मेरी पत्नी के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए था। मैं उससे बहुत खुश था। मुझे पता है कि मेरा जुर्म माफी के लायक नहीं है लेकिन मैं फिर भी अपनी पत्नी, बच्चों और पोते-पोतियों से माफी मांगता हूं। मुझे अपने किए पर पछतावा है।

सुनवाई के दौरान डॉमिनिक ने बताया कि उसका बचपन बेहद खराब रहा था। जब वह 9 साल का था तब एक मेल नर्स ने उसका शोषण किया था। सुनवाई के दौरान आरोपी की पत्नी जिसेल पेलिकोट भी कोर्ट में मौजूद थी। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह सब सुनना बेहद मुश्किल है। मैं 50 साल तक एक ऐसे शख्स के साथ रह रही थी, जिसके लिए मैंने कभी नहीं सोचा था कि वह ऐसा कुछ कर सकता है। मैं उस पर पूरा भरोसा करती थी।

मुझे शोषण करने की लत लग गई थी डॉमिनिक ने पूरी सुनवाई के वक्त लगातार यह बात दोहराई कि वह अपनी पत्नी से नफरत नहीं करता था। वह उससे पागलों की तरह प्यार करता था। इस पर जिसेल के वकील स्टीफेन बबोन्यू ने पूछा कि अगर वह अपनी पत्नी से इतना प्यार करता था तो उसका शोषण करना बंद क्यों नहीं कर पाया।

डॉमिनिक ने जवाब देते हुए कहा, मै कई बार यह जुर्म रोकने की कोशिश की। लेकिन मुझे इसकी लत लग चुकी थी। मुझे इसकी जरूरत महसूस होती थी। मुझे पता है कि मुझे रुक जाना चाहिए था। मुझे ऐसा कुछ शुरू ही नहीं करना चाहिए था।

डॉमिनिक पर पत्नी के अलावा अपनी बेटी के साथ भी दुर्व्यवहार करने का आरोप है। उसके लैपटॉप से बेटी की आपत्तिजनक तस्वीरें बरामद हुई थीं। हालांकि, डॉमिनिक ने इन आरोपों को खारिज किया है। उसने कहा कि पत्नी के अलावा उसने परिवार के किसी भी व्यक्ति के साथ कुछ गलत नहीं किया।

2010 में इंटरनेट से मिला नशे की दवाई देने का तरीका डॉमिनिक ने बताया कि उसने पत्नी के शोषण की शुरुआत 2010 में की थी। तब इंटरनेट पर उसकी मुलाकात एक मेल नर्स से हुई थी जिसने उसे पत्नी को नशे की दवाई देने का सुझाव दिया था। इसके बाद डोमिनिक ने पोर्न वेबसाइट पर अनजान लोगों से संपर्क करना शुरू किया। वह अपनी पत्नी के शोषण के वीडियो भी बनाता था।

इससे पहले 2 सितंबर को डॉमिनिक के खिलाफ सुनवाई की शुरुआत हुई थी। फ्रांस 24 के मुताबिक, डॉमिनिक पर अपनी पत्नी को हर रात नशे की दवाएं देकर कई अनजान पुरुषों से उसका रेप करवाने का आरोप है। पुलिस ने रेप के 91 मामलों में शामिल 72 लोगों की पहचान कर ली है। इनमें से 51 को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों में फायरमैन, लॉरी ड्राइवर, नगर निगम पार्षद, बैंक कर्मी, जेल गार्ड, नर्स और पत्रकार शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक कईयों ने एक बार, तो कुछ ने 6 बार यह अपराध किया। 20 दिसंबर तक चलेगी सुनवाई रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी और महिला की शादी को 50 साल हो गए हैं। महिला की उम्र 72 साल है। दोनों के 3 बच्चे भी हैं। अब इस मामले की एविग्नन कोर्ट में सार्वजनिक सुनवाई शुरू हो गई है। यह 20 दिसंबर तक चलेगी। महिला ने कहा कि वह नहीं चाहती कि इस मामले की बंद दरवाजे के पीछे सुनवाई हो। अपराधी तो यही चाहते थे कि वह छुपी रहे। अभियोजकों ने कहा है कि डोमिनिक पेलिकॉट को सुपरमार्केट में एक महिला की स्कर्ट का वीडियो बनाने के कारण गिरफ्तार किया गया था। उसने कोको नामक एक वेबसाइट पर लोगों से अपनी पूर्व पत्नी के साथ सेक्स की पेशकश की थी। वह लोगों के अपनी पत्नी से रेप के दौरान का वीडियो भी बनाता था। अदालती दस्तावेज के अनुसार, जांचकर्ताओं को आरोपी के घर में कंप्यूटर से इन कृत्यों की 300 तस्वीरें और एक वीडियो मिला। उधर, दक्षिणी फ्रांस में यौन हिंसा के खिलाफ लड़ाई का प्रतीक बन चुकी पीड़िता गिसेले पेलीकोट मामले में अपनी पहचान उजागर करने के लिए राजी हो गई हैं और उन्होंने इस मुकदमे की सुनवाई खुली अदालत में करने को मंजूरी दे दी है।

छात्र ने ऑनलाइन क्लास में टीचर को शादी के लिए किया प्रपोज, वीडियो ने सोशल मीडिया पर मचाया तहलका

लंदन, एजेंसी।
सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक छात्र ने अपनी ऑनलाइन क्लास के दौरान टीचर को शादी के लिए प्रस्ताव दे दिया। यह वीडियो ऑनलाइन शिक्षा के दौरान हुए एक असामान्य और विवादित घटना को उजागर करता है। वीडियो इंस्टाग्राम पेज पर पोस्ट किया गया है और इसमें एक ऑनलाइन क्लास का दृश्य दिखाया गया है। क्लिप में टीचर स्टूडेंट से सवाल पूछने को कहती हैं। इसी दौरान, छात्र अचानक पूछता है, क्या आप शादीशुदा हैं? जब टीचर ने शांतिपूर्वक जवाब दिया, नहीं, छात्र ने कहा, फिर, मैं आपसे प्यार करता हूं, मैम। टीचर ने मुस्कुराते हुए उत्तर दिया, डियर, मैं आप सभी को प्यार करती हूं। लेकिन छात्र ने अपनी बात जारी रखते हुए पूछा, क्या आप मुझसे शादी करेंगी?

इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और इसे अब तक 1.4 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है। हालांकि यह वीडियो कहां का है इस बारे में कुछ पता नहीं चल रहा है लेकिन यूजर्स के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है और इसके कमेंट सेक्शन में विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रियाएं आई हैं। कुछ यूजर्स ने टीचर के पेशेवर तरीके की सराहना की है और कहा है कि उन्होंने छात्र के साथ बहुत सम्मानपूर्वक व्यवहार किया। अन्य यूजर्स ने छात्र के व्यवहार को गंभीरता से लिया है और इसे टीचर के प्रति अनुचित बताया है। एक

यूजर ने लिखा कि छात्र की उम्र कम है और यह नासमझी को दर्शाता है, जिसे वह जब बड़ा होगा तो समझेगा।

कुछ लोगों ने सलाह दी है कि टीचर को इस मामले में छात्र के माता-पिता को शामिल करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र भविष्य में इस तरह के व्यवहार से बच सके। इस घटना ने ऑनलाइन शिक्षा के दौरान शिक्षक-छात्र संबंधों की जटिलता को उजागर किया है। वीडियो ने यह सवाल उठाया है कि कैसे शिक्षक और छात्र के बीच के पेशेवर संबंधों को बनाए रखा जाए, खासकर जब छात्र का व्यवहार असामान्य हो।

विदेशों में नीरज चोपड़ा का क्रेज बढ़ा, यूरोपियन लड़कियों के साथ घटना ने जीता फैंस का दिल

वाशिंगटन/लंदन, एजेंसी।
पेरिस ओलंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा की फैन फॉलोइंग अब सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी तेजी से बढ़ रही है। इसका एक ताजा उदाहरण सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में देखने को मिला है, जिसमें एक यूरोपीय लड़की ने नीरज चोपड़ा से उनका मोबाइल नंबर मांग लिया। वीडियो में नीरज चोपड़ा, जो हाल ही में डायमंड लीग फाइनल में भाग ले चुके थे, अपने फैंस के साथ समय बिता रहे हैं। उन्होंने कई फैंस को ऑटोग्राफ दिए और फोटो खिंचवाई। इसी बीच, दो युवतियां नीरज के पास आती हैं और उनसे फोटो के लिए अनुरोध करती हैं। नीरज ने खुशी-खुशी उनकी तस्वीरें खींचवाई। जैसे ही वे जाने लगे, एक युवती ने नीरज से उनका मोबाइल नंबर मांग लिया।

यह वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया गया है और अब तक इसे 5 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। वीडियो ने लोगों

के बीच एक दिलचस्प चर्चा छेड़ दी है। टीचर नीरज चोपड़ा की विनम्रता और शालीनता की तारीफ कर रहे हैं। वीडियो के कैप्शन और टिप्पणियों के अनुसार, यह घटना ब्रुसेल्स, बेल्जियम में डायमंड लीग फाइनल के बाद की है। नीरज चोपड़ा डायमंड लीग में 1 सेंटीमीटर से एक और खिताब जीतने से चूक गए थे और इस प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे थे। नीरज चोपड़ा ने 14 सितंबर की रात डायमंड लीग फाइनल में अपने टूटे हुए हाथ के साथ प्रतिस्पर्धा की। उनकी इस साहसिकता और दृढ़ता को देखकर सोशल मीडिया पर उनकी सराहना की जा रही है। कई फैंस ने उनकी हिम्मत और खेल भावना की तारीफ की है और उनके जज्बे को सलाम किया है। नीरज ने खुद भी सोशल मीडिया पर अपने हाथ की चोट की बात साझा की थी, जिससे उनके प्रति प्रशंसा और बढ़ गई है।सोशल मीडिया यूजर्स ने इस वीडियो को लेकर विभिन्न प्रतिक्रियाएं दी हैं।कई यूजर्स ने नीरज चोपड़ा की विनम्रता और शालीनता की तारीफ की है। कुछ यूजर्स ने मजाकिया अंदाज में कमेंट्स किए हैं और वीडियो को दिलचस्प और मनोरंजक बताया है।

जानलेवा हमले से बाल-बाल बचे डोनाल्ड ट्रंप ने की कमला हैरिस की तारीफ

वाशिंगटन, एजेंसी। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने प्रतिद्वंद्वी और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की तारीफ की है। ट्रंप ने कहा कि उन पर हुए जानलेवा हमले के बाद कमला हैरिस ने उन्हें फोन किया था। हम दोनों के बीच बहुत अच्छी बातचीत हुई। बता दें कि इससे पहले ट्रंप ने खुद पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और कमला हैरिस की आलोचना की थी। ट्रंप समर्थक और टेक अरबपति एलन मस्क ने तो सोशल मीडिया पर बाइडेन और कमला हैरिस पर विवादित पोस्ट करते हुए कहा था कि उन दोनों पर हमले क्यों नहीं हो रहे हैं

बीते रविवार की दोपहर डोनाल्ड ट्रंप जब फ्लोरिडा में अपने ही एक गोल्फ क्लब में गोल्फ खेल रहे थे, तभी उनसे 400 गज दूर एक हमलावर एके-47 रायफल के साथ छिपा हुआ था। गनीमत से सुरक्षाकर्मी ने उसे देख लिया। हालांकि गोलीबारी के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। आरोपी को पकड़ लिया गया। मामले की जांच एफबीआई कर रही है। जांच एजेंसी का कहना है कि ट्रंप पर जानलेवा हमले का प्रयास था लेकिन, सुरक्षाकर्मियों की मुस्तैदी से विफल कर दिया गया। ट्रंप ने भी बाद में हमले के बाद कहा कि उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी थी और वे पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्होंने समर्थकों को अपने संदेश में कहा कि वे इस तरह की घटनाओं से सरेंडर नहीं करेंगे।

अफ्रीकी देश में माली में आर्मी ट्रेनिंग कैंप पर आतंकी हमला

बमाको , एजेंसी।
अफ्रीकी देश माली की राजधानी बामको में आतंकियों ने एक आर्मी ट्रेनिंग कैंप पर हमला कर दिया। एक बयान में माली सुरक्षा और नागरिक सुरक्षा मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। मंत्रलाय ने कहा है कि राजधानी बमाको में एक जेंडरमेरी कॉम्प्लेक्स पर हमला करने के आतंकवादियों के प्रयासों को विफल कर दिया गया है, स्थिति नियंत्रण में है। मंत्रालय ने कहा कि मंगलवार सुबह राजधानी बामको में आतंकियों ने फलाडी में जेंडरमेरी स्कूलों टारगेट किया गया था। हालांकि सुरक्षा बलों की कड़ी जवाबी कार्रवाई के चलते आतंकी अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। एक रिपोर्ट के मुताबिक, माली के रक्षा मंत्रालय बयान जारी कर जनता को सुरक्षा का आश्वासन दिया है। सरकारी बयान मे कहा गया, स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

वहीं मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, गोलीबारी बमाको शहर से लगभग 15 किमी दक्षिण में मोदिबो कीता

अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक जेंडरमेरी शिविर के आसपास हुई और स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 5 बजे शुरू हुई। इलाके में सड़कें अवरुद्ध की गईं। वर्ष 2012 से, माली स्वतंत्रता-समर्थक और जिहादी विद्रोह के साथ-साथ अंतर-सांप्रदायिक हिंसा के रूप में एक गहरे, बहुआयामी संकट का सामना कर रहा है, जिसमें हजारों लोग मारे गए हैं और सैकड़ों हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया, मंगलवार को, सशस्त्र चरमपंथियों ने माली की राजधानी बमाको में हवाई अड्डे के पास एक सैन्य प्रशिक्षण शिविर को निशाना बनाया, जिसके कारण हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद हो गया। विस्फोटों की सूचना मिली, और सरकार ने हवाई अड्डे को बंद करके जवाब दिया। एक सुरक्षा अधिकारी ने अनिर्दिष्ट हताहतों और क्षति का उल्लेख किया, जबकि फलादी जेंडर स्कूल में घुसपैठ करने का प्रयास करने वाले बंदूकधारियों के बाद एक स्वीप ऑपरेशन शुरू किया गया था। सेना ने पुष्टि की कि हमलावरों को बेअसर कर दिया गया था। सेना के प्रमुख ओमार दियारा ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर घोषणा की कि स्थिति नियंत्रण में है। हमला कई स्थानों पर हुआ, हालांकि विवरण प्रदान नहीं किए गए। अल-कायदा से जुड़े जेएनआईएम ने अपने मीडिया आर्म अज़ल्लाका के माध्यम से जिम्मेदारी का दावा करते हुए, महत्वपूर्ण नुकसान और विमान क्षति का दावा किया। एसोसिएटेड प्रेस के एक रिपोर्टर ने शिविर और हवाई अड्डे के बाहरी इलाके से दो विस्फोट और धुआं उठता देखा। एक सुरक्षा अधिकारी ने पुष्टि की कि हमलावर प्रशिक्षण शिविर में प्रवेश कर गए, जिससे जान-माल का नुकसान हुआ। घटना के दौरान कम से कम 15 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने रिपोर्टरों से बात करने के लिए अधिकार न होने के कारण गुमनाम रूप से बात की। हमले के बाद, माली के अधिकारियों ने हवाई अड्डे को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया।

गाजा ने इजरायली हमलों में मारे गये 34,344 लोगों की पहचान जारी की

रामल्लाह , एजेंसी।
गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इजरायली हमलों में मारे गए 34,344 फिलिस्तीनियों की पहचान जारी की है। मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि मंत्रालय ने नाम, आयु, लिंग और पहचान संख्या की एक सूची प्रकाशित की है, जिसमें अब तक युद्ध में मारे गए 80 प्रतिशत से अधिक फिलिस्तीनियों के नाम शामिल हैं। सूची में शामिल नामों के अलावा इजरायल के साथ संघर्ष में मारे गये शेष 7,613 लोगों को मिलाकर मृतकों की संख्या अब 41 हजार से अधिक हो गई है। उनके शव अस्पतालों और मुर्दाघरों में रखे गए हैं, लेकिन अब तक पहचान नहीं हुई है।

पहचाने गए लोगों में 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमास हमलों के बाद पैदा हुए 169 बच्चे भी शामिल हैं। उसी हमले के बाद इजरायल की जवाबी कार्रवाई शुरू हुई जिसे अब लगभग एक साल हो गये हैं। साथ ही 1922 में पैदा एक व्यक्ति भी इस संघर्ष में मारा गया जिसने एक सदी से अधिक के अपने जीवन में कई युद्ध देखे थे।

गाजा के अधिकारियों द्वारा जारी दस्तावेज 649 पन्नों का है। मृतकों की सूची मुख्यतः उम्र के हिसाब से दी गई है। गाजा की आबादी युवा है। सूची में फिलिस्तीनी मरने वाले बच्चों के नामों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है।

इजरायली अधिकारी गाजा में अधिकारियों द्वारा दी गई मौतों की संख्या पर सवाल उठाते रहे हैं। उनका तर्क है कि चूंकि हमास वहां की सरकार को नियंत्रित करता है, इसलिए गाजा के स्वास्थ्य अधिकारी आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर बता रहे हैं।

हालांकि, इस क्षेत्र के डॉक्टरों और सिविल सेवकों के पास पिछले युद्धों का विश्वसनीय रिकॉर्ड है। साल 2009 और 2021 के बीच कई संघर्षों के बाद, संयुक्त राष्ट्र के जांचकर्ताओं ने मृतकों की अपनी सूची तैयार की और पाया कि वे गाजा द्वारा दी गई सूचियों से काफी मिलते-जुलते हैं। इजरायल के साथ मौजूदा संघर्ष के दौरान फिलिस्तीनी अधिकारी नियमित रूप से पुष्टि किए गए मृतकों की सूची अपडेट करते रहे हैं। हालांकि वे आम नागरिकों और लड़ाकों की संख्या अलग-अलग जारी नहीं करते हैं। जिन 34,344 मृतकों की सूची दी गई है, उनमें 11,355 बच्चे; 60 साल या उससे अधिक आयु के 2,955 लोग; और 6,297 महिलाएं शामिल हैं।

पूजा खेडकर की बढ़ी मुश्किलें, हाईकोर्ट ने यूपीएससी के झूठी गवाही के दावे पर जारी किया नोटिस

यूपीएससी ने पूर्व ट्रेनी आईपीएस पूजा खेडकर के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया। यूपीएससी ने आरोप लगाया कि उन्होंने अनुकूल आदेश प्राप्त करने के लिए झूठे दस्तावेज प्रस्तुत करके झूठी गवाही दी है। दिल्ली हाई कोर्ट ने यूपीएससी के इस आरोप पर पूजा खेडकर का पक्ष जानना चाहा है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने खेडकर से आयोग के आवेदन पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। उनकी गिरफ्तारी-पूर्व जमानत याचिका पर कार्यवाही में दायर किया गया है। खेडकर ने कथित रूप से आरक्षण का लाभ पाने के लिए यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, 2022 के लिए अपने आवेदन में गलत सूचना दी। हाई कोर्ट इससे पहले मामले में उन्हें अग्रिम जमानत दे चुका है। यूपीएससी और दिल्ली पुलिस दोनों ने अग्रिम जमानत की उनकी याचिका को खारिज करने का अनुरोध किया है। दिल्ली पुलिस ने दावा किया है कि उन्हें किसी भी तरह की राहत देने से गहरी साजिश की जांच में बाधा उत्पन्न होगी और इस मामले का जनता के विश्वास के साथ-साथ सिविल सेवा परीक्षा की ईमानदारी पर भी व्यापक प्रभाव पड़ेगा।

गर्लफ्रेंड को इंप्रेस करने सलमान के पिता को लॉरेंस के नाम की दी धमकी

-पुलिस ने महिला समेत युवक को किया गिरफ्तार

मुंबई। मशहूर फिल्म अभिनेता और बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान के घर पर हमले में लॉरेंस बिश्नोई का नाम सामने आया था। इसके बाद सलमान के पिता सलीम खान को मॉर्निंग वॉक के समय धमकी दी गई थी। दरअसल लॉरेंस गैंग के नाम पर सलीम खान को ये धमकी बुधवार को मिली थी। अब इस मामले में नया खुलासा हुआ है। धमकी देते समय सलीम खान से कहा कि सही से रहो वरना लॉरेंस को भेजूं क्या? इस मामले में बांद्रा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज हुआ था। इसके बाद पुलिस ने एक शख्स के साथ उसकी गर्लफ्रेंड को भी गिरफ्तार किया है। मामले में खुलासा हुआ है कि आरोपी ने अपनी गर्लफ्रेंड को इंप्रेस करने के लिए सलमान खाने पिता सलीम खान को मॉर्निंग वॉक करते समय उनको कहा कि लॉरेंस बिश्नोई को भेजूं क्या। बता दें सलमान खान के काफिले के बीच एक बाइक सवार मंगलवार रात उनके काफी नजदीक पहुंच गया था। देर रात जब सलमान अपने घर बांद्रा जा रहे थे तभी एक बाइक सवार उनके काफिले का पीछा कर रहा था जिसके बाद सलमान के सुरक्षा गार्ड ने उसको पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने पूरी जांच पड़ताल की, तो पता चल की बाइक सवार को पता नहीं था कि वह सलमान खान का काफिला है। वह सिर्फ काफिला देखने साथ में चल रहा था। पुलिस ने बाइक सवार पर लापरवाही के साथ गाड़ी चलाने का मामला दर्ज कर लिया है। पूछताछ के बाद उसको छोड़ दिया गया है। बाइक सवार हैदराबाद का रहने वाला है। बता दें कि 14 अप्रैल को मुंबई के बांद्रा में गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान खान के घर के बाहर बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग की थी। पुलिस ने इस हमले के लिए लॉरेंस बिश्नोई गैंग को जिम्मेदार ठहराया और मामले से जुड़े छह लोगों को गिरफ्तार किया था। फिलहाल मामले की जांच चल रही है क्योंकि अधिकारी हमले के बारे में और जानकारी जुटा रहे हैं।

मछली के जाल में फंसा 28 किलो का कछुआ, वन विभाग को सौंपा

कोलकाता। मेदिनीपुर शहर के नजरगंज क्षेत्र में कंसाई नदी मछली पकड़ने वाले जाल में 28 किलो का कछुआ फंस गया। पर्यावरण प्रेमियों की मदद से उसका प्राथमिक उपचार किया गया और वन विभाग को सौंप दिया गया। मछुआरे मोहम्मद नजीरुद्दीन ने मछली पकड़ने के दौरान जब अपना जाल नदी से बाहर निकाला, तो उसे महसूस हुआ कि कोई बड़ी मछली फंस गई है। जब उन्होंने जाल को किनारे पर खींचा, तो उन्हें एक विशाल कछुआ दिखाई दिया। इसका वजन करीब 28 किलोग्राम था। वन विभाग ने कछुए का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। कछुए की प्रजाति के बारे में बताया गया कि यह गहरे पानी में रहने वाले कछुओं में से एक है, जिनकी औसत आयु 100 से 150 वर्ष तक हो सकती है। वन विभाग ने देबराज चक्रवर्ती, मोहम्मद नजीरुद्दीन और सभी सहयोगियों को उनके इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए धन्यवाद दिया है। यह खबर तेजी से पूरे इलाके में फैल गई और कछुए को देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ जुटने लगी। इस बीच, मेदिनीपुर के निवासी और वन्यजीव प्रेमी देबराज चक्रवर्ती, जिन्हें 'सर्पबंधु' के नाम से भी जाना जाता है, को घटना की सूचना मिली। देबराज तुरंत मौके पर पहुंचे और कछुए को सुरक्षित निकालकर बचाव कार्य किया। बाद में, देबराज और उनके दोस्तों ने इस कछुए को रूपनारायण प्रभाग के वनकर्मियों के हवाले कर दिया।

मुंबई एयरपोर्ट पर एक करोड़ का सोना जब्त, हवाईअड्डे के पांच कर्मचारी गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई एयरपोर्ट पर काम करने वाले कस्टम विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट के अधिकारियों ने सोने की तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए हवाईअड्डे पर कार्यरत पांच कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ महीनों में यह पांचवां मामला है जब हवाई अड्डे के कर्मचारियों को सोने की तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त खबर के अनुसार कस्टम विभाग के अधिकारियों को विशेष सूचना मिली थी कि एयरपोर्ट के कुछ कर्मचारी सोने की तस्करी कर रहे हैं। इसके मुताबिक उन्होंने कुछ कर्मचारियों को निगरानी में रखा था। जब सलीम अनवर नाम का कर्मचारी शौचालय से बाहर आया तो अधिकारियों ने उससे पूछताछ की और तलाशी ली। वह अपनी कमर के चारों ओर एक मोजे में सोने का पाउडर छिपाते हुए पाया गया था। उसने कबूल किया कि एक यात्री ने उसे पाउडर दिया था। हालाँकि, उसने अधिकारियों को यह भी बताया कि उसने इसे अपने पर्यवेक्षक के निर्देश पर लिया था। जब अधिकारियों ने उसके सुपरवाइजर से पूछताछ की तो उसने तस्करी की बात कबूल कर ली। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके साथ तीन और लोग काम कर रहे हैं। इनमें एक महिला भी शामिल थी। अधिकारियों ने उसके पास से डेढ़ किलो सोना जब्त किया है। इस सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ रुपये है। अधिकारियों को जानकारी मिली है कि कर्मचारी विदेश से आने वाले यात्रियों से सोना एयरपोर्ट के बाहर पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

जीटीबी अस्पताल शूटआउट में शामिल 2 गैंगस्टर धरदबोचे

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में स्थित खतौली में गुरुवार सुबह दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और यूपी पुलिस ने हाशिम बाबा गैंग के खिलाफ ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया। सूचना के आधार पर दो गैंगस्टर्स को घेरा गया, फिर दोनों तरफ से हुई फायरिंग के बाद एनकाउंटर में दोनों शूटर्स को धर दबोचा गया। पुलिस का कहना है कि इस घटना में दोनों शूटर्स को गोली लगी है। हालांकि वो खतरे से बाहर हैं। दावा किया गया कि हाशिम बाबा दिल्ली की तिहाड़ जेल में रहते हुए यह गैंग चला रहा है। उसके पास मोबाइल फोन तक उपलब्ध है। ये गैंग जीटीवी अस्पताल मर्डर केस में शामिल है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक गुरुवार सुबह दिल्ली हरिद्वार हाईवे पर खतौली बाइपास पर यह एनकाउंटर हुआ। पुलिस ने जब इन अपराधियों को पकड़ने की कोशिश की तो बदमाशों ने गोली चला दी। ऐसे में जवाबी फायरिंग में दोनों गैंगस्टर घायल हो गए। इस मुठभेड़ के दौरान दोनों तरफ से कुल 8 राउंड गोलियां चली। एक गैंगस्टर की पहचान अनस के रूप में हुई है। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि आशिम बाबा भले ही तिहाड़ जेल में बंद हो लेकिन उसके पास वहां मोबाइल तक उपलब्ध है।

देशभर में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू, यूपी ने यागी तूफान का असर

-दिल्ली में लोगों को मिली राहत, उत्तराखंड में हो सकती है झमाझम

नई दिल्ली। (एजेंसी)। देशभर में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो गया है। दिल्ली-एनसीआर से यूपी-बिहार तक में बीते दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है जिससे मौसम ठंडा हो गया है। वहीं लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी दिल्ली-यूपी ही नहीं पहाड़ों पर भी बारिश का दौर जारी रहेगा। आईएमडी के मुताबिक आज दिल्ली, यूपी, बिहार, हरियाणा, पंजाब में फिर झमाझम होने वाली है।

दिल्ली में विगत दिवस से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार को भी दिल्ली में सुबह से ही बादल छाए रहे। जो कुछ इलाकों में बरस भी सकते हैं। बारिश होने से दिल्ली का मौसम सुहावना हो गया है। वहीं तापमान में ही गिरावट आ सकती है। दिल्ली का अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहने की संभावना है। दिल्ली में एक दो दिन ही हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। इस बार दिल्ली में कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं।

यूपी में यागी चक्रवात तूफान का प्रकोप देखने को मिल, जिसकी वजह कई इलाकों में जोरदान बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने यूपी के 43 जिलों में बारिश के साथ ही वज्रपात की भी संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक गुरुवार अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, गाजीपुर, आजमगढ़, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी में भारी बारिश हो सकती है। वहीं बिहार में भी मौसम का मिजाज बदल रहा है। वहां अगले 24 घंटे में सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, बक्सर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, भोजपुर हल्की बारिश हो सकती है।

मैदानी व पहाड़ी इलाकों में भी बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। मौसम विभाग ने उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, टिहरी और चमोली में पहले ही येलो अलर्ट जारी कर दिया है। गुरुवार को उत्तराखंड में झमाझम बारिश हो सकती है। वहीं मसूरी में भी बुधवार से रुक-रुककर हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

वहीं राजस्थान में बारिश का दौर जारी है। जयपुर मौसम केंद्र ने बताया है कि आज पूर्वी राजस्थान में बारिश होने की संभावना है। जिसकी वजह मध्यप्रदेश के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र है। गुरुवार को राजस्थान के कई हिस्सों में बादल गरजने के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। जयपुर, भरतपुर, अजमेर और कोटा के कुछ हिस्सों में भी हल्की बारिश के आसार हैं।

केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू की बढ़ी मुश्किलें, राहुल के खिलाफ बयान देने पर बेंगलुरु में एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ बयान देने पर कांग्रेस नेताओं की शिकायत पर बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। यह मामला कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक पदाधिकारी की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यहां हाई ग्राउंड्स पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। भारत में सिखों की स्थिति के बारे में बयानों को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता पर हमला करते हुए रेल राज्य मंत्री ने रविवार को कहा कि अगर 'बम बनाने वाले' उनका समर्थन कर रहे हैं, तो वह 'नंबर एक आतंकवादी' हैं। कांग्रेस ने बयान की निंदा करते हुए कहा था कि बिट्टू 'बेवकूफ आदमी की तरह' बात कर रहे हैं। कांग्रेस लगातार रवनीत सिंह बिट्टू से माफी की मांग कर रही है। रवनीत सिंह बिट्टू इससे इनकार कर रहे हैं। वह कांग्रेस को चुनौती भी दे रहे हैं। एक बयान में रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि यह कांग्रेस अध्यक्ष हैं जिन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह गांधी की टिप्पणियों से सहमत हैं। रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि मुझे क्यों माफी मांगनी चाहिए? हमने पंजाब में अपनी पीढ़ियाँ खो दी हैं। गांधी परिवार ने पंजाब को जला दिया। उनकी (गांधी परिवार की) गलतियों के कारण पंजाब में जो आतंकवाद पैदा हुआ, उसे ठीक करने में 35,000 लोगों की जान चली गई, यहां तक कि मुख्यमंत्री को भी अपनी जान देनी पड़ी।

आर्टिकल 370 पर पाकिस्तान को उमर अब्दुल्ला की दो टूक, हमसे क्या वेना-देना, पहले अपना मुल्क संभालों

श्रीनगर (एजेंसी)। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कथित तौर पर अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस-एनसी गठबंधन के रुख का समर्थन किया। उनका बयान ऐसे समय में आया है जब जम्मू-कश्मीर में 10 साल के बाद विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री को लेकर भाजपा कांग्रेस-एनसी गठबंधन पर हमलावर हो गई है। वहीं, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और उम्मीदवार उमर अब्दुल्ला का भी बयान सामने आया है। उमर अब्दुल्ला ने पाकिस्तान को नसीहत दी है। अब्दुल्ला ने साफ तौर पर कहा कि पाकिस्तान को पहले अपने भीतर देखने की जरूरत है।

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान का हमसे क्या लेना-देना? हम पाकिस्तान का हिस्सा भी नहीं हैं, उन्हें अपने देश का ख्याल रखने दीजिए। उन्होंने आगे कहा कि मुझे नहीं लगता कि उन्हें हमारे चुनावों में हस्तक्षेप करना चाहिए या हमारे चुनावों पर टिप्पणी करनी चाहिए। उन्हें अपना लोकतंत्र बचाना चाहिए, हम अपने लोकतंत्र में भाग ले रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों में बीजेपी के पास दिखाने के लिए कुछ नहीं है। मुझे नहीं पता कि पीएम मोदी ने आज श्रीनगर में क्या कहा, लेकिन मैं गारंटी के साथ कह सकता हूं कि उन्होंने तीन परिवारों पर बात की होगी, लेकिन यह नहीं कि पिछले 5-6 साल जम्मू-कश्मीर में कैसे बर्बाद हुए हैं।

उन्होंने कहा कि आखिरी बार पीएम मोदी ने संसद में किसी सवाल का जवाब कब दिया था? हम जीतने के बाद हर सवाल का जवाब देने वाले लोग हैं, हम कहीं छिपते नहीं हैं। जम्मू कश्मीर में चुनाव के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने अनुच्छेद 370 और 35 ए को लेकर कांग्रेस व नेशन कॉन्फ्रेंस का समर्थन किया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान के बाद जेकेएनसी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। फारुक अब्दुल्ला ने कहा मुझे नहीं पता कि पाकिस्तान क्या कहता है। मैं पाकिस्तानी नहीं हूं, मैं एक भारतीय नागरिक हूं। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों पर 8 अक्टूबर तक प्रतीक्षा करें, सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।

जियो न्यूज से बात करते हुए ख्वाजा आसिफ से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान और कांग्रेस-एनसी जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35 ए की बहाली के बारे में एक ही दृष्टिकोण साझा करते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली मोदी सरकार ने इसे निरस्त कर दिया था। उन्होंने जवाब दिया कि बिल्कुल। हम भी यही मांग करते हैं। आसिफ ने कहा कि अगर कांग्रेस-एनसी गठबंधन जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता में आता है तो अनुच्छेद 370 वापस आ सकता है।

ट्रेन पलटाने की साजिश हुई नाकाम, पटरी पर मिला लोहे का खंभा, रुद्रपुर रेलवे स्टेशन के पास घटना

देहरादून (एजेंसी)। एक बार फिर से ट्रेन पलटाने की साजिश नाकाम होती दिख रही है। दरअसल, उत्तराखंड में बिलासपुर रोड और रुद्रपुर शहर के बीच गुजरात मेल को पटरी से उतारने की कोशिश के बाद भारतीय रेलवे ने एक संभावित बड़ी दुर्घटना को टाल दिया। अधिकारियों के मुताबिक, ट्रेन नंबर 12091 के लोको पायलट ने बुधवार को बिलासपुर रोड और रुद्रपुर सिटी के बीच किमी 43/10-11 पर ट्रैक पर 6 मीटर लंबा लोहे का खंभा मिलने की सूचना रुद्रपुर सिटी के स्टेशन मास्टर को दी। ड्राइवर रुकावट से पहले ही ट्रेन रोकने में कामयाब रहा।

बताया जा रहा है कि लोको पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाई जिससे ट्रेन को समय पर रोक लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद उन्होंने ट्रैक को साफ किया और ट्रेन को सुरक्षित रूप से रवाना किया। यह देश भर में इसी तरह की कई घटनाएं सामने आने के बाद आया है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि रेलवे ट्रैक पर बोल्डर और सड़क और रॉड रखने के कारण ट्रेनों के पटरी से उतरने की घटनाओं की रेलवे जांच कर रहा है।

दावा किया जा रहा है कि लोहे का पोल रेलवे का पुराना इस्तेमाल किया हुआ था। इसी पोल को अराजक तत्वों द्वारा जानबूझकर ट्रेन को बेपटरी करने के इरादे से बीच ट्रैक पर रखा गया था। हालांकि, इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में एक यात्री ट्रेन रेलवे ट्रैक के किनारे रखे एलपीजी सिलेंडर से टकरा गई। घटना में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। पुलिस के मुताबिक, घटना उस वक्त हुई जब प्रयागराज से हरियाणा के भिवानी जा रही कालिंदी एक्सप्रेस कानपुर के शिवराजपुर इलाके से गुजर रही थी।

केंद्र सरकार की गैरजिम्मेदाराना गतिविधियों के कारण बंगाल में आ रही बाढ़, ममता का नया आरोप

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि मुझे नहीं पता कि केंद्र सरकार डीवीसी (दामोदर घाटी निगम) के साथ इस मुद्दे को क्यों नहीं उठा रही है। उन्होंने बंगाल में सारा पानी छोड़ दिया है। केंद्र सरकार की गैरजिम्मेदाराना गतिविधियों के कारण बंगाल में बाढ़ क्यों आएगी? मुझे खेद है लेकिन यह बंगाल का पानी नहीं है। यह झारखंड का पंचेत का पानी है जो केंद्र सरकार के संगठन डीवीसी से आ रहा है। इससे पहले बीते दिनों ममता ने कहा था कि 2009 के बाद से इस मात्रा में अब तक कभी पानी नहीं छोड़ा गया। मैंने उनसे अनुरोध किया था कि अधिक मात्रा में पानी न छोड़ा जाए इसके बावजूद 3.5 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। हम डीवीसी के इस रवैये से नाराज़ हैं। यह मानव निर्मित बाढ़ की स्थिति बनाई गई। घाटाल को लेकर केंद्र सरकार के पास मास्टर प्लान की अर्जी दी गई लेकिन उन्होंने भी कुछ नहीं किया। राज्य सरकार की ओर से डीपीआर की व्यवस्था की जा रही है। यह डेढ़ हजार करोड़ का प्लान है। पश्चिम बंगाल और झारखंड में भारी बारिश के बाद बांधों से पानी छोड़े जाने के बाद पश्चिम बंगाल के हावड़ा, हुगली, बीरभूम, पश्चिम मिदनापुर, पूर्वी मिदनापुर, झारग्राम, बांकुरा, पुरुलिया, पश्चिम बर्दवान और पूर्वी बर्दवान जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है।

तमिलनाडु में बीजेपी 2026 के चुनावों को लेकर बड़े सुधार की बना रही योजना

चेन्नई। (एजेंसी)। बीजेपी की तमिलनाडु इकाई आगामी 2026 के विधानसभा चुनावों की तैयारी के तहत संगठनात्मक ढांचे में बड़े सुधार की योजना तैयार कर रही है। पार्टी ने राज्य में अपनी उपस्थिति और प्रभाव को बढ़ाने जिला समितियों की संख्या को मौजूदा 66 से बढ़ाकर 78 करने का फैसला लिया है।

इस फैसले के पीछे का उद्देश्य बढ़ती हुई जिला इकाइयों के जरिए पार्टी को ज्यादा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मिलेंगे, जिससे तमिलनाडु में बीजेपी मजबूत होगी।

बीजेपी ने पहले ही बूथ स्तर पर 200 नए सदस्यों को शामिल करने की योजना बनाई है, ताकि पूरे राज्य में पार्टी का विस्तार किया जा सके। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि इससे तमिलनाडु की राजनीति में बीजेपी एक शक्तिशाली खिलाड़ी के रूप में उभरेगी। 2 सितंबर से शुरू हुए सदस्यता अभियान की धीमी प्रगति को लेकर चिंताएं जताई जा रही हैं। एक वरिष्ठ बीजेपी नेता का कहना है कि एआईएडीएमके से गठबंधन खत्म करने के बाद पार्टी की विचारधारा में बदलाव के कारण स्थानीय और मध्य-स्तर के कार्यकर्ता भ्रमित हैं। यह भी एक कारण है कि सदस्यता अभियान में अपेक्षित गति नहीं आ रही है। बीजेपी तमिलनाडु में प्रभाव बढ़ाने के लिए कुछ प्रभावशाली लोगों को पार्टी में शामिल करने की योजना भी बना रही है। सूत्रों के मुताबिक कुछ फिल्म स्टार, पूर्व क्रिकेटर, उद्योगपति और अन्य प्रमुख व्यक्तियों को बीजेपी में शामिल होने के लिए प्रस्ताव भेजे गए हैं। पार्टी को द्रविड़ मॉडल को तोड़ने और राज्य की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाने की बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इन कदमों के जरिए से बीजेपी राज्य में अपनी स्थिति को मजबूत करने की उम्मीद कर रही है।

बीजेपी केवल हिंदुओं का इस्तेमाल करती है, आदित्य ठाकरे ने बांग्लादेश टीम के भारत दौरे को लेकर मोदी सरकार पर साधा निशाना

मुंबई (एजेंसी)। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के भारत दौरे को लेकर शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने मोर्चा खोल दिया है। आदित्य ठाकरे ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की खबरों के बावजूद बांग्लादेश क्रिकेट टीम के भारत दौरे से पहले सरकार पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में आदित्य ने कहा कि हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों को हिंसा का सामना करना पड़ा। फिर केंद्र सरकार बीसीसीआई पर इतनी नरमी क्यों बरत रही है और दौरे की अनुमति क्यों दे रही है? यदि नहीं, तो क्या विदेश मंत्रालय बांग्लादेश में हिंसा के बारे में लगातार सोशल मीडिया और समाचार आउटलेट में आई घटनाओं से सहमत है? भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल को ट्रोल बताते हुए ठाकरे ने कहा कि यहां उनके ट्रोल दूसरे देश बांग्लादेश में हिंसा के बहाने भारतीयों के बीच नफरत पैदा कर रहे हैं, जबकि बीसीसीआई उसी बांग्लादेशी टीम की क्रिकेट के लिए मेजबानी कर रहा है। मुझे आश्चर्य है कि जिन लोगों ने इस हिंसा के खिलाफ सक्रिय रूप से अभियान चलाया है, वे बीसीसीआई से बात क्यों नहीं करते और सवाल क्यों नहीं पूछते? या क्या यह केवल भारत में नफरत पैदा करने और चुनाव प्रचार के लिए है?

भाजपा प्रवक्ता ने इस मुद्दे पर कहा कि नैतिक रूप से, ऐसा करना उचित नहीं लगता। लेकिन बांग्लादेश के साथ कूटनीतिक संबंधों और आगामी आईसीसी अध्यक्ष पद को देखते हुए, हमें खेल को जारी रखने की अनुमति देनी होगी। भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट मैच 19 सितंबर से शुरू होने वाला है।

'बीजेपी रही तो चुनाव धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा', 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर बोले तेजस्वी यादव

पटना। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकार के 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हालांकि, कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं। इन सब के बीच वन नेशन वन इलेक्शन पर राजद नेता तेजस्वी यादव का भी बयान सामने आया है। तेजस्वी ने मीडिया से कहा कि मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि बिल आने पर हम संसद में अपना रुख तय करेंगे।' उन्होंने कहा कि हम चुनाव के दौरान हमेशा कहते रहे हैं कि असंवैधानिक काम किया जा रहा है और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। राजद नेता ने आगे कहा कि आज वे एक राष्ट्र एक चुनाव ला रहे हैं, कल वे एक राष्ट्र एक पार्टी और फिर एक राष्ट्र एक नेता कहेंगे। उन्होंने कहा कि हम कहते रहे हैं कि बीजेपी आएगी तो चुनाव धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा। झारखंड, दिल्ली और महाराष्ट्र के चुनाव अभी क्यों नहीं कराए गए? जाहिर है कि बीजेपी आएगी तो लोगों का वोट देने का अधिकार छिन जाएगा। इससे पहले राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि मेरी पार्टी हमेशा कहती है कि इस देश में एक देश एक चुनाव था, 1962 के बाद यह व्यवस्था टूट गई क्योंकि एक दल का प्रभुत्व समाप्त हो गया और कई क्षेत्रीय दलों ने राज्यों में सरकार बना ली।

तोप और मिसाइल की जरुरत नहीं... बस एआई कर देगा काम तमाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। न कोई सैनिक, न ही कोई मिसाइल और न ही किसी बाहरी चीज से हमला... हाल में कुछ ऐसा ही हुआ है लेबनान में हिजबुल्लाह के लड़ाकों के साथ की दुनिया के होश उड़ गए है। लेबनान में पेजर में हुए धमाकों के एक दिन बाद देश के कई हिस्सों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में विस्फोट की घटनाएं हुईं जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई और करीब 450 अन्य घायल हो गए। कभी पेजर, कभी वॉकी-टॉकी में विस्फोट ने लोगों को दंगा कर दिया। ये इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स किसी और के नहीं थे जिसके थे उसी पर हमला। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में इजरायल ने एक पुरानी तकनीक से ही हिजबुल्लाह को हैरान और परेशान कर दिया। एआई के इस दौर में इजरायल की खुफिया नजरों से बचने के लिए हिजबुल्लाह के सदस्य पेजर का इस्तेमाल कर रहे थे। विस्फोट के इस तरीके और हमले की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। ये हमले उस ओर भी इशारा करते हैं कि एआई वॉर का नजारा कैसा हो सकता है जब इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं।

लेबनान में हुए हमलों का आरोप इजरायल पर है। ये अटैक उस ओर इशारा करते हैं कि एआई के दौर में यह और कितना खतरनाक होगा। डर इतना हैं कि इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को छूने से भी लेबनान में लोग डर रहे हैं। इनदिनों एआई का दखल हर फील्ड में बढ़ता जा रहा है। जरूरी नहीं कि किसी देश पर हमला करने के लिए आप मिसाइल या तोप का इस्तेमाल करे। मानव इतिहास में युद्ध का एक अंधकारमय अध्याय रहा है। सदियों से मनुष्य ने अधिक शक्तिशाली हथियार बनाने में अपना समय लगाया है। तलवार और धनुष से लेकर तोप और मिसाइल तक, युद्ध के तरीके लगातार विकसित होते रहे हैं। लेकिन अब, एक नई तकनीक ने युद्ध के परिदृश्य को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है, वहां तकनीकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मशीनों को इंसानों की तरह सोचने और सीखने की क्षमता प्रदान करती है। एआई का उपयोग अब युद्ध में कई तरह से हो रहा है, जैसे कि ड्रोन, साइबर युद्ध, लॉजिस्टिक्स और युद्ध सिमुलेशन। ये हथियार बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के अपने टारगेट को पहचान उन पर हमला कर सकते हैं। एआई से लैस ड्रोन अब युद्ध के मैदान में निगरानी, हमला और तलाशी जैसे कई काम कर सकते हैं।

लेकिन हम आपकों बता रहे हैं कि एआई युद्ध के कुछ फायदे भी हैं और कुछ नुकसान भी है। एआई से लैस हथियार अधिक सटीक माने जा रहे हैं। आम नागरिकों के हताहत होने की संभावना कम होती है। एआई से लैस सिस्टम बहुत तेजी से फैसले ले सकते हैं। लेकिन, इनके गलत हाथों में जाने का खतरा हमेशा बना रहता है। एआई युद्ध के नैतिक पहलुओं के बारे में कई सवाल उठते हैं, जैसे कि एक मशीन को किसी इंसान को मारने का फैसला लेने देना कितना उचित है।

भविष्य में क्या होगा

एआई युद्ध के भविष्य को पूरी तरह से बदल सकता है। एआई से लैस रोबोट और ड्रोन युद्ध के मैदान में आम हो सकते हैं। साइबर युद्ध एक प्रमुख युद्ध का मैदान बन सकता है। एआई युद्ध को अधिक मुश्किल और अप्रत्याशित बना सकता है। एआई से युद्ध के तरीके भी बदले हैं। एआई से संचालित ड्रोन और रोबोट अब आम होते जा रहे हैं।

आर्म्ड फोर्स में एआई का इस्तेमाल

दुनिया के कई देश अपनी सेना को एआई के इस दौर में आने वाले समय के लिए तैयार कर रहे हैं।

उनकी ओर से भारी निवेश हो रहा है। भारतीय सेना भी दिशा में आगे बढ़ रही है। भारतीय सेना एआई तकनीकों के विकास पर जोर दे रही है। डीआरडीओ जैसे संगठन एआई आधारित हथियारों और सिस्टम को तैयार कर रही हैं। भारतीय सेना साइबर सुरक्षा को बहुत महत्व दे रही है। साइबर हमलों से निपटने की तैयारी की जा रही है।